Q.70	उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) **(59, 71, 55)** **(85, 97, 81)**
Ans	✘ A. (117, 129, 114)
	✘ B. (78, 90, 76)
	✔ C. (99, 111, 95)
	✘ D. (121, 133, 116)

Q.71	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं। (बाएं) 8 7 1 7 8 2 9 6 7 4 7 8 8 9 3 3 2 8 7 9 8 (दाएं) ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?
Ans	✘ A. 4
	✘ B. 2
	✘ C. 1
	✔ D. 3

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.72	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, NJOM का संबंध एक निश्चित तरीके से TPUS से है। उसी प्रकार, PLQO का संबंध VRWU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RNSQ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✗ A. TXYW
	✗ B. TXWY
	✓ C. XTYW
	✗ D. XTWY

Q.73	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** कुछ अनार, आड़ू हैं। कुछ आड़ू, नींबू हैं। सभी नींबू, अंजीर हैं। **निष्कर्ष:** (I) कुछ आड़ू, अंजीर हैं। (II) कुछ अनार, अंजीर हैं।
Ans	✓ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.74	यदि 'E' का अर्थ '+' है, 'F' का अर्थ '-' है, 'G' का अर्थ '×' है और 'H' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा? 45 G 3 E 28 H 7 F 8 = ?
Ans	✗ A. 135
	✓ B. 131
	✗ C. 129
	✗ D. 133

Q.75	D, E, F, G, L, M और N एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और G के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, D के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। N, M के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✓ A. L
	✗ B. M
	✗ C. G
	✗ D. D

Q.76	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है। (बाएं) 6 6 8 6 7 4 5 9 9 1 7 6 8 1 4 5 4 7 1 4 1 1 4 3 5 4 3 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है?
Ans	✗ A. 2
	✗ B. 0
	✓ C. 1
	✗ D. 3

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.77	P, Q, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U, R के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, S के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P, Q के ठीक बाईं ओर पड़ोस में है। T के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
Ans	✗ A. S
	✗ B. Q
	✓ C. U
	✗ D. R

Q.78	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. JL – FE
	✓ B. EG – AB
	✗ C. RT – NM
	✗ D. DF – ZY

Q.79	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? BTM 25 DVO 27 FXQ 29 HZS 31 ?
Ans	✗ A. LBU 33
	✗ B. KCV 33
	✗ C. KDV 33
	✓ D. JBU 33

Q.80	एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOVE' को '2436' और 'VALE' को '3245' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या है?
Ans	✗ A. 4
	✗ B. 3
	✓ C. 5
	✗ D. 2

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	2025 में चर्चा में रहने वाली अंतर-सरकारी संस्था RIMES का पूर्ण रूप क्या है?
Ans	✗ A. Risk Information and Monitoring of Emergency Situations (रिस्क इन्फोर्मेशन एंड मॉनिटरिंग ऑफ इमर्जेंसी सिचुएशन)
	✗ B. Regional Institute for Meteorological and Environmental Studies (रिजनल इंस्टिट्यूट फॉर मेट्रोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल स्टडिज)
	✗ C. Research Initiative for Mitigating Environmental Shocks (रिसर्च इनिशिएटिव फॉर मिटिगेटिंग एनवायर्नमेंटल शॉक्स)
	✓ D. Regional Integrated Multi-Hazard Early Warning System (रिजनल इंटिग्रेटेड मल्टि-हजर्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम)

Q.82	जनवरी 2025 में प्रकाशित पुस्तक 'टु द सेवेंथ जेनरेशन: द जर्नी ऑफ क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज वेल्लोर (To the Seventh Generation: The Journey of Christian Medical College Vellore)' किसने लिखी?
Ans	✗ A. प्रो. रोमिला थापर (Prof. Romila Thapar)
	✗ B. डॉ. देवी शेट्टी (Dr. Devi Shetty)
	✓ C. डॉ. वी. आई. माथन (Dr. V I Mathan)
	✗ D. डॉ. अतुल गवांडे (Dr. Atul Gawande)

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.83	जुलाई 2025 में, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकाय अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कहाँ किया गया था?
Ans	✗ A. चंडीगढ़
	✓ B. गुरुग्राम
	✗ C. अहमदाबाद
	✗ D. नोएडा

Q.84	16 जुलाई 2025 को, भारत ने भारतीय सेना के लिए _____ नामक आकाश हथियार प्रणाली के उन्नत संस्करण का उपयोग करके लद्दाख में उच्च उन्नतांश पर दो हवाई उच्च गति वाले मानव रहित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।
Ans	✓ A. आकाश प्राइम (Akash Prime)
	✗ B. आकाश एडवांस्ड (Akash Advanced)
	✗ C. ब्रह्मोस (BrahMos)
	✗ D. पिनाका (Pinaka)

Q.85	1 मई 2025 से, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हितधारकों को निम्नलिखित में से किस पोर्टल का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया?
Ans	✓ A. PRAVAAH पोर्टल
	✗ B. SAKSHAM पोर्टल
	✗ C. VITARAN पोर्टल
	✗ D. SEVA पोर्टल

Q.86	निम्नलिखित में से किस बीमा कंपनी ने 22 सितंबर 2025 से सभी बीमा उत्पादों (insurance products) पर संशोधित GST ढांचे को अपनाने की घोषणा की?
Ans	✓ A. एचडीएफसी (HDFC) लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	✗ B. कोटक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	✗ C. आईसीआईसीआई (ICICI) प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	✗ D. सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

Q.87	फरवरी 2025 में जारी, वर्ष 2024 के लिए भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (CPI) में भारत का समग्र स्कोर कितना था?
Ans	✓ A. 38
	✗ B. 41
	✗ C. 36
	✗ D. 43

Q.88	जून 2025 में, 51वां G7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया गया था?
Ans	✗ A. भारत
	✗ B. जर्मनी
	✗ C. अबु धाबी
	✓ D. कनाडा

Q.89	जून 2025 में प्रकाशित संधारणीय विकास लक्ष्य – नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2025 (Sustainable Development Goals – National Indicator Framework Progress Report, 2025) के अनुसार, भारत की संस्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2014–15 में 64.04 वाट प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2024–25 में 156.31 वाट प्रति व्यक्ति हो गई है। यह वृद्धि मुख्यतः किस संधारणीय विकास लक्ष्य (SDG) का समर्थन करती है?
Ans	✗ A. SDG 12
	✗ B. SDG 9
	✗ C. SDG 13
	✓ D. SDG 7

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.90	जून 2025 में, भारत में पहली बार इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) असेंबली कहाँ आयोजित की गई थी?
Ans	✗ A. पुणे
	✗ B. पणजी
	✓ C. नई दिल्ली
	✗ D. भोपाल

Q.91	जून 2025 में किस SFI सदस्य को पहली बार सरपंच के रूप में चुना गया, जो एक विद्यार्थी कार्यकर्ता है?
Ans	✗ A. मोनिका गुसाईं (Monika Gusain)
	✗ B. आशीष रबारी (Ashish Rabari)
	✓ C. सत्येशा लेउवा (Satyesha Leuva)
	✗ D. आयुष खटकर (Aayush Khatkar)

Q.92	वीमेंस फुटबॉल अवॉर्ड्स (Women's Football Awards), 2025 में किसे 'गेम चेंजर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
Ans	✗ A. विवियन अस्सेई (Viviane Asseyi)
	✗ B. कीरा वॉल्श (Keira Walsh)
	✓ C. अनीता असांते (Anita Asante)
	✗ D. बेथानी इंग्लैंड (Bethany England)

Q.93	ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में मैडिसन कीज़ (Madison Keys) ने निम्नलिखित में से किसे हराया?
Ans	✗ A. एलेना रयबाकिना (Elena Rybakina)
	✓ B. आर्यना सबालेंका (Aryna Sabalenka)
	✗ C. नाओमी ओसाका (Naomi Osaka)
	✗ D. ओन्स जाबेउर (Ons Jabeur)

Q.94	निम्नलिखित में से किस कोच को 2025 में पैरा-शूटिंग के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
Ans	✗ A. एस. मुरलीधरन
	✗ B. संदीप सांगवान
	✓ C. सुभाष राणा
	✗ D. दीपाली देशपांडे

Q.95	2025 में किस क्रिकेट खिलाड़ी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया?
Ans	✓ A. रविचंद्रन अश्विन
	✗ B. विराट कोहली
	✗ C. जसप्रित बुमरा
	✗ D. रोहित शर्मा

Q.96	जून 2025 की भारत बाल संरक्षण रिपोर्ट के अनुसार, बचाए गए 44,902 बच्चों में से कितने प्रतिशत बच्चे बाल श्रम की सर्वाधिक खराब दशा में पाए गए?
Ans	✗ A. 50%
	✗ B. 75%
	✗ C. 60%
	✓ D. 90%

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.97	मई 2025 में, किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 3.21 करोड़ रुपये के परिव्यय से पांच क्लाउड-सीडिंग परीक्षणों को मंजूरी दी?
Ans	✗ A. पश्चिम बंगाल
	✗ B. पंजाब
	✗ C. कर्नाटक
	✓ D. दिल्ली

Q.98	किस योजना के डीप टेक वर्टिकल ने 2025 के मध्य तक नौ प्रोजेक्ट शुरू किए हैं, जिनमें उद्योग DRDO के उद्योग-अकादमिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं?
Ans	✗ A. iDEX (रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार)
	✓ B. प्रौद्योगिकी विकास निधि (TDF)
	✗ C. ADITI स्कीम
	✗ D. रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (DTIS)

Q.99	निम्नलिखित में से किस एयरलाइन ने पावर क्रिएटर अवार्ड्स 2025 की मेजबानी की?
Ans	✓ A. एयर इंडिया (Air India)
	✗ B. स्पाइसजेट (SpiceJet)
	✗ C. विस्तारा (Vistara)
	✗ D. इंडिगो (IndiGo)

Q.100	पहला सूर्या VHF रडार भारतीय वायु सेना को कब सौंपा गया था?
Ans	✗ A. अप्रैल 2025
	✗ B. जनवरी 2025
	✗ C. फरवरी 2025
	✓ D. मार्च 2025

"

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	28/11/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1	**पौधों में वृद्धि केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही क्यों होती है?**
Ans	✗ A. गुरुत्वाकर्षण कुछ क्षेत्रों में वृद्धि को रोकता है।
	✗ B. जल केवल पौधे के ऊपरी भाग तक ही पहुंचता है।
	✗ C. पौधे के केवल कुछ भागों को ही सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है।
	✓ D. मेरिस्टेमेटिक ऊतक केवल विशिष्ट क्षेत्रों में ही स्थित होता है।

Q.2	**पादप कोशिका भित्ति मुख्य रूप से _____ से बनी होती है।**
Ans	✗ A. N-ऐसीटिल ग्लूकोसैमीन (N-Acetyl glucosamine)
	✓ B. सैलुलोज़
	✗ C. सबेरिन
	✗ D. काईटिन

Q.3	**निम्नलिखित में से कौन-सी धातु आसवन द्वारा शुद्ध की जाती है?**
Ans	✗ A. लोहा
	✗ B. चाँदी
	✗ C. ताँबा
	✓ D. जस्ता

Q.4	**निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया में पोषणनाल से अवशोषित पदार्थों का विभिन्न अंगों तक परिवहन होता है जहां उनका उपयोग जटिल पदार्थ के निर्माण हेतु किया जाता है?**
Ans	✗ A. प्रकाश संश्लेषण
	✓ B. स्वांगीकरण
	✗ C. वाष्पोत्सर्जन
	✗ D. पाचन

Q.5	**एथेनॉल (Ethanol) को सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल की अधिकता में 443 K पर गर्म करने पर एथीन (ethene) प्राप्त होता है। होने वाला रासायनिक परिवर्तन _____ होगा।**
Ans	✓ A. निर्जलीकरण
	✗ B. अपचयन
	✗ C. हैलोजनन
	✗ D. ऑक्सीकरण

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6	15 Ω और 5 Ω के दो प्रतिरोधक 12 V की बैटरी के साथ श्रेणीक्रम में जुड़े हैं। परिपथ में कितनी धारा प्रवाहित होगी?
Ans	✗ A. 0.45 A
	✓ B. 0.6 A
	✗ C. 0.65 A
	✗ D. 0.5 A

Q.7	क्या होता है जब एक पेंडुलम बॉब अपनी औसत स्थिति से चरम स्थिति तक झूलता है?
Ans	✗ A. स्थितिज ऊर्जा घटती है, गतिज ऊर्जा बढ़ती है
	✗ B. गतिज और स्थितिज ऊर्जा दोनों बढ़ती हैं
	✓ C. स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है, गतिज ऊर्जा घटती है
	✗ D. कुल ऊर्जा घटती है

Q.8	प्रजनन स्वास्थ्य में, गर्भनिरोध का क्या उद्देश्य है?
Ans	✗ A. बच्चों को स्वस्थ बनाना
	✗ B. अधिक बच्चे पैदा करना
	✓ C. अनियोजित गर्भधारण को रोकना
	✗ D. जुड़वां बच्चे पैदा करना

Q.9	हवा से तिरछी दिशा में चलकर काँच के एक स्लैब पर पड़ने वाली प्रकाश की किरण पर विचार करें। निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं? (i) आपतन कोण अपवर्तन कोण से छोटा होता है। (ii) आपतन कोण, निर्गमन कोण से बड़ा होता है। (iii) जैसे ही प्रकाश की किरण वायु से कांच में प्रवेश करती है, प्रकाश की चाल कम हो जाती है। (iv) आपतित किरण और निर्गत किरण एक दूसरे के समान्तर होती हैं।
Ans	✗ A. (i) और (iv) दोनों
	✓ B. (iii) और (iv) दोनों
	✗ C. (ii) और (iii) दोनों
	✗ D. (i) और (ii) दोनों

Q.10	अभिकथन और कारण नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए। अभिकथन: ध्वनि तरंगें, अयांत्रिक तरंगें हैं। कारण: ध्वनि तरंगों को संचरण के लिए एक भौतिक माध्यम की आवश्यकता होती है।
Ans	✗ A. अभिकथन और कारण दोनों ही सत्य हैं और कारण,अभिकथन की सही व्याख्या है।
	✓ B. अभिकथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।
	✗ C. अभिकथन और कारण दोनों ही असत्य हैं।
	✗ D. अभिकथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।

Q.11	एक मुर्गीपालक ऐसे पक्षी चाहता है जो कम चारा खाएँ, ज़्यादा गर्मी सहन कर सकें और अच्छी गुणवत्ता वाले चूज़े पैदा करें। उसे कौन सी रणनीति अपनानी चाहिए?
Ans	✗ A. मछली पालन की ओर रुख
	✗ B. केवल देशी पक्षियों का उपयोग करें
	✗ C. पक्षियों को दिन में दो बार खाना खिलाएँ
	✓ D. विदेशी और स्थानीय मुर्गीपालन का संकरण

Q.12	थॉमसन के परमाणु मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
Ans	✓ A. इलेक्ट्रॉन धनात्मक आवेशित गोले में यादृच्छिक रूप से प्रसारित होते हैं।
	✗ B. इलेक्ट्रॉन कक्षाओं में स्थिर होते हैं।
	✗ C. इलेक्ट्रॉन नाभिक में संकेंद्रित होते हैं।
	✗ D. इलेक्ट्रॉन, न्यूट्रॉनों से संलग्न होते हैं।

Visit Website "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.13	निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? a. घ्राण सूचकों का उपयोग किसी यौगिक की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति की जांच के लिए किया जाता है। b. लौंग का तेल एक घ्राण सूचक है। c. लौंग के तेल का उपयोग किसी भी यौगिक की शुद्धता की जांच के लिए किया जाता है।
Ans	✗ A. केवल a
	✗ B. केवल a और c
	✓ C. केवल a और b
	✗ D. a, b और c

Q.14	आर्किमिडीज का सिद्धांत कहता है कि जब कोई पिंड किसी तरल पदार्थ में डूबा होता है, तो उसे _____ का अनुभव होता है।
Ans	✗ A. पिंड द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर नीचे की ओर बल
	✗ B. इसके भार में कोई परिवर्तन नहीं
	✗ C. पिंड के भार के बराबर ऊपर की ओर बल
	✓ D. पिंड द्वारा विस्थापित द्रव के भार के बराबर ऊपर की ओर बल

Q.15	निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छे ढंग से बताता है कि हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों के दुष्प्रभाव क्यों हो सकते हैं?
Ans	✗ A. वे शुक्राणु को यंत्रवत् अंडे तक पहुंचने से रोकती हैं।
	✗ B. वे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में हस्तक्षेप करती हैं।
	✓ C. वे प्राकृतिक हार्मोनल संतुलन को बाधित करती हैं, अन्य शारीरिक कार्यों को प्रभावित करती हैं।
	✗ D. वे अंडाशय के अंदर अंडे को नष्ट कर देती हैं।

Q.16	उस तत्व की पहचान कीजिए, जो प्रकृति में अणु के रूप में विद्यमान नहीं होता है?
Ans	✗ A. आयोडीन
	✗ B. हाइड्रोजन
	✗ C. क्लोरीन
	✓ D. हीलियम

Q.17	निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ठीक प्रकार से वर्णन करता है कि ठोसों और द्रवों की तुलना में गैसों को आसानी से संपीडित किया जा सकता है?
Ans	✗ A. गैसों का द्रव्यमान और घनत्व उच्च होता है।
	✓ B. गैसों के कण शिथिल रूप से संकुलित होते हैं और उनमें अंतराण्विक अंतराल अधिक होते हैं।
	✗ C. गैसों की गतिज ऊर्जा निम्न होती है।
	✗ D. गैसें स्थान नहीं घेरतीं है।

Q.18	निम्नलिखित में से कौन-सा, यौन संचारित रोग जीवाणु (bacterium) के कारण होता है?
Ans	✗ A. HIV-एड्स (HIV-AIDS)
	✓ B. सुजाक (Gonorrhoea)
	✗ C. आंत्र ज्वर (Typhoid)
	✗ D. मस्सा (Warts)

Q.19	एक गोलीय लेंस की वृत्ताकार बाह्य रेखा (circular outline) के प्रभावी व्यास को क्या कहते हैं?
Ans	✗ A. प्रकाशिक केंद्र (Optical centre)
	✗ B. वक्रता त्रिज्या (Radius of curvature)
	✗ C. फोकस दूरी (Focal length)
	✓ D. द्वारक (Aperture)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.20	निम्नलिखित में से कौन-सा/से, बड़े बांधों का परिणाम नहीं है/हैं?
Ans	✔ A. वनरोपण
	✘ B. सामाजिक समस्याएं
	✘ C. निर्वनीकरण
	✘ D. आर्थिक समस्याएं

Q.21	कार्बन यौगिकों के संदर्भ में, 'शाखित श्रृंखला' संरचना की क्या विशेषता है?
Ans	✘ A. कार्बन परमाणु एक बंद वलय संरचना बनाते हैं।
	✘ B. कार्बन परमाणु एक सतत, सीधी रेखा में व्यवस्थित होते हैं।
	✘ C. कार्बन परमाणु चार अलग-अलग परमाणुओं से बंधे होते हैं।
	✔ D. कार्बन परमाणु मुख्य कार्बन श्रृंखला से जुड़े होते हैं और पार्श्व समूह बनाते हैं।

Q.22	जब एथीन, ब्रोमीन के साथ अभिक्रिया करता है, तो किस उत्पाद का निर्माण होता है?
Ans	✘ A. एथेनॉल
	✔ B. 1,2-डाइब्रोमोएथेन
	✘ C. ब्रोमोएथेन
	✘ D. एथेन

Q.23	निम्नलिखित में से कौन-सा गति समीकरण, कण के अंतिम वेग से स्वतंत्र है?
Ans	✘ A. v = ut + a
	✘ B. v2 - u2 = 2as
	✘ C. v = u + at
	✔ D. s = ut + 1/2 at2

Q.24	कम द्रव्यमान और उच्च वेग वाली गोली, समान चाल से फेंके गए भारी पत्थर की तुलना में लक्ष्य को अधिक गहराई तक भेद सकती है, क्योंकि_____।
Ans	✘ A. यह अधिक तीक्ष्ण होती है
	✘ B. इसका द्रव्यमान अधिक होता है
	✘ C. यह आकार में छोटी होती है
	✔ D. इसका जड़त्व कम होता है

Q.25	निम्नलिखित में से कौन-सा किसी पदार्थ का अभिलाक्षणिक गुणधर्म (characteristic property) है?
Ans	✘ A. धारा
	✘ B. प्रतिरोध
	✘ C. वोल्टता
	✔ D. प्रतिरोधकता

Section : **Mathematics**

Q.26	एक धातु छड़ को तीन भागों, A, B और C, में विभाजित किया गया है। A और B की लंबाइयों का अनुपात 4 : 8 है, और C और B की लंबाइयों का अनुपात 10 : 18 है। यदि A और C की लंबाइयों के बीच का अंतर 48 cm है, तो धातु छड़ की कुल लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 1782
	✔ B. 1176
	✘ C. 1798
	✘ D. 1764

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27	एक व्यापारी 80 पेन ₹8 प्रति पेन की दर से खरीदता है। वह उनमें से 60 पेन ₹12 प्रति पेन की दर से बेचता है और शेष पेन 25% की हानि पर बेचता है। कुल लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹240 की हानि
	✓ B. ₹200 का लाभ
	✗ C. ₹200 की हानि
	✗ D. ₹210 का लाभ

Q.28	एक शिविर में 12 दिनों के लिए 48 व्यक्तियों का भोजन है। यदि शिविर में व्यक्तियों की संख्या बढ़ाकर 72 कर दी जाए, तो वही भोजन कितने दिनों में समाप्त हो जाएगा?
Ans	✓ A. 8
	✗ B. 11
	✗ C. 7
	✗ D. 6

Q.29	$((342 \div 19 \times 306 \div 17) \div 36 \times 6) + (60 \div 5 \times 2 - 12)$ का सरलीकृत मान ज्ञात करें।
Ans	✗ A. 76
	✓ B. 66
	✗ C. 56
	✗ D. 46

Q.30	आयत ABCD के अंदर कोई बिंदु P है। यदि PA = 79 cm, PB = 61 cm और PC = 17 cm, तो PD की लंबाई (cm में) ..... है?
Ans	✗ A. 54
	✓ B. 53
	✗ C. 57
	✗ D. 48

Q.31	लाल, हरे और गुलाबी टोकन वाले एक बैग में, लाल और हरे टोकन का अनुपात 9 : 6 था, जबकि गुलाबी और लाल टोकन का अनुपात 18 : 16 था। हरे और गुलाबी टोकन का अनुपात कितना था?
Ans	✗ A. 14 : 31
	✗ B. 15 : 23
	✓ C. 16 : 27
	✗ D. 17 : 28

Q.32	ज़मीन पर एक बिंदु, एक इमारत के आधार से उसकी ऊँचाई के $\sqrt{3}$ गुना के बराबर दूरी पर है। बिंदु को इमारत के शीर्ष और ज़मीन से मिलाने वाली रेखा के बीच बनने वाला कोण (डिग्री में) कितना है?
Ans	✗ A. 60°
	✗ B. 45°
	✗ C. 90°
	✓ D. 30°

Q.33	उस बैंक में ₹95,950 की जमा राशि पर अर्जित वार्षिक ब्याज कितना होगा जो 9% वार्षिक दर से साधारण ब्याज का भुगतान करता है?
Ans	✗ A. ₹8,855.50
	✓ B. ₹8,635.50
	✗ C. ₹8,455.50
	✗ D. ₹8,035.50

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.34	यदि पारुल और उसकी माता की वर्तमान आयु का अनुपात 5 : 13 है और उनकी आयु का गुणनफल 585 है, तो 9 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 4 : 7
	✓ B. 1 : 2
	✗ C. 3 : 5
	✗ D. 2 : 5

Q.35	(2x + 3)(x − 5) − (x − 2)(3x + 4) को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. x2 −5x −7
	✗ B. −x2 +5x −7
	✗ C. −x2 −5x +7
	✓ D. −x2 −5x −7

Q.36	ईंधन की कीमत में तीन क्रमागत महीनों में 20%, 30% और 20% की कमी हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 40% की वृद्धि हो जाती है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई?
Ans	✗ A. 33.02% की कमी
	✓ B. 37.28% की कमी
	✗ C. 41.98% की वृद्धि
	✗ D. 36.01% की वृद्धि

Q.37	एक शर्ट की कीमत में पहले 18% की वृद्धि होती है और फिर 18% की कमी होती है। इसकी कीमत में कुल कितने प्रतिशत की कमी हुई?
Ans	✗ A. 2.89%
	✗ B. 2.98%
	✗ C. 3.45%
	✓ D. 3.24%

Q.38	एक टंकी का $\frac{5}{8}$ भाग भरा हुआ है। यदि उसमें से 12 बाल्टी पानी निकाल दिया जाए और उसमें 9 बाल्टी पानी डाल दिया जाए, तो टंकी का $\frac{7}{12}$ भाग भर जाएगा। कितने बाल्टी पानी टंकी में आ सकता है?
Ans	✗ A. 96
	✗ B. 60
	✓ C. 72
	✗ D. 48

Q.39	दो रेलगाड़ियां 100 km/hr और 140 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक रेलगाड़ी की लंबाई 490 m है। उन्हें एक-दूसरे को पार करने में 22 सेकंड का समय लगता है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए जो दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित हो।
Ans	✓ A. 976.67
	✗ B. 982.47
	✗ C. 972.33
	✗ D. 974.27

Q.40	एक समलंब चतुर्भुज के आकार के मैदान की समांतर भुजाएँ 60 m और 77 m हैं। असमांतर भुजाएँ 25 m और 26 m हैं। मैदान का क्षेत्रफल कितना है?
Ans	✗ A. 1,720 m2
	✗ B. 1,812 m2
	✗ C. 1,524 m2
	✓ D. 1,644 m2

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.41	यदि एक बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल दो वृत्तीय फलकों के क्षेत्रफल का 4 गुना है, तथा बेलन का आयतन 192 π cm^3 है, तो बेलन की ऊँचाई कितनी है?
Ans	✗ A. 16 cm
	✗ B. 8 cm
	✓ C. 12 cm
	✗ D. 9 cm

Q.42	दो संख्याओं का अनुपात 2 : 3 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 6 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 36
	✗ B. 12
	✗ C. 32
	✗ D. 18

Q.43	एक बेंच का अंकित मूल्य ₹374 है, जो क्रय मूल्य से 22% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 13% है, तो छूट प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 6.66%
	✓ B. 7.38%
	✗ C. 8.91%
	✗ D. 6.94%

Q.44	दो ट्रकों की चाल का अनुपात 7 : 3 है। तेज़ चाल वाले ट्रक द्वारा 147 km की दूरी तय करने में लिया गया समय, दूसरे ट्रक से 7 घंटे कम है। धीमे ट्रक की चाल ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 22 km/hr
	✓ B. 12 km/hr
	✗ C. 9 km/hr
	✗ D. 4 km/hr

Q.45	100 छात्रों की एक कक्षा ने भौतिकी की परीक्षा दी। 37 छात्रों का औसत स्कोर 84 था। अन्य छात्रों का औसत स्कोर 96 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा?
Ans	✗ A. 97.5
	✗ B. 89.7
	✗ C. 85.5
	✓ D. 91.6

Q.46	A और B मिलकर किसी कार्य को 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना कार्य कितने समय (दिन में) पूरा करेगा?
Ans	✗ A. 8
	✓ B. 16
	✗ C. 19
	✗ D. 17

Q.47	एक कक्षा के 35 छात्रों की औसत आयु 46 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 47 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 83
	✓ B. 82
	✗ C. 84
	✗ D. 85

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.48	A किसी कार्य को 77 दिनों में पूरा कर सकता है। B, A से 75% कम कुशल है। C, B से 40% अधिक कुशल है। यदि B और C मिलकर 30 दिनों तक कार्य करते हैं, तो A अकेले शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?
Ans	✗ A. 60 दिन
	✗ B. 57 दिन
	✓ C. 59 दिन
	✗ D. 54 दिन

Q.49	यदि किसी संख्या के 20% को 96 में जोड़ा जाए, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होगी। उसी संख्या का 75% कितना होगा?
Ans	✗ A. 100
	✓ B. 90
	✗ C. 110
	✗ D. 120

Q.50	यदि ₹594 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को ₹155 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत क्या है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)।
Ans	✗ A. 77.24%
	✗ B. 72.91%
	✓ C. 73.91%
	✗ D. 74.35%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	HN 9, LK −3 से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। इसी प्रकार NY 4, RV −8 से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, OU 13 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?
Ans	✗ A. HU 5
	✗ B. HY 3
	✓ C. SR 1
	✗ D. TY 2

Q.52	निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो। WASH - HSWA - WSAH CORE - ERCO - CROE
Ans	✗ A. DARE - ARDE - ARED
	✗ B. LEAP - LAEP - PAEL
	✗ C. FINE - ENFI - INFE
	✓ D. INKS - SKIN - IKNS

Q.53	पिया बिंदु A से शुरू होकर दक्षिण की ओर 33 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 45 km चलती है, फिर दाएं मुड़कर 41 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़कर 56 km चलती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 8 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)
Ans	✗ A. पूर्व में 13 km
	✓ B. पश्चिम में 11 km
	✗ C. पूर्व में 12 km
	✗ D. पश्चिम में 10 km

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.54	उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। PI-MF-KN SL-PI-NQ
Ans	✗ A. VO-SL-QU
	✗ B. WO-SK-QU
	✗ C. WO-SL-QU
	✓ D. VO-SL-QT

Q.55	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? VDE97, BJK74, HPQ51, NVW28, ?
Ans	✗ A. TUC5
	✓ B. TBC5
	✗ C. TBG5
	✗ D. IBC5

Q.56	यदि संख्या 1732596 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
Ans	✓ A. दो
	✗ B. एक
	✗ C. तीन
	✗ D. एक भी नहीं

Q.57	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (बाएं) 9 1 6 3 7 4 1 8 5 9 2 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनके ठीक बाद एक सम संख्या आती है?
Ans	✗ A. तीन
	✗ B. दो
	✗ C. एक
	✓ D. एक भी नहीं

Q.58	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. QRN
	✓ B. UWR
	✗ C. WXT
	✗ D. STP

Q.59	सात व्यक्ति B, C, D, I, J, K और L, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। K और J के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। J के बाईं ओर दूसरे स्थान पर L बैठा है। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। L का निकटतम पड़ोसी C नहीं है। L और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. तीन
	✗ B. एक
	✓ C. दो
	✗ D. चार

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.60	60 व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर अभिमुख एक पंक्ति में खड़े हैं। शिवानी दाएं छोर से 40वें स्थान पर है जबकि स्नेहा बाएं छोर से 26वें स्थान पर है। शिवानी और स्नेहा के बीच कितने व्यक्ति हैं?
Ans	✗ A. 2
	✓ B. 4
	✗ C. 3
	✗ D. 1

Q.61	A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, E और A का निकटतम पड़ोसी है। G, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के बाईं ओर से गिनने पर D और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. एक
	✗ B. दो
	✓ C. तीन
	✗ D. चार

Q.62	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? DWV LED TML BUT ?
Ans	✓ A. JCB
	✗ B. JBC
	✗ C. JIO
	✗ D. IBH

Q.63	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 36 41 51 66 86 ?
Ans	✓ A. 111
	✗ B. 107
	✗ C. 117
	✗ D. 100

Q.64	लिएंडर बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 6 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)
Ans	✗ A. दक्षिण की ओर 3 km
	✓ B. दक्षिण की ओर 7 km
	✗ C. पश्चिम की ओर 6 km
	✗ D. उत्तर की ओर 6 km

Q.65	योगेश अपनी कक्षा में ऊपर से 34वें स्थान पर और नीचे से 38वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✗ A. 70
	✗ B. 73
	✓ C. 71
	✗ D. 72

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.66	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं। (बाएं) © @ 7 € $ 5 $ & * & 7 5 2 $ 8 $ © 7 © 4 6 £ (दाएं) ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. दो
	✓ B. तीन
	✗ C. पाँच
	✗ D. चार

Q.67	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा? 25 C 15 A 3 D 9 B 3 = ?
Ans	✗ A. 1
	✓ B. 3
	✗ C. 4
	✗ D. 2

Q.68	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल हैं। कुछ मोटरसाइकिल, मिनीवैन हैं। कोई मिनीवैन, होवरक्राफ्ट नहीं है। निष्कर्ष (I): कुछ होवरक्राफ्ट, मोटरसाइकिल हैं। निष्कर्ष (II): कुछ मिनीवैन, ट्रैक्टर हैं।
Ans	✓ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.69	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल छह व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D, A के बाईं ओर लेकिन B के दाईं ओर बैठा है। G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। E के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. तीन
	✓ B. चार
	✗ C. दो
	✗ D. एक

Q.70	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (बाएं) 2 8 1 5 7 9 4 2 3 8 6 1 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनके ठीक बाद एक सम संख्या आती है?
Ans	✓ A. दो
	✗ B. तीन
	✗ C. एक
	✗ D. तीन से अधिक

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.71	एक कूट भाषा में, A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' A - B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' A * B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P - T * C + D ÷ E' है तो P का E से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. भाई
	✓ B. माता के पिता
	✗ C. पिता के पिता
	✗ D. माता का भाई

Q.72	निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) ? * + ? \ & 3 # 9 % 4 1 6 * @ 5 4 8 8 $ \ (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य संख्या है तथा ठीक बाद एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. एक
	✓ B. दो
	✗ C. चार
	✗ D. तीन

Q.73	एक निश्चित कूट भाषा में, 'OVAL' को '6729' और 'LEVO' को '7946' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?
Ans	✗ A. 9
	✗ B. 6
	✗ C. 7
	✓ D. 4

Q.74	उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) (22, 66, 61) (35, 105, 100)
Ans	✗ A. (74, 222, 216)
	✓ B. (14, 42, 37)
	✗ C. (41, 123, 117)
	✗ D. (85, 255, 249)

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.75	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी फूल, पौधे हैं। कुछ पौधे, पेड़ हैं। निष्कर्ष: (I) कुछ पेड़, फूल हैं। (II) सभी फूल, पेड़ हैं।
Ans	✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
	✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.76	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 12 ? 29 39 50 62
Ans	✗ A. 16
	✗ B. 18
	✓ C. 20
	✗ D. 22

Q.77	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. WC-OL
	✓ B. HM-ZW
	✗ C. SY-KH
	✗ D. BH-TQ

Q.78	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'steak equal thing' को 'wb vl yn' के रूप में और 'thing yard house' को 'vl za ha' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'thing' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?
Ans	✗ A. za
	✗ B. wb
	✓ C. vl
	✗ D. yn

Q.79	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 510 511 500 501 491 492 ?
Ans	✓ A. 483
	✗ B. 481
	✗ C. 482
	✗ D. 490

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 850 + 34 × 15 − 12 ÷ 400 = ?
Ans	✗ A. 239
	✗ B. 240
	✓ C. 245
	✗ D. 233

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	मार्च 2025 में जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा देश दुनिया का सबसे खुशहाल देश है?
Ans	✗ A. न्यूज़ीलैंड
	✓ B. फिनलैंड
	✗ C. स्विट्जरलैंड
	✗ D. कनाडा

Q.82	अप्रैल 2025 में, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने भारत और पाकिस्तान की कौन-सी सीमा चौकी बंद कर दी थी?
Ans	✗ A. खोखरापार-मुनाबाओ बॉर्डर (Khokhrapar-Munabao border)
	✗ B. गंडा सिंह वाला-हुसैनीवाला बॉर्डर (Ganda Singh Wala-Hussainiwala border)
	✗ C. रैडक्लिफ़ रेखा (Radcliffe Line)
	✓ D. अटारी-वाघा बॉर्डर (Attari-Wagah border)

Q.83	जुलाई 2025 में, किस जांच प्राधिकरण ने कर्नाटक में ₹24 करोड़ से अधिक की बेहिसाब परिसंपत्ति का पता लगाया?
Ans	✗ A. प्रवर्तन निदेशालय
	✗ B. केंद्रीय जांच ब्यूरो
	✓ C. कर्नाटक लोकायुक्त
	✗ D. आयकर विभाग

Q.84	29 जुलाई से 1 अगस्त 2025 तक दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आयोजित मेगा आपदा प्रबंधन अभ्यास का नाम क्या है?
Ans	✗ A. अभ्यास सुरक्षित भारत (Exercise Surakshit Bharat)
	✗ B. अभ्यास रक्षा कवच (Exercise Raksha Kavach)
	✓ C. अभ्यास सुरक्षा चक्र (Exercise Suraksha Chakra)
	✗ D. अभ्यास आपदा मित्र (Exercise Disaster Mitra)

Q.85	2025 कलिंगा सुपर कप (2025 Kalinga Super Cup) में कौन-सी टीम उपविजेता रही?
Ans	✓ A. जमशेदपुर FC
	✗ B. बेंगलुरु FC
	✗ C. हैदराबाद FC
	✗ D. केरला ब्लास्टर्स FC

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.86	1 जनवरी 2025 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा बताए गए के अनुसार, भारत के जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में असाधारण रूप से वृद्धि हुई है, जो 2014 में $10 बिलियन के उद्योग से बढ़कर 2024 में _____ से अधिक हो गई है।
Ans	✗ A. $140 बिलियन
	✗ B. $80 बिलियन
	✓ C. $130 बिलियन
	✗ D. $100 बिलियन

Q.87	अप्रैल 2025 में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में किस टीम को "टीम ऑफ द ईयर (Team of the Year)" से सम्मानित किया गया?
Ans	✗ A. बायर्न म्यूनिख (Bayern Munich)
	✗ B. मैनचेस्टर सिटी (Manchester City)
	✓ C. रियल मैड्रिड (Real Madrid)
	✗ D. फ्लामेंगो (Flamengo)

Q.88	जून 2025 में अधिसूचित, कॉर्पोरेट बीमा के लिए भारत का अपनी तरह का पहला प्रीमियम फाइनेंसिंग सॉल्यूशन (premium financing solution) निम्नलिखित में से किसके द्वारा लॉन्च किया गया?
Ans	✗ A. जे.एम. फाइनेंसियल म्यूचुअल फंड (JM Financial Mutual Fund)
	✗ B. क्रेडिट एक्सेस लाइफ इंश्योरेंस (Credit Access Life Insurance)
	✓ C. बीमापे फिनश्योर (BimaPay Finsure)
	✗ D. रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस (Reliance Nippon Life Insurance)

Q.89	किसने (महिला) 25 m पूल में 48 घंटे में सबसे अधिक दूरी तक तैरने का विश्व रिकॉर्ड बनाया और केवल 2 दिनों में 149.02 km (92.59 मील) की आश्चर्यजनक दूरी तय की?
Ans	✓ A. करोलिना स्ज़ेपनियाक (Karolina Szczepaniak)
	✗ B. डायना न्याद (Diana Nyad)
	✗ C. सारा थॉमस (Sarah Thomas)
	✗ D. केटी लेडेकी (Katie Ledecky)

Q.90	14 मई 2025 को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश कौन बने?
Ans	✗ A. विद्युत रंजन सारंगी
	✓ B. भूषण रामकृष्ण गवई
	✗ C. मदन लोकुर
	✗ D. संजीव खन्ना

Q.91	मार्च 2025 में, निम्नलिखित में से किस योजना के तहत सरकार ने 100 तटीय मछुआरा गांवों की पहचान की है जिन्हें जलवायु-अनुकूल तटीय मछुआरा गांवों के रूप में विकसित किया जाएगा?
Ans	✓ A. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY)
	✗ B. नीली क्रांति योजना
	✗ C. किसान सम्मान निधि योजना (KSNY)
	✗ D. राष्ट्रीय तटीय मिशन

Q.92	स्टार्टअपब्लिंक ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम इंडेक्स (StartupBlink Global Startup Ecosystem Index) 2025 के अनुसार, 2025 में दुनिया के शीर्ष स्टार्टअप शहरों में कौन-सा भारतीय शहर शीर्ष स्थान पर है?
Ans	✗ A. पुणे
	✗ B. दिल्ली
	✓ C. बेंगलुरु
	✗ D. हैदराबाद

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.93	भारत में, वर्ष 2025 में विश्व हिंदी दिवस किस तिथि को मनाया गया?
Ans	✗ A. 21 फरवरी
	✓ B. 10 जनवरी
	✗ C. 17 फरवरी
	✗ D. 9 मई

Q.94	मई 2025 में 'यूनेस्को/गिलर्मो कैनो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम प्राइज (UNESCO/Guillermo Cano World Press Freedom Prize)' किसे प्रदान किया गया?
Ans	✗ A. नरगिस मोहम्मदी (Narges Mohammadi)
	✓ B. ला प्रेंसा (La Prensa)
	✗ C. मारिया रेसा (Maria Ressa)
	✗ D. माज़ेन डरविश (Mazen Darwish)

Q.95	भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार, सभी बैंकों को 31 अक्टूबर, 2025 तक किस नए डोमेन पर माइग्रेट करना होगा?
Ans	✗ A. .gov.in
	✓ B. .bank.in
	✗ C. .rbi.in
	✗ D. .fin.in

Q.96	2025 में भारत का पहला चिड़ियाघर-आधारित वन्यजीव बायो बैंक कहाँ स्थापित किया गया है?
Ans	✗ A. नेहरू जूलॉजिकल पार्क
	✗ B. नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क
	✓ C. पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क
	✗ D. महेंद्र चौधरी जूलॉजिकल पार्क

Q.97	युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा पूर्व (सेवानिवृत्त) खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (RESET) कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर कब शुरू किया गया था?
Ans	✓ A. 2024
	✗ B. 2025
	✗ C. 2022
	✗ D. 2023

Q.98	कर्नाटक 2025-26 राज्य बजट में अल्पसंख्यकों के लिए ₹50,000 सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना की घोषणा किसने की?
Ans	✓ A. सिद्धारमैया
	✗ B. बी.एस. येदियुरप्पा
	✗ C. बसवराज बोम्मई
	✗ D. डी.के. शिवकुमार

Q.99	2025 में, लखनऊ में एक अत्याधुनिक स्वचालित स्वास्थ्य देखभाल मशीन, बुनियादी परीक्षण और निदान के लिए एक स्व-सेवा डिजिटल स्वास्थ्य कियोस्क (self-service digital health kiosk), स्थापित किया गया। इसे क्या कहा जाता है?
Ans	✗ A. हेल्थ पॉड (Health Pod)
	✓ B. हेल्थ ATM (Health ATM)
	✗ C. ई-क्लिनिक बूथ (e-Clinic Booth)
	✗ D. मेड कियोस्क (Med Kiosk)

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.100	जून 2025 में, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पहल का नाम क्या है, जिसका उद्देश्य समर्पित कार्यान्वयनकर्ताओं (dedicated implementers) की एक नई पीढ़ी को प्रशिक्षित और प्रेरित करके जनजातीय कल्याण योजनाओं के वितरण को सुदृढ़ करना है?
Ans	✗ A. आदि गोत्र (Adi Gotra)
	✓ B. आदि कर्मयोगी (Adi Karmyogi)
	✗ C. आदि वंश (Adi Vamsha)
	✗ D. आदि वरनाडा (Adi Varnada)

"

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	28/11/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 **आणविक द्रव्यमान की गणना कैसे की जाती है?**

Ans
✔ A. अणु में परमाणुओं के सभी परमाणु द्रव्यमानों को जोड़कर
✘ B. सभी तत्वों के परमाणु क्रमांकों का वर्ग करके
✘ C. घटक तत्वों की परमाणु त्रिज्याओं को गुणा करके
✘ D. उपस्थित परमाणुओं के सभी परमाणु आयतनों को जोड़कर

Q.2 **लवण-जल से सोडियम हाइड्रॉक्साइड तैयार करने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?**

Ans
✘ A. हाबर प्रक्रम (Haber process)
✔ B. लवण-जल का विद्युत अपघटन (Electrolysis of brine)
✘ C. सॉल्वे प्रक्रम (Solvay process)
✘ D. NaCl का ऊष्मीय अपघटन (Thermal decomposition of NaCl)

Q.3 **एक आयताकार कांच की पट्टी के दो समानांतर विपरीत फलकों से प्रकाश गुजरने के बाद आपतित किरण और निर्गत किरण के बीच क्या संबंध होता है?**

Ans
✔ A. निर्गत किरण आपतित किरण की दिशा के समानांतर होती है, लेकिन थोड़ी सी साइड की ओर स्थानांतरित हो जाती है
✘ B. निर्गत किरण आपतित किरण के लंबवत होती है
✘ C. निर्गत किरण मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित होती है
✘ D. निर्गत किरण आपतित किरण के पथ पर वापस परावर्तित हो जाती है

Q.4 **निम्नलिखित में से कौन-से कथन गोलीय दर्पण के मुख्य अक्ष के संबंध में सत्य नहीं हैं?**

(i) यह गोलीय दर्पण के ध्रुव और वक्रता केंद्र से होकर गुजरने वाली एक काल्पनिक सीधी रेखा है।
(ii) मुख्य अक्ष दर्पण के ध्रुव पर अभिलंबवत होता है।
(iii) मुख्य अक्ष के समान्तर एक किरण दर्पण से परावर्तन के पश्चात् दर्पण के वक्रता केन्द्र से होकर गुजरती है।
(iv) गोलीय दर्पण का फोकस उसके मुख्य अक्ष पर नहीं होता है।

Ans
✘ A. (ii) और (iii) दोनों
✘ B. (i) और (ii) दोनों
✘ C. (i) और (iv) दोनों
✔ D. (iii) और (iv) दोनों

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.5 मरीज के दिल की धड़कन की आवाज छाती से स्टेथोस्कोप के माध्यम से डॉक्टर के कान तक कैसे पहुंचती है?

Ans
- ✗ A. बिना परावर्तन के प्रत्यक्ष संचरण द्वारा
- ✗ B. ध्वनि तरंगों के अपवर्तन द्वारा
- ✗ C. विद्युत संकेतों में परिवर्तित करके
- ✓ D. ध्वनि के बहु-परावर्तन द्वारा

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ढंग से वर्णन करता है कि दो बिंदुओं के बीच विभवांतर की गणना कैसे की जाती है?

Ans
- ✗ A. विभवांतर = किया गया कार्य × स्थितिज ऊर्जा
- ✗ B. विभवांतर = आवेश × किया गया कार्य
- ✓ C. विभवांतर = किया गया कार्य ÷ आवेश
- ✗ D. विभवांतर = आवेश ÷ किया गया कार्य

Q.7 जिस प्रकार न्यूटन का संबंध भार से है, उसी प्रकार किसका संबंध दाब से है?

Ans
- ✗ A. किलोग्राम
- ✗ B. केल्विन
- ✗ C. किलोग्राम प्रति घन मीटर
- ✓ D. पास्कल

Q.8 निम्नलिखित में से किस धात्विक ऑक्साइड को केवल गर्म करके धातु में अपचयित किया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. आयरन (III) ऑक्साइड
- ✓ B. मर्क्यूरिक ऑक्साइड
- ✗ C. मैंगनीज ऑक्साइड
- ✗ D. जिंक ऑक्साइड

Q.9 जब ठोस लेड (II) नाइट्रेट को गर्म किया जाता है, तो एक पीला अवशिष्ट (PbO) रह जाता है और दो गैसें निकलती हैं - एक लाल-भूरे रंग की होती है तथा दूसरी दहन में सहायक होती है। कौन-सी गैसें निकलती हैं?

Ans
- ✓ A. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन
- ✗ B. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन
- ✗ C. नाइट्रिक ऑक्साइड और ऑक्सीजन
- ✗ D. नाइट्रोजन गैस और कार्बन डाइऑक्साइड

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा विभज्योतक, प्ररोहों और मूलों के सिरों (ends) पर लंबाई में वृद्धि के लिए उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary meristem)
- ✗ B. पार्श्विक विभज्योतक (Lateral meristem)
- ✓ C. शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical meristem)
- ✗ D. स्थायी विभज्योतक (Permanent meristem)

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सी, गर्भनिरोधक विधि नहीं है?

Ans
- ✓ A. गर्भ का गर्भपात
- ✗ B. कंडोम का उपयोग करके शुक्राणुओं को अंडे तक पहुँचने से रोकना
- ✗ C. गर्भाशय में कॉपर-T डालना
- ✗ D. अंडाशय से अंडों के निकलने को रोकने के लिए हार्मोनल संतुलन में परिवर्तन करना

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.12 कोशिका आकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans

✗ A. कोशिका का आकार केन्द्रकों की संख्या पर निर्भर करता है।

✗ B. बहुकोशिकीय जीवों में कोशिका का आकार हमेशा बड़ा होता है।

✓ C. कोशिका का आकार उसके कार्य से संबंधित होता है, जीव के आकार से संबंधित नहीं होता है।

✗ D. सभी जीवों में सभी कोशिकाएँ एक ही आकार की होती हैं।

Q.13 एक बर्तन में भरा तरल पदार्थ समान ऊंचाई पर _____ दाब डालता है।

Ans

✗ A. केवल किनारों पर

✗ B. केवल नीचे की ओर

✓ C. पात्र की सभी दिशाओं में समान रूप से

✗ D. केवल ऊपर की ओर

Q.14 किसी वस्तु की प्रारंभिक और अंतिम स्थिति के बीच की सबसे छोटी दूरी को _____ कहा जाता है।

Ans

✓ A. विस्थापन

✗ B. त्वरण

✗ C. चाल

✗ D. दूरी

Q.15 मधुमक्खी के सामान्य नाम को उसके वैज्ञानिक नाम से सुमेलित कीजिए।

स्तंभ I (सामान्य नाम)	स्तंभ II (वैज्ञानिक नाम)
1. भारतीय मधुमक्खी (Indian bee)	A. एपिस मेलिफेरा (Apis mellifera)
2. शैल मधुमक्खी (Rock bee)	B. एपिस सेराना इंडिका (Apis cerana indica)
3. लिटिल मधुमक्खी (Little bee)	C. एपिस डोरसेटा (Apis dorsata)
4. इटालियन मधुमक्खी (Italian bee)	D. एपिस फ्लोरी (Apis florae)

Ans

✗ A. 1-A, 2-B, 3-C, 4-D

✓ B. 1-B, 2-C, 3-D, 4-A

✗ C. 1-D, 2-A, 3-C, 4-B

✗ D. 1-C, 2-D, 3-B, 4-A

Q.16 पुष्पीय पौधों में कायिक प्रवर्धन का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ है?

Ans

✓ A. ये बीज द्वारा उत्पादित पौधों की तुलना में पहले फूल और फल दे सकते हैं।

✗ B. ये अपने मूल पौधों से बिल्कुल भिन्न होते हैं।

✗ C. ये बीज द्वारा उत्पादित पौधों की तुलना में बाद में फूल और फल दे सकते हैं।

✗ D. ये बीज द्वारा उत्पन्न पौधों की तुलना में पूरी तरह से नए गुण प्रदर्शित कर सकते हैं।

Q.17 लोहे के संक्षारण को रोकने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans

✗ A. धातु को नियमित रूप से जल से ठंडा करना

✓ B. धातु पर पेंट या तेल का विलेपन करना

✗ C. धातु का बार-बार तापन करना

✗ D. धातु को अम्ल में घोलना

Q.18 मेंडल के प्रयोग में, जब उन्होंने एक लंबे (TT) और एक बौने मटर (tt) पौधे का संकरण किया तो F1 पीढ़ी में उन्होंने क्या देखा?

Ans

✗ A. आधे लंबे थे, आधे बौने थे

✓ B. सभी लंबे थे

✗ C. सभी मध्यम लंबाई के थे

✗ D. सभी बौने थे

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.19 एक व्यक्ति एक विशाल, स्थिर वस्तु (जैसे एक खड़ी ट्रक) को बल F से धक्का देता है। वस्तु –F बल से प्रतिकर्षण करती है। यदि प्रतिक्रिया बल समान और विपरीत हो, जैसा कि तृतीय नियम द्वारा सुझाया गया है, तो वस्तु त्वरित क्यों नहीं होती?

Ans

✗ A. बल F का परिमाण वस्तु की अंतर्निहित स्थितिज ऊर्जा से पार पाने के लिए अपर्याप्त है।

✓ B. क्रिया और प्रतिक्रिया बल अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं, लेकिन स्थिर वस्तु पर स्थैतिक घर्षण लागू अपकर्ष बल F को संतुलित करता है।

✗ C. वस्तु पर लगने वाला शुद्ध बल शून्य है क्योंकि क्रिया और प्रतिक्रिया बल रद्द हो जाते हैं।

✗ D. ये बल तत्क्षण कार्य करते हैं और संवेग परिवर्तन को रोकते हैं।

Q.20 विद्युत परिपथ में प्लग कुंजी (plug key) का क्या उद्देश्य है?

Ans

✗ A. यह परिपथ में विभवांतर को मापता है।

✗ B. यह परिपथ में विभवांतर प्रदान करता है।

✗ C. यह किसी परिपथ में प्रवाहित धारा को मापता है।

✓ D. यह परिपथ को जोड़ने और वियोजित करने में मदद करता है।

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, जल के साथ अत्यधिक तीव्रता से अभिक्रिया करती है?

Ans

✗ A. ज़िंक

✗ B. लौह

✗ C. सीसा

✓ D. सोडियम

Q.22 कोलॉइडी कण _____ द्वारा पृथक होते हैं।

Ans

✗ A. क्वथन

✗ B. पुनः क्रिस्टलन

✓ C. अपकेंद्रण

✗ D. निस्यंदन

Q.23 किस कोशिकांग को, कोशिका की 'आत्मघाती थैली' कहा जाता है?

Ans

✓ A. लाइसोसोम

✗ B. माइटोकॉन्ड्रिया

✗ C. गोल्जी पिंड

✗ D. राइबोसोम

Q.24 किसी बल द्वारा किया गया कार्य धनात्मक तब कहा जाता है, जब _____।

Ans

✗ A. पिंड का विस्थापन शून्य होता है

✗ B. बल पिंड की गति का विरोध करता है

✓ C. बल का एक अवयव विस्थापन की दिशा में होता है

✗ D. बल और विस्थापन के बीच का कोण 90° होता है

Q.25 वायुमंडल के उच्च स्तर पर, निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी की सतह को पराबैंगनी विकिरण से परिरक्षित करता है?

Ans

✗ A. हाइड्रोजन (Hydrogen)

✓ B. ओजोन (Ozone)

✗ C. कार्बन (Carbon)

✗ D. नाइट्रोजन (Nitrogen)

Section : **Mathematics**

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.26 14 cm कोर वाले लकड़ी के एक घनाकार ब्लॉक के ऊपर सबसे बड़े व्यास का एक अर्धगोला रखा गया है। इस प्रकार बने ठोस का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✔ A. 1330
- ✘ B. 1484
- ✘ C. 1176
- ✘ D. 1296

Q.27 2 आदमी किसी कार्य को 2 दिन में कर सकते हैं। कितने आदमी उसी कार्य को 4 दिन में करेंगे?

Ans
- ✘ A. 3
- ✔ B. 1
- ✘ C. 4
- ✘ D. 2

Q.28 दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

18 + 3 of (24 ÷ 8 × 2) − 6

Ans
- ✘ A. 36
- ✘ B. 16.5
- ✘ C. 24
- ✔ D. 30

Q.29 एक समचतुर्भुज के विकर्णों का अनुपात 3 : 4 है और परिमाप 100 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 650
- ✔ B. 600
- ✘ C. 550
- ✘ D. 625

Q.30 $\frac{2}{80}$ का कितना प्रतिशत $\frac{1}{20}$ है?

Ans
- ✘ A. 210%
- ✔ B. 200%
- ✘ C. 215%
- ✘ D. 400%

Q.31 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 5 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ कार्य करते हुए, वे उसी कार्य का तीन गुना पूरा करने में कितना समय (दिन में) लेंगे?

Ans
- ✘ A. 15
- ✔ B. 5
- ✘ C. 6
- ✘ D. 10

Q.32 sin45° X cosec45° का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. $\frac{1}{\sqrt{2}}$
- ✘ B. 0
- ✔ C. 1
- ✘ D. $\sqrt{2}$

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.33 600 km की यात्रा में, एक ट्रक पहले 300 km को 40 km/hr की चाल से तय करता है। शेष दूरी उसे किस चाल (km/hr में) से तय करनी चाहिए, ताकि औसत चाल 70 km/hr हो जाए?

Ans
- ✗ A. 260
- ✗ B. 295
- ✗ C. 255
- ✓ D. 280

Q.34 पॉल, रयान और मैक्स एक निश्चित कार्य को क्रमशः 15, 14 और 21 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन तीनों ने एक साथ मिलकर कार्य शुरू किया। पॉल ने 5 दिन बाद कार्य करना छोड़ दिया और रयान ने कार्य पूरा होने से ठीक 3 दिन पहले कार्य करना छोड़ दिया। कार्य पूरा होने में लगे कुल दिनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10.1
- ✗ B. 11.2
- ✓ C. 7.4
- ✗ D. 3.7

Q.35 एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक टीवी की कीमत से 50% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 60% की वृद्धि हो जाती है और टीवी की कीमत में 11% की कमी हो जाती है, तो 6 वॉशिंग मशीन और 2 टीवी की कुल कीमत में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✗ A. 33% की कमी
- ✗ B. 26% की वृद्धि
- ✓ C. 31.6% की वृद्धि
- ✗ D. 29% की कमी

Q.36 स्मार्ट बाजार, घरेलू सामानों पर 16 खरीदें और 9 मुफ़्त पाएं का ऑफर दे रहा है। स्मार्ट बाजार द्वारा दिया जा रहा शुद्ध (net) प्रतिशत छूट कितना है?

Ans
- ✗ A. 34%
- ✗ B. 33%
- ✗ C. 39%
- ✓ D. 36%

Q.37 अनु और बीना की वर्तमान आयु का अनुपात 4 : 5 है। अब से 6 वर्ष बाद, अनुपात 5 : 6 हो जाएगा। बीना की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 20
- ✓ B. 30
- ✗ C. 32
- ✗ D. 25

Q.38 $x = 2$ होने पर, $x^2 + 3x + 5$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 19
- ✓ B. 15
- ✗ C. 17
- ✗ D. 13

Q.39 निशि 21 km/hr की चाल से एक शॉपिंग मॉल जाती है और 77 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 23
- ✗ B. 39
- ✗ C. 34
- ✓ D. 33

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.40 एक धनराशि A, B, C और D के बीच 17 : 3 : 9 : 6 के अनुपात में वितरित की जानी है। यदि C को B से ₹294 अधिक मिलते हैं, तो A को कितनी राशि प्राप्त हुई?

Ans
- ✗ A. ₹836
- ✗ B. ₹835
- ✓ C. ₹833
- ✗ D. ₹834

Q.41 एक धनराशि को एक निश्चित साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षों के लिए निवेश किया गया। यदि इसे 4% अधिक वार्षिक ब्याज दर पर निवेश किया जाता, तो ₹360 अधिक प्राप्त होते। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹3,500
- ✓ B. ₹3,000
- ✗ C. ₹2,800
- ✗ D. ₹3,200

Q.42 दो संख्याओं का योग 26 है। बड़ी संख्या छोटी संख्या से 4 अधिक है। बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 13
- ✗ C. 18
- ✓ D. 15

Q.43 4 के प्रथम 9 गुणजों का औसत ..... है।

Ans
- ✓ A. 20
- ✗ B. 9
- ✗ C. 4
- ✗ D. 18

Q.44 यदि सात-अंकों की संख्या 78p3945, 11 से विभाज्य है, तो 'p' का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 3
- ✓ C. 5
- ✗ D. 4

Q.45 एक बुकशेल्फ़ का अंकित मूल्य ₹572 है, जो क्रय मूल्य से 40% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 2% है, तो छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)।

Ans
- ✗ A. 29.72%
- ✗ B. 25.22%
- ✓ C. 27.14%
- ✗ D. 28.83%

Q.46 प्रेक्षणों 29, 48, 65, 32, 72, 63, 64, 18 और 14 का समांतर माध्य .....है।

Ans
- ✓ A. 45
- ✗ B. 43
- ✗ C. 38
- ✗ D. 40

Q.47 यदि किसी संख्या के $\frac{2}{3}$ के 20% के 50% का मान 686 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11840
- ✓ B. 10290
- ✗ C. 14190
- ✗ D. 10150

Visit Website "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.48 आयत ABCD के अंदर कोई भी एक बिंदु P है। यदि PA = 73 cm, PB = 57 cm और PC = 99 cm, तो PD की लंबाई (cm में) .....है।

Ans
✗ A. 112
✗ B. 103
✓ C. 109
✗ D. 105

Q.49 धातु की एक छड़ को तीन भागों, A, B और C में विभाजित किया गया है। A और B की लंबाई 9 : 14 के अनुपात में है, जबकि C और B की लंबाई 10 : 13 के अनुपात में है। यदि A और C की लंबाई में अंतर 23 cm है, तो धातु की छड़ की कुल लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 455
✓ B. 439
✗ C. 424
✗ D. 429

Q.50 रंजीत ने एक वस्तु ₹582 में बेची और 20% का लाभ कमाया। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
✗ A. 490
✓ B. 485
✗ C. 495
✗ D. 480

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'way hen wet' को 'ir wj ry' के रूप में और 'seed desk way' को 'wj kk bm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'way' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ A. kk
✗ B. ry
✗ C. ir
✓ D. wj

Q.52 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

114 ÷ 7 - 42 x 2 + 43 = ?

Ans
✗ A. 772
✗ B. 778
✗ C. 774
✓ D. 776

Q.53 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख एक पंक्ति में बैठे हैं।
Q.29	यदि $(a-1)^3+(a-4)^3+(a-7)^3=3(a-1)(a-4)(a-7)$ है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 4
	✘ B. -4
	✘ C. -1
	✘ D. 1

Q.30	यदि 1533 m लंबी ट्रेन एक खंभे को 73 सेकंड में पार करती है, तो ट्रेन द्वारा 420 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 86
	✔ B. 93
	✘ C. 96
	✘ D. 84

Q.31	$\frac{\sin 80^\circ}{\cos 10^\circ}-\sin 57^\circ \sec 33^\circ+2$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 2
	✘ B. 1
	✘ C. 0
	✘ D. 3

Q.32	अमन किसी काम का $\frac{1}{6}$ भाग 13 दिनों में कर सकता है और चमन उसी काम का $\frac{1}{7}$ भाग 19 दिनों में कर सकता है। यदि दोनों मिलकर काम करें तो काम पूरा करने में कितने दिन लगेंगे? (दशमलव के एक अंक स्थान तक पूर्णांकित)
Ans	✘ A. 51.6
	✘ B. 54.5
	✘ C. 46.3
	✔ D. 49.2

Q.33	10.5 cm त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर 3.5 cm त्रिज्या वाले छोटे गोलाकार गोले बनाए जाते हैं। सभी छोटे गोलों के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल और मूल गोले के पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 12 : 1
	✔ B. 3 : 1
	✘ C. 9 : 1
	✘ D. 6 : 1

Visit Website "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.34	₹1,014 प्रति मिक्सर की दर से 250 मिक्सरों के उस बिल का निपटान एक क्रेडिट कार्ड भुगतान द्वारा किया जाना है जिस पर 30% और 15% की क्रमिक छूट प्राप्त हुई तथा कार्ड भुगतान पर 20% की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी, भुगतान की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए?
Ans	✗ A. ₹1,20,678
	✗ B. ₹1,20,664
	✓ C. ₹1,20,666
	✗ D. ₹1,20,696

Q.35	लाल, हरे और गुलाबी टोकन वाले एक बैग में, लाल और हरे टोकन का अनुपात 14 : 8 था जबकि गुलाबी और लाल टोकन का अनुपात 2 : 6 था। हरे और गुलाबी टोकन का अनुपात कितना था?
Ans	✗ A. 9 : 11
	✓ B. 12 : 7
	✗ C. 11 : 14
	✗ D. 7 : 12

Q.36	एक शिक्षक 15 एकसमान परीक्षा फ़ोल्डर तैयार कर रहा है। प्रत्येक फ़ोल्डर में 8 प्रश्न पत्रक, 6 उत्तर पत्रक और एक पुस्तिका है जिसमें $\left[\frac{27-3}{6}+4\right]$ अतिरिक्त पृष्ठ हैं। शिक्षक सभी 15 फ़ोल्डरों के लिए कुल कितने पृष्ठ और शीट तैयार करता है?
Ans	✓ A. 330
	✗ B. 270
	✗ C. 134
	✗ D. 360

Q.37	यदि ₹4,000 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को ₹280 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत कितना है?
Ans	✓ A. 93%
	✗ B. 91%
	✗ C. 94%
	✗ D. 95%

Q.38	एक कक्षा के 35 विद्यार्थियों की औसत आयु 13 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 14 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 51
	✗ B. 47
	✓ C. 49
	✗ D. 53

Q.39	एक परिवार में पिता, माता, पुत्र और पुत्री हैं। पुत्र और पुत्री की आयु में 3 वर्ष का अंतर है, जो पिता और माता की आयु के अंतर के बराबर है। परिवार की कुल आयु 144 वर्ष है। पिता सबसे बड़े हैं और पुत्र सबसे छोटा है। पुत्र की आयु माता की आयु की आधी है। पुत्री की आयु (वर्षों में) कितनी है?
Ans	✗ A. 22
	✗ B. 23
	✓ C. 26
	✗ D. 20

Q.40	₹7,700 राशि पर वर्षिक रूप से संयोजित 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से, 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹8,936
	✓ B. ₹9,317
	✗ C. ₹9,494
	✗ D. ₹10,109

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.41	146 और 196 के बीच की कुल अभाज्य संख्याएं ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 12
	✗ B. 13
	✓ C. 10
	✗ D. 11

Q.42	यदि आंकड़े 8, 7, 8, 7, 9, 10, 2, 8, 9, 7, 5, 10 और x का बहुलक 7 है, तो x का मान कितना होगा?
Ans	✗ A. 8
	✗ B. 9
	✓ C. 7
	✗ D. 5

Q.43	A, B और C एक काम को क्रमशः 3, 2 और 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, वे उसी काम का तीन गुना काम पूरा करने में कितना समय (दिनों में) लेंगे?
Ans	✗ A. 9
	✓ B. 3
	✗ C. 6
	✗ D. 4

Q.44	एक महिला 80 मिनट तक, 20 m/min की चाल से और 60 मिनट तक, 55 m/min की चाल से यात्रा करती है। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 28
	✓ B. 35
	✗ C. 39
	✗ D. 41

Q.45	24-मीटर-लंबे एक तार को तीन टुकड़ों में विभाजित गया है। सबसे बड़े टुकड़े की लंबाई, सबसे छोटे टुकड़े की लंबाई की तीन गुनी है। दो बड़े टुकड़ों की लंबाई का अंतर, दो छोटे टुकड़ों की लंबाई के अंतर के बराबर है। सबसे बड़े टुकड़े की लंबाई मीटर में ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 18
	✗ B. 10
	✗ C. 15
	✓ D. 12

Q.46	$\frac{1}{20}, \frac{10}{70}$ का कितना प्रतिशत है?
Ans	✗ A. 45%
	✗ B. 50%
	✓ C. 35%
	✗ D. 70%

Q.47	यदि एक आयत का क्षेत्रफल 195 cm^2 है तथा लम्बाई 15 cm है, तो आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 56 cm
	✗ B. 54 cm
	✗ C. 52 cm
	✗ D. 58 cm

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.48	एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹10,720 है। इसे ₹9,862.40 में बेचा गया। हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 10%
	✗ B. 6%
	✗ C. 5%
	✓ D. 8%

Q.49	यदि किसी संख्या के 20% को 72 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होगी। उसी संख्या का 80% कितना है?
Ans	✗ A. 102
	✓ B. 72
	✗ C. 92
	✗ D. 82

Q.50	क्रमशः 57 m और 399 m लंबाई वाली दो लकड़ी की छड़ें हैं। छड़ों को बराबर लंबाई वाले टुकड़ों में काटा जाना है। प्रत्येक छड़ की अधिकतम संभव लंबाई कितनी है?
Ans	✗ A. 56 m
	✓ B. 57 m
	✗ C. 59 m
	✗ D. 58 m

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं। (बाएं) 5 $ 5 7 $ $ @ & * € 3 # 8 # $ 5 © 7 £ 4 & * (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. एक भी नहीं
	✗ B. तीन
	✗ C. दो
	✓ D. एक

Q.52	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 1211 1212 1215 1210 1219 1208 ? 1206 1227
Ans	✗ A. 1227
	✗ B. 1225
	✓ C. 1223
	✗ D. 1220

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.53	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: कुछ तकिए, चटाई हैं। कुछ चटाई, कुशन हैं। निष्कर्ष: (I): कुछ तकिए, कुशन हैं। (II): सभी कुशन, चटाई हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.54	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. EFH
	✗ B. MNP
	✗ C. XYA
	✓ D. FHI

Q.55	एक निश्चित कूट भाषा में, 'AUTO' को '2683' के रूप में और 'TOUR' को '8136' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' का कूट क्या होगा?
Ans	✓ A. 1
	✗ B. 3
	✗ C. 6
	✗ D. 8

Q.56	A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में B बैठा है। B के बाईं ओर से गिनने पर, B और A के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के बाईं ओर से गिनने पर, C और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F के ठीक दाईं ओर पड़ोस में G बैठा है। C के दाईं ओर से गिनने पर, A और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. 1
	✗ B. 4
	✓ C. 3
	✗ D. 2

Q.57	A, B, C, D, W, X और Y, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। D और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Y के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। W, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है। W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. C
	✗ B. A
	✗ C. X
	✓ D. Y

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.58	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 256 211 166 121 76 ?
Ans	✗ A. 32
	✓ B. 31
	✗ C. 27
	✗ D. 33

Q.59	निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है। JOBS - JSBO - SBOJ OILY - OYLI - YLIO
Ans	✗ A. IDEA - IDAE - DEAI
	✓ B. EARN - ENRA - NRAE
	✗ C. KIDS - KDIS - SDIK
	✗ D. GAVE - AGVE - EAVG

Q.60	तनय अपनी कक्षा में ऊपर से 24वें और नीचे से 56वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✗ A. 77
	✗ B. 78
	✓ C. 79
	✗ D. 80

Q.61	सुमेधा अपनी कक्षा में ऊपर से 9वें स्थान पर और नीचे से 23वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✗ A. 35
	✓ B. 31
	✗ C. 27
	✗ D. 37

Q.62	दी गई श्रृंखला को पूरा करने के लिए कौन-सा अक्षर समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? ECO HFN KIM ? QOK
Ans	✓ A. NLL
	✗ B. MNJ
	✗ C. LPO
	✗ D. KLI

Q.63	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं। (बाएं) 2 8 1 7 3 6 6 6 1 5 5 3 4 1 5 5 3 9 7 7 7 (दाएं) ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?
Ans	✗ A. 1
	✗ B. 4
	✓ C. 2
	✗ D. 3

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64	शुभम बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 10 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 14 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)
Ans	✔ A. उत्तर में 4 km
	✘ B. दक्षिण में 5 km
	✘ C. दक्षिण में 4 km
	✘ D. उत्तर में 5 km

Q.65	M, N, O, P, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर से गिनने पर पर X और W के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। W के दाईं ओर से गिनने पर W और M के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। X के दाईं ओर से गिनने पर X और N के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में P बैठा है। O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✘ A. M
	✘ B. X
	✔ C. Y
	✘ D. P

Q.66	एक निश्चित कूट भाषा में, 'nice large land' को 'cd ak pi' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और, 'land is fertile' को 'rf pc ak' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'cost is high' को 'si ig pc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'fertile' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?
Ans	✔ A. rf
	✘ B. ak
	✘ C. pc
	✘ D. cd

Q.67	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' 'A = B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' 'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' 'A √ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C = D √ E ? F @ L' है, तो C का L से क्या संबंध है?
Ans	✘ A. माता का भाई
	✔ B. बहन का पुत्र
	✘ C. पुत्र
	✘ D. भाई का पुत्र

Q.68	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है। (बाएं) 1 2 4 5 7 2 9 6 7 3 4 1 6 6 9 8 4 7 6 1 7 3 4 9 7 (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद एक विषम संख्या है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है)?
Ans	✘ A. तीन
	✘ B. दो
	✔ C. चार
	✘ D. एक

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.69	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 15 17 21 23 27 ?
Ans	✗ A. 31
	✗ B. 33
	✗ C. 30
	✓ D. 29

Q.70	निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए? 104 – 176 × 16 ÷ 9 + 192 = ?
Ans	✗ A. 18
	✗ B. 12
	✓ C. 11
	✗ D. 14

Q.71	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. YE – DT
	✗ B. IO – ND
	✓ C. KQ – QE
	✗ D. RX – WM

Q.72	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** कुछ शेड, रूफ हैं। सभी सीलिंग, रूफ हैं। **निष्कर्ष:** (I): कुछ शेड, सीलिंग हैं। (II): सभी रूफ, सीलिंग हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.73	रश्मि बिंदु A से चलना शुरू करती है और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 4 km ड्राइव करती है, दाएं मुड़ती है और 3 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 4 km ड्राइव करती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 2 km ड्राइव करती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)
Ans	✗ A. पश्चिम की ओर 8 km
	✗ B. पूर्व की ओर 6 km
	✓ C. दक्षिण की ओर 8 km
	✗ D. उत्तर की ओर 4 km

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.74	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? GRK 45, KMG 54, OHC 63, SCY 72, ?
Ans	✗ A. VXT 83
	✓ B. WXU 81
	✗ C. VYU 83
	✗ D. XWV 81

Q.75	एक निश्चित तरीके से, LW 3 का संबंध QV −10 से है। उसी तरीके से, JU 6 का संबंध OT −7 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, PU 4 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
Ans	✗ A. KO −5
	✗ B. YT −2
	✗ C. HU −4
	✓ D. UT −9

Q.76	निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए? 409 ÷ 2 + 416 × 8 − 76 = ?
Ans	✗ A. 844
	✗ B. 841
	✓ C. 842
	✗ D. 843

Q.77	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, ZWRM का संबंध WRUR से है। उसी तरीके से, NCDG का संबंध KXGL से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ENMV का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
Ans	✓ A. BIPA
	✗ B. BAPL
	✗ C. BIAP
	✗ D. BPLO

Q.78	संख्या 3241586 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
Ans	✗ A. एक का भी नहीं
	✗ B. तीन
	✓ C. दो
	✗ D. एक

Q.79	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 2 3 8 1 7 9 1 7 7 5 5 3 7 8 6 9 6 9 2 5 1 9 1 (दाएं) ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?
Ans	✗ A. तीन
	✓ B. एक
	✗ C. दो
	✗ D. चार

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (39, 117, 13) (48, 99, 1)
Ans	✗ A. (19, 106, 24)
	✓ B. (27, 117, 21)
	✗ C. (35, 138, 24)
	✗ D. (8, 42, 10)

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	IMF के अप्रैल 2025 वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (World Economic Outlook) के अनुसार, वर्ष 2025 के लिए भारत की अनुमानित GDP वृद्धि दर क्या है?
Ans	✗ A. 6.0%
	✓ B. 6.2%
	✗ C. 5.9%
	✗ D. 6.5%

Q.82	फरवरी 2025 में दोहा, कतर में आयोजित 2025 एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप (Asian Snooker Championship) में पुरुषों का खिताब किसने जीता?
Ans	✓ A. पंकज आडवाणी (Pankaj Advani)
	✗ B. अमीर सरकोश (Amir Sarkosh)
	✗ C. नारंतुया बयारसाइखान (Narantuya Bayarsaikhan)
	✗ D. चांग यू किउ (Chang Yu Kiu)

Q.83	किस पैरा-तैराक को 2025 में अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) प्राप्त हुआ?
Ans	✓ A. मुरलीकांत पेटकर
	✗ B. शरत गायकवाड़
	✗ C. सुयश जाधव
	✗ D. प्रशांत कर्माकर

Q.84	मई 2025 के अंत में किन दो देशों ने चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता हस्तांतरित करने वाली संधि पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✓ A. यूके और मॉरीशस (UK and Mauritius)
	✗ B. मॉरीशस और भारत (Mauritius and India)
	✗ C. यूएस और मॉरीशस (US and Mauritius)
	✗ D. यूके और भारत (UK and India)

Q.85	आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, किस आवास स्कीम के तहत 25 नवंबर 2024 तक शहरी क्षेत्रों में 89 लाख से अधिक घर पूर्ण हो चुके थे?
Ans	✗ A. स्मार्ट सिटी मिशन
	✗ B. शहरी बेघरों के लिए आश्रय (SUH)
	✗ C. इंदिरा आवास योजना
	✓ D. प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.86	मई 2025 में, किस राज्य सरकार ने विस्टाडोम कोच से सुसज्जित भारत की पहली जंगल सफारी ट्रेन शुरू की?
Ans	✗ A. अरुणाचल प्रदेश
	✓ B. उत्तर प्रदेश
	✗ C. आंध्र प्रदेश
	✗ D. हिमाचल प्रदेश

Q.87	जब मैडिसन कीज़ (Madison Keys) ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम (Grand Slam) खिताब जीता था, तो फाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी कौन थी?
Ans	✗ A. कोको गॉफ़ (Coco Gauff)
	✗ B. इगा स्विएटेक (Iga Świątek)
	✓ C. आर्यना सबालेंका (Aryna Sabalenka)
	✗ D. एलेना रयबाकिना (Elena Rybakina)

Q.88	केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मई 2025 में देश के अग्रणी 3nm चिप डिज़ाइन केंद्रों का उद्घाटन कहाँ किया?
Ans	✗ A. चेन्नई और अहमदाबाद
	✓ B. नोएडा और बेंगलुरु
	✗ C. जयपुर और दिल्ली
	✗ D. हैदराबाद और लखनऊ

Q.89	निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 2025 में जारी संशोधित ग्रीन इंडिया मिशन (Green India Mission - GIM) योजना के तहत संवेदनशील परिदृश्यों की सूची में शामिल है?
Ans	✓ A. अरावली पर्वत श्रृंखला
	✗ B. दक्कन का पठार
	✗ C. सिंधु-गंगा का मैदान
	✗ D. थार रेगिस्तान

Q.90	अप्रैल 2025 में, निम्नलिखित में से कौन-सी नियमावली लागू होगी?
Ans	✓ A. पर्यावरण संरक्षण (एंड-ऑफ़-लाइफ व्हीकल्स) नियमावली
	✗ B. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियमावली
	✗ C. जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियमावली
	✗ D. खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) संशोधन नियमावली

Q.91	सर्वोच्च न्यायालय (संशोधन) नियमावली, 2025 में, वर्ष _____ में पारित सर्वोच्च न्यायालय नियमावली के आदेश II, नियम 1 से 3 में परिवर्तन शामिल हैं।
Ans	✗ A. 1993
	✗ B. 1983
	✓ C. 2013
	✗ D. 2003

Q.92	मार्च 2025 में, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के दौरान भारत में कितने भूकंप रेकॉर्ड किए गए?
Ans	✗ A. 213
	✓ B. 159
	✗ C. 197
	✗ D. 136

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.93	जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किस एथलीट को एथलेटिक्स के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
Ans	✗ A. तजिंदरपाल सिंह तूर
	✗ B. नीरज चोपड़ा
	✗ C. अविनाश साबले
	✓ D. ज्योति याराजी

Q.94	समुद्री यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए न्यू पम्बन ब्रिज (तमिलनाडु, भारत) में कौन-सी अनूठी विशेषता शामिल है?
Ans	✗ A. बेसक्यूल मैकेनिज्म
	✓ B. वर्टिकल-लिफ्ट
	✗ C. स्विंग ब्रिज
	✗ D. सस्पेंशन केबल

Q.95	केंद्रीय संचार मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जून 2025 में विश्व वाई-फाई दिवस सम्मेलन (World Wi-Fi Day Conference) में अपने मुख्य भाषण के दौरान, _____ तक भारत में वाई-फाई को ₹1,83,000 करोड़ (US$ 21.2 बिलियन) का क्षेत्र बनने का अनुमान लगाया।
Ans	✗ A. 2040
	✗ B. 2030
	✓ C. 2035
	✗ D. 2045

Q.96	मई 2025 में निम्नलिखित में से किन दो देशों के बीच चागोस द्वीपसमूह संप्रभुता समझौते (Chagos Archipelago Sovereignty Agreement) पर हस्ताक्षर किए गए?
Ans	✓ A. यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस
	✗ B. यूनाइटेड किंगडम और भारत
	✗ C. यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया
	✗ D. यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.97	SBI की जनवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 24 के लिए भारत में शहरी गरीबी दर कितनी थी?
Ans	✗ A. 1.1%
	✓ B. 4.09%
	✗ C. 13.7%
	✗ D. 4.6%

Q.98	अंतरिक्ष अनुप्रयोगों (space applications) के लिए विकसित विक्रम 3201 और कल्पना 3201 माइक्रोप्रोसेसर किस प्रकार के माइक्रोप्रोसेसर हैं?
Ans	✗ A. 64-बिट माइक्रोप्रोसेसर
	✗ B. 16-बिट माइक्रोप्रोसेसर
	✓ C. 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर
	✗ D. 8-बिट माइक्रोप्रोसेसर

Q.99	9 जून 2025 को किस भारतीय केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने पहली बार नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (National e-Vidhan Application) को अपनाया?
Ans	✗ A. लक्षद्वीप
	✗ B. दिल्ली
	✓ C. पुडुचेरी
	✗ D. चंडीगढ़

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.100	निम्नलिखित में से किस मंत्री ने जून 2025 में राजस्थान में बीज और उर्वरक गोदामों पर अचानक छापे मारे?
Ans	✗ A. मल्लिकार्जुन खड़गे
	✗ B. योगी आदित्यनाथ
	✗ C. ममता बनर्जी
	✓ D. किरोड़ी लाल मीणा

"

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	01/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1	**जीवन प्रक्रियाओं के लिए, जीव के शरीर के बाहर से ऊर्जा के स्रोत के स्थानांतरण को _____ कहा जाता है।**
Ans	✗ A. पाचन
	✓ B. पोषण
	✗ C. उत्सर्जन
	✗ D. श्वसन

Q.2	**एक वस्तु बिंदु O से बिंदु A (100 m दूर) तक एक सीधे रास्ते पर चलती है, फिर तुरंत वापस मुड़ती है और वापस आते हुए बिंदु B पर रुक जाती है, जो कि O की ओर A से 30 m दूर है। तय की गई कुल दूरी और विस्थापन का परिमाण क्रमशः क्या है?**
Ans	✗ A. 100 m, 70 m
	✓ B. 130 m, 70 m
	✗ C. 70 m, 70 m
	✗ D. 130 m, 30 m

Q.3	**एक धावक 175 m त्रिज्या वाले वृत्तीय पथ का एक चक्कर 35 सेकंड में पूरा करता है। एक चक्कर के बाद औसत वेग _____ होगा।**
Ans	✓ A. 0 m/s
	✗ B. 10 m/s
	✗ C. 20 m/s
	✗ D. 5 m/s

Q.4	**फसल संरक्षण प्रबंधन में कीटनाशकों के उपयोग द्वारा _____ को नियंत्रित किया जाता है।**
Ans	✗ A. विषाणुओं
	✗ B. कवकों
	✓ C. कीटों
	✗ D. खरपतवारों

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.5	चलती बस में खड़ा एक यात्री अचानक बस के रुकने पर आगे की ओर गिर जाता है। यह निम्नलिखित में से किस नियम को दर्शाता है?
Ans	✗ A. न्यूटन का तीसरा नियम
	✓ B. न्यूटन का पहला नियम
	✗ C. गुरुत्व का नियम
	✗ D. न्यूटन का दूसरा नियम

Q.6	निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, प्रजनन की बहुविखंडन मोड के माध्यम से गुणन करता है?
Ans	✓ A. प्लाज्मोडियम (Plasmodium)
	✗ B. गार्डन मटर (Garden pea)
	✗ C. हिबिस्कस (Hibiscus)
	✗ D. लीशमैनिया (Leishmania)

Q.7	निम्नलिखित में से कौन-सा पोषक तत्व, पौधों के लिए प्रचुर मात्रा में आवश्यक होता है?
Ans	✗ A. जिंक
	✗ B. लोहा
	✗ C. कॉपर
	✓ D. फॉस्फोरस

Q.8	इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर निश्चित पथों पर परिक्रमण करते हैं जिन्हें _____ कहा जाता है।
Ans	✗ A. दीर्घवृत्तीय पथ
	✓ B. कोश या कक्षक
	✗ C. क्वार्क
	✗ D. न्यूक्लिऑन

Q.9	द्रवों का _____।
Ans	✗ A. आकार निश्चित नहीं होता है और आयतन निश्चित नहीं होता है
	✗ B. आकार निश्चित होता है और आयतन निश्चित नहीं होता है
	✗ C. आकार निश्चित होता है और आयतन निश्चित होता है
	✓ D. आकार निश्चित नहीं होता है, लेकिन आयतन निश्चित होता है

Q.10	निम्नलिखित में से कौन-सा अधातुओं का सामान्य भौतिक गुणधर्म है?
Ans	✗ A. उच्च गलनांक और क्वथनांक
	✓ B. धुंधला रूप (गैर-चमकदार)
	✗ C. आघातवर्धनीयता और तन्यता
	✗ D. उच्च विद्युत चालकता

Q.11	निम्नलिखित में से कौन-सी जीवन प्रक्रिया किसी जीव के जीवन को बनाए रखने के लिए आवश्यक नहीं है?
Ans	✓ A. प्रजनन
	✗ B. पोषण
	✗ C. उत्सर्जन
	✗ D. श्वसन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.12	श्रेणीक्रम में व्यवस्थित समान प्रतिरोध R वाले 10 प्रतिरोधकों का कुल प्रतिरोध _____ है।
Ans	✗ A. R/10
	✗ B. R10
	✓ C. 10R
	✗ D. 10/R

Q.13	परिपथ आरेखों में, एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा (zigzag line) का उपयोग निम्नलिखित में से किसे निरूपित करने के लिए किया जाता है?
Ans	✗ A. एक स्विच
	✗ B. एक फ्यूज
	✓ C. एक प्रतिरोधक
	✗ D. एक बैटरी

Q.14	किसी हॉल या कमरे में अनुरणन (reverberation) का मुख्य कारण क्या है?
Ans	✗ A. मृदु पदार्थों द्वारा ध्वनि का अवशोषण
	✗ B. वायु तापमान में परिवर्तन
	✓ C. कठोर पृष्ठों से ध्वनि का बहु परावर्तन
	✗ D. ध्वनि तरंगों का बंकन

Q.15	संक्षारण क्या है?
Ans	✗ A. ऊष्माशोषी अभिक्रिया
	✓ B. रसायनिक परिवर्तन
	✗ C. उदासीनीकरण अभिक्रिया
	✗ D. भौतिक परिवर्तन

Q.16	गॉल्जी उपकरण निम्नलिखित में से किस अंगक से संबंधित है?
Ans	✗ A. लवक (Plastids)
	✗ B. केन्द्रक (Nucleus)
	✗ C. सूत्रकणिका (Mitochondria)
	✓ D. अंतर्द्रव्यी जालिका (Endoplasmic reticulum)

Q.17	एक बच्चा खिलौना कार को ज़मीन पर खींचता है। यदि बल और विस्थापन एक ही दिशा में हों, तो किया गया कार्य _____ होगा।
Ans	✗ A. ऋणात्मक
	✗ B. शून्य के बराबर
	✗ C. कार की चाल के बराबर
	✓ D. बल और विस्थापन के गुणनफल के बराबर

Q.18	ग्लूकोज का रासायनिक सूत्र क्या है?
Ans	✗ A. CH_4
	✗ B. $C_{11}H_{22}O_{11}$
	✗ C. CH_3COOH
	✓ D. $C_6H_{12}O_6$

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.19	तंत्रिकोशिकाओं में कोशिका-काय से जुड़े कई छोटे, शाखित भाग या प्रक्रियाएँ होती हैं जिन्हें _____ कहा जाता है।
Ans	✔ A. द्रुमिका (dendrites)
	✘ B. अक्षतंतु (axons)
	✘ C. तंत्रिका सिरा (nerve endings)
	✘ D. केंद्रक (nuclei)

Q.20	'बोहर के परमाणु मॉडल' के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
Ans	✘ A. परमाणु के बाहर केवल कुछ विशेष कक्षाओं की अनुमति होती है, जिन्हें इलेक्ट्रॉनों की विविक्त कक्षाएं कहा जाता है।
	✘ B. विविक्त कक्षाओं में घूमते समय, इलेक्ट्रॉन अस्तित्व में नहीं होते हैं।
	✔ C. परमाणु के भीतर केवल कुछ विशेष कक्षाओं की अनुमति होती है, जिन्हें इलेक्ट्रॉनों की विविक्त कक्षाएं कहा जाता है।
	✘ D. विविक्त कक्षाओं में घूमते समय, इलेक्ट्रॉन ऊर्जा विकीर्ण करते हैं।

Q.21	उदासीनीकरण अभिक्रिया में अम्ल से _____ और क्षार से _____ का संयोजन होता है जिससे जल अणुओं का निर्माण होता है।
Ans	✘ A. क्रमशः, OH+ आयन और OH- आयन
	✘ B. क्रमशः, OH+ आयन और H- आयन
	✔ C. क्रमशः, H+ आयन और OH- आयन
	✘ D. क्रमशः, H- आयन और OH+ आयन

Q.22	निम्नलिखित में से किसे समाज में खराब जीवन स्तर में योगदान देने वाला प्रमुख कारक माना जाता है?
Ans	✘ A. शहरी क्षेत्रों में तकनीकी का अत्यधिक उपयोग
	✔ B. संसाधनों के वितरण में असमानता
	✘ C. केवल समाज में शिक्षा का स्तर
	✘ D. केवल जनसंख्या की तीव्र वृद्धि

Q.23	एक त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म में कितने आयताकार पार्श्व पृष्ठ होते हैं?
Ans	✘ A. दो
	✔ B. तीन
	✘ C. एक
	✘ D. चार

Q.24	किसी वस्तु के आकार का वास्तविक प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए उसे उत्तल लेंस के सामने कहाँ रखा जाना चाहिए?
Ans	✔ A. फोकस दूरी के दोगुने पर
	✘ B. अनंत और लेंस के मुख्य फोकस के बीच
	✘ C. अनंत पर
	✘ D. लेंस के मुख्य फोकस पर

Q.25	दिए गए यौगिकों में से, किसका उपयोग ईंधन योज्य के रूप में किया जाता है?
Ans	✘ A. एथेनॉइक अम्ल (Ethanoic acid)
	✘ B. ऐथेनैल (Ethanal)
	✘ C. एथेन (Ethane)
	✔ D. एथेनॉल (Ethanol)

Section : **Mathematics**

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.26	लेमन कैंडी और स्ट्रॉबेरी कैंडी की प्रति इकाई कीमत का अनुपात 4 : 14 है, और एक परिवार मात्रा के अनुसार इनका उपभोग 23 : 2 के अनुपात में करता है। स्ट्रॉबेरी कैंडी और लेमन कैंडी पर व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 7 : 23
	✘ B. 7 : 24
	✘ C. 10 : 24
	✘ D. 8 : 26

Q.27	600 km की यात्रा में, एक ट्रक पहले 300 km की दूरी 42 km/hr की चाल से तय करता है। उसे शेष दूरी किस चाल (km/hr में) से तय करनी चाहिए, ताकि संपूर्ण यात्रा की औसत चाल 63 km/hr हो?
Ans	✘ A. 141
	✘ B. 106
	✘ C. 101
	✔ D. 126

Q.28	$\left(\frac{3^4 \times 9^{-2}}{27^{-1} \times 3^{-3}}\right)^{\frac{1}{3}}$ को सरल कीजिए।
Ans	✘ A. 27
	✘ B. 1
	✔ C. 9
	✘ D. 3

Q.29	21 फरवरी 2024 से 22 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए 6% वार्षिक ब्याज दर पर ₹4,000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 40
	✘ B. 41
	✘ C. 39
	✘ D. 38

Q.30	यदि $x + y + z = 0$ और $xyz = 21$ है, तो $x^3 + y^3 + z^3$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 21
	✔ B. 63
	✘ C. 42
	✘ D. 0

Q.31	एक चतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे के लंबवत समद्विभाजक हैं। यदि एक विकर्ण की लंबाई 8 cm है और चतुर्भुज का क्षेत्रफल 48 cm^2 है, तो दूसरे विकर्ण की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 10
	✔ B. 12
	✘ C. 14
	✘ D. 8

Q.32	435 मीटर लंबी एक रेलगाड़ी अपनी लंबाई से तीन गुना लंबे प्लेटफार्म को 87 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/hr में) कितनी होगी?
Ans	✘ A. 80
	✘ B. 68
	✘ C. 76
	✔ D. 72

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.33	एक बेलनाकार वाटर टैंक का व्यास 2.8 m और ऊँचाई 3.5 m है। इसका बाह्य वक्र पृष्ठ और दोनों वृत्तीय सिरों पर पेंट किया जाना है। यदि पेंटिंग की लागत ₹25/m^2 है, तो टैंक को पेंट करने की संपूर्ण लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✗ A. ₹1,290
	✗ B. ₹1,160
	✗ C. ₹1,220
	✓ D. ₹1,078

Q.34	एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 81 पेज टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा?
Ans	✗ A. 1610
	✓ B. 1620
	✗ C. 1625
	✗ D. 1630

Q.35	यदि किसी संख्या का 20%, 102 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या होगी। उसी संख्या का 60%, ... है।
Ans	✗ A. 96.5
	✗ B. 106.5.
	✗ C. 86.5
	✓ D. 76.5

Q.36	$\frac{(0.85)^3-(0.1)^3}{(0.85)^2+0.085+0.01}$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 0.99
	✗ B. 0.65
	✗ C. 0.95
	✓ D. 0.75

Q.37	A और B मिलकर एक काम को 3 दिन में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 21 दिन में पूरा कर सकता है। A अकेले उस काम का दोगुना काम कितने समय (दिनों में) में पूरा करेगा?
Ans	✗ A. 8
	✗ B. 10
	✓ C. 7
	✗ D. 3.5

Q.38	$\frac{1-\cos 2\theta}{\sin 2\theta}$ को सरल करें।
Ans	✗ A. $\sin\theta$
	✗ B. $\cot\theta$
	✗ C. $\text{cosec}\,\theta$
	✓ D. $\tan\theta$

Q.39	4, 12, 8, 10, 16, 14, 9, 20, 18, 22, 15 और K का औसत 14 है। K का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 20
	✗ B. 18
	✗ C. 16
	✗ D. 15

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.40	तीन आदमी 39 फीट गहरा कुआं 4 दिन में खोद सकते हैं। कितने आदमी 78 फीट गहरा कुआं 12 दिन में खोद सकते हैं?
Ans	✗ A. 1
	✗ B. 3
	✗ C. 5
	✓ D. 2

Q.41	डायना की आयु, टेरेसा की आयु की तीन गुनी है और होमी की आयु, डायना की आयु की दोगुनी है। यदि डायना की आयु, तीनों की औसत आयु से 4 वर्ष कम है, तो होमी की आयु (वर्षों में) कितनी है।
Ans	✓ A. 72
	✗ B. 68
	✗ C. 78
	✗ D. 70

Q.42	नीले, पीले और नारंगी टोकन वाले एक बॉक्स में, नीले और पीले टोकन का अनुपात 13 : 19 था, जबकि नारंगी और नीले टोकन का अनुपात 10 : 3 था। नारंगी और पीले टोकन का अनुपात कितना था?
Ans	✗ A. 134 : 62
	✗ B. 137 : 61
	✓ C. 130 : 57
	✗ D. 132 : 59

Q.43	आकृति ₹ 54,500 मासिक कमाती है और अपने वेतन के 17% की बचत करती है। उसका मासिक खर्च ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹ 45,235
	✗ B. ₹ 45,523
	✗ C. ₹ 45,325
	✗ D. ₹ 45,352

Q.44	आयत ABCD के भीतर कोई भी बिंदु P है। यदि PA = 57 cm, PB = 9 cm, और PC = 54 cm है, तो PD की लंबाई (cm में) निम्नलिखित में से कितनी है?
Ans	✗ A. 76
	✗ B. 80
	✗ C. 83
	✓ D. 78

Q.45	पोल (poll) की शुरुआत में, राहुल को कुल मतों का 52% मत और लीना को कुल मतों का 48% मत प्राप्त हुआ। कुल मतदान 3,72,000 हुआ। लीना को 1,00,000 से अधिक कितने मत प्राप्त हुए?
Ans	✗ A. 37,20,000 मत
	✓ B. 78,560 मत
	✗ C. 1,78,560 मत
	✗ D. 1,00,000 मत

Q.46	प्रेक्षणों 79, 42, 47, 77, 49, 75, 56, 26 और 35 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 45
	✓ B. 54
	✗ C. 49
	✗ D. 64

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.47	₹1,050 प्रति माइक्रोवेव की दर से 290 माइक्रोवेव के उस बिल का निपटान एक क्रेडिट कार्ड भुगतान द्वारा किया जाना है जिस पर 4% और 25% की क्रमिक छूट प्राप्त हुई तथा कार्ड भुगतान पर 5% की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी, भुगतान की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए?
Ans	✔ A. ₹2,08,278
	✘ B. ₹2,08,292
	✘ C. ₹2,08,260
	✘ D. ₹2,08,290

Q.48	1 लीटर दूध का क्रय मूल्य, 800 ml दूध के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत ____ है।
Ans	✘ A. 27.5%
	✔ B. 25%
	✘ C. 20%
	✘ D. 22.5%

Q.49	एक फल की टोकरी में, सेबों की तुलना में दोगुने संतरे हैं। यदि टोकरी में कुल 36 फल हैं, तो उसमें कितने संतरे हैं?
Ans	✘ A. 30
	✘ B. 18
	✔ C. 24
	✘ D. 12

Q.50	तौलिए बेचने वाली एक दुकान पर ग्राहक को 2 तौलिए की खरीद पर 2 मुफ़्त पाए का ऑफर मिलता है। ग्राहकों को कितने प्रतिशत छूट प्राप्त हुई?
Ans	✘ A. 60%
	✔ B. 50%
	✘ C. 55%
	✘ D. 45%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है। **WEST - EWST - WSTE** **TOPS - OTPS - TPSO**
Ans	✔ A. EXIT - XEIT - EITX
	✘ B. OPEN - POEN - PENO
	✘ C. HIRE - HRIE - ERIH
	✘ D. LADS - ALDS - SADL

Q.52	उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। **AWY–UQS** **RNP–LHJ**
Ans	✘ A. PLN–IFG
	✘ B. PKL–IEG
	✘ C. PKL–JFH
	✔ D. PLN–JFH

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.53	निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा? BBO 2 ECM -4 HDK 8 KEI -16 ?
Ans	✔ A. NFG 32
	✘ B. KLI 33
	✘ C. MJJ 31
	✘ D. MKL 22

Q.54	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी लोशन, क्रीम हैं। सभी क्रीम, साबुन हैं। कोई क्रीम, फेसवॉश नहीं है। निष्कर्ष: (I) कोई साबुन, फेसवॉश नहीं है। (II) कोई लोशन, फेसवॉश नहीं है।
Ans	✘ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✔ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
	✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.55	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख बैठे लोगों की एक पंक्ति में, हिरानी बाएं छोर से 17वें स्थान पर है और तुषार बाएं छोर से 32वें स्थान पर है। तुषार ठीक हिरानी और किरण के बीच में है। यदि किरण पंक्ति के दाएं छोर से 12वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने लोग हैं?
Ans	✘ A. 59
	✔ B. 58
	✘ C. 57
	✘ D. 60

Q.56	एक विशिष्ट कोडिंग प्रणाली में, 'house' को '35791' और 'hose' को '3751' के रूप में दर्शाया जाता है। इस कोडिंग प्रणाली में 'u' को कैसे दर्शाया जाता है?
Ans	✘ A. 1
	✘ B. 7
	✔ C. 9
	✘ D. 3

Q.57	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं। कथन: सभी गीजर, लाइट हैं। कोई भी लाइट, ओवन नहीं है। निष्कर्ष (I): कोई भी गीजर, ओवन नहीं है। निष्कर्ष (II): कुछ ओवन, लाइट हैं।
Ans	✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
	✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.58	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 214 217 222 229 238 ?
Ans	✗ A. 243
	✗ B. 241
	✗ C. 247
	✓ D. 249

Q.59	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F, और G, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, F के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन B के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. 4
	✗ B. 3
	✗ C. 2
	✓ D. 5

Q.60	यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है। (बाएं) 567 862 426 326 749 (दाएं) (उदाहरण-697-पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) (नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।) यदि प्रत्येक संख्या के दूसरे अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं में दूसरा अंक तीसरे अंक से पूर्णतः विभाजित होगा?
Ans	✗ A. दो
	✗ B. चार
	✓ C. एक
	✗ D. तीन

Q.61	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 161 165 173 185 201 ?
Ans	✗ A. 215
	✗ B. 220
	✓ C. 221
	✗ D. 207

Q.62	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. STP
	✓ B. UWR
	✗ C. QRN
	✗ D. WXT

Q.63	यदि संख्या 4876231 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा?
Ans	✗ A. 9
	✗ B. 10
	✗ C. 12
	✓ D. 8

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64	उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (34, 70, 1) (21, 92, 25)
Ans	✗ A. (2, 31, 14)
	✓ B. (17, 52, 9)
	✗ C. (36, 73, 1)
	✗ D. (19, 63, 13)

Q.65	A, B, C, E, F, P और Q एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बायें तीसरे स्थान पर F बैठा है। P के बाएं से गिनने पर C और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E के दाएं से गिनने पर B और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B का निकटतम पड़ोसी A है। Q के क्रमशः ठीक बाएं और दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?
Ans	✗ A. P और C
	✗ B. P और B
	✗ C. F और A
	✓ D. C और P

Q.66	किसी निश्चित कूट भाषा में, A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है', A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है', A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'। यदि 'O @ P + T - G # V' है, तो O का V से क्या संबंध है?
Ans	✓ A. माता का भाई
	✗ B. पिता
	✗ C. माता के पिता
	✗ D. भाई

Q.67	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।) (बाएं) 6 3 1 1 2 3 2 8 5 7 6 1 3 7 2 6 9 6 9 2 4 6 2 8 6 3 1 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?
Ans	✗ A. 4
	✗ B. 5
	✗ C. 2
	✓ D. 3

Q.68	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? VNQ UMP TLO SKN ?
Ans	✗ A. RIM
	✗ B. RJN
	✓ C. RJM
	✗ D. RIN

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.69	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 921 923 927 933 941 ?
Ans	✔ A. 951
	✘ B. 955
	✘ C. 953
	✘ D. 949

Q.70	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह इसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)
Ans	✘ A. ILG
	✘ B. QTO
	✔ C. LOI
	✘ D. HKF

Q.71	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है) (बाएं) 6 4 9 2 3 2 7 7 9 8 3 8 7 9 9 9 7 9 5 8 9 9 1 (दाएं) ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक है?
Ans	✘ A. दो
	✔ B. तीन
	✘ C. एक
	✘ D. एक भी नहीं

Q.72	रौनक बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करता है। वह बाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✘ A. 7 km, पश्चिम की ओर
	✔ B. 6 km, पूर्व की ओर
	✘ C. 7 km, पूर्व की ओर
	✘ D. 6 km, पश्चिम की ओर

Q.73	यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा? 113 ÷ 6 + 98 x 2 - 156 = ?
Ans	✘ A. 779
	✔ B. 785
	✘ C. 775
	✘ D. 798

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.74	यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '÷' है और 'D' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 75 B 4 D 20 A 40 C 8 = ?
Ans	✗ A. 4
	✗ B. 3
	✓ C. 0
	✗ D. 1

Q.75	मिस्टर Zzz, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, और 21 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 26 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है, और 9 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✓ A. 5 km, पूर्व में
	✗ B. 3 km, पश्चिम में
	✗ C. 2 km, दक्षिण में
	✗ D. 4 km, उत्तर में

Q.76	A, B, C, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाएं से गिनने पर S और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, A के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। U, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। R, U के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के दाएं से गिनने पर B और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. चार
	✗ B. दो
	✗ C. एक
	✓ D. तीन

Q.77	एक निश्चित कूट भाषा में, 'PEARL' को '18723' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'PAYER' को '82736' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'Y' का कूट क्या है?
Ans	✗ A. 8
	✓ B. 6
	✗ C. 3
	✗ D. 2

Q.78	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 50 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, नीतू दाएं छोर से 12वें स्थान पर है। यदि कादेन, नीतू के बाएं से छठे स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से कादेन का स्थान क्या है?
Ans	✗ A. 31वां
	✓ B. 33वां
	✗ C. 32वां
	✗ D. 30वां

Q.79	नीचे दी गई संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 5 2 7 5 4 7 9 8 5 3 6 2 1 5 7 4 9 7 2 5 2 4 3 7 8 4 7 (दाएं) ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद में भी एक सम अंक है?
Ans	✓ A. एक
	✗ B. दो से अधिक
	✗ C. दो
	✗ D. एक भी नहीं

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। LF-OI-RT NH-QK-TV
Ans	✔ A. PJ-SM-VX
	✘ B. OJ-SM-VY
	✘ C. OJ-SN-VY
	✘ D. PJ-SM-VY

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	किस मंत्रालय ने 2025 में 'कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए आदर्श नियम' जारी किए?
Ans	✔ A. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
	✘ B. गृह मंत्रालय
	✘ C. कृषि मंत्रालय
	✘ D. ग्रामीण विकास मंत्रालय

Q.82	निम्नलिखित में से किस देश ने वर्ल्ड रोइंग चैंपियनशिप 2025 (World Rowing Championships 2025) की मेजबानी की?
Ans	✘ A. टोक्यो, जापान
	✘ B. लंदन, यूके
	✔ C. शंघाई, चीन
	✘ D. सिडनी, ऑस्ट्रेलिया

Q.83	रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 3 मई 2025 को किस राज्य में अपने स्वदेशी स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?
Ans	✘ A. राजस्थान
	✘ B. आंध्र प्रदेश
	✘ C. गुजरात
	✔ D. मध्य प्रदेश

Q.84	मार्च 2025 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष का पदभार किसने संभाला?
Ans	✘ A. माधवी पुरी बुच
	✘ B. अरविंद पनगढ़िया
	✘ C. शक्तिकांत दास
	✔ D. तुहिन कांत पांडे

Q.85	फिनलैंड, जून 2025 में ओटावा लैंडमाइन (Ottawa landmine) संधि से बाहर निकलने वाला _____ यूरोपीय देश बन गया।
Ans	✘ A. चौथा
	✘ B. तीसरा
	✘ C. छठा
	✔ D. पांचवां

Q.86	निम्नलिखित में से किस माह में, 'जीनोमिक्स डेटा कॉन्क्लेव' के दौरान, भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'जीनोमइंडिया डेटा' शोधकर्ताओं को समर्पित किया गया था?
Ans	✘ A. अप्रैल 2025
	✘ B. मार्च 2025
	✘ C. जून 2025
	✔ D. जनवरी 2025

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.87	पूर्व साइकिल चालक सुच्चा सिंह को 2025 में कौन सा पुरस्कार मिला?
Ans	✔ A. अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)
	✘ B. खेल रत्न पुरस्कार
	✘ C. माका (MAKA) ट्रॉफी
	✘ D. द्रोणाचार्य पुरस्कार

Q.88	किस एथलीट ने 2025 में पैरा-एथलेटिक्स के लिए अर्जुन पुरस्कार जीता?
Ans	✔ A. नवदीप सिंह
	✘ B. योगेश कथुनिया
	✘ C. अवनि लेखरा
	✘ D. सुमित अंतिल

Q.89	2025 के वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
Ans	✘ A. 8
	✘ B. 10
	✘ C. 9
	✔ D. 11

Q.90	निम्नलिखित में से कौन-सा प्लेटफॉर्म, अप्रैल 2025 में रोज़गार मेले के 15वें संस्करण के दौरान भर्ती किए गए नये सदस्यों (new recruits) को औपचारिक कौशल कार्यक्रमों से अलग प्रशिक्षण प्रदान करेगा?
Ans	✘ A. ई-श्रम पोर्टल (e-Shram Portal)
	✘ B. स्वयं (SWAYAM)
	✔ C. आईजीओटी कर्मयोगी (iGOT Karmayogi)
	✘ D. नेशनल कैरियर सर्विस (National Career Service)

Q.91	अप्रैल 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, किस न्यूनतम आयु से नाबालिग, स्वतंत्र रूप से बचत खाता खोल और संचालित कर सकते हैं?
Ans	✘ A. 8 वर्ष
	✘ B. 12 वर्ष
	✔ C. 10 वर्ष
	✘ D. 15 वर्ष

Q.92	भारत के लोकपाल ने 2025 में किस दिनांक को अपना प्रथम स्थापना दिवस मनाया था?
Ans	✘ A. 31 जनवरी
	✘ B. 30 जनवरी
	✔ C. 16 जनवरी
	✘ D. 15 जनवरी

Q.93	निम्नलिखित में से किस माह में मराठवाड़ा एक्सेलरेटर फॉर ग्रोथ एंड इनक्यूबेशन काउंसिल (MAGIC) द्वारा बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2025 के दौरान डिफेंस इनोवेशन चैलेंज फॉर एक्सीलेंस (DICE-2024) का भव्य समापन और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था?
Ans	✘ A. जून 2025
	✘ B. मार्च 2025
	✔ C. फरवरी 2025
	✘ D. अप्रैल 2025

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.94	2 जून 2025 को किस राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी वन संवर्धन योजना का उद्घाटन किया गया?
Ans	✗ A. उत्तर प्रदेश
	✗ B. तेलंगाना
	✗ C. कर्नाटक
	✓ D. हिमाचल प्रदेश

Q.95	आमिर खान की कौन-सी फिल्म जून 2025 में रिलीज हुयी?
Ans	✓ A. सितारे जमीन पर
	✗ B. रेड 2
	✗ C. फतेह
	✗ D. स्काई फोर्स

Q.96	निम्नलिखित में से कौन-सी, 'जल प्रदूषण नियंत्रण (सहमति देना, अस्वीकार करना या रद्द करना) दिशानिर्देश, 2025', की मुख्य विशेषता नहीं है?
Ans	✗ A. सुव्यवस्थित सहमति प्रक्रिया (Streamlined Consent Process)
	✗ B. नियमों का स्पष्ट प्रवर्तन (Clear Enforcement of Rules)
	✗ C. सख्त स्थान मानदंड (Stricter Location Criteria)
	✓ D. वायु प्रदूषण रोकथाम दंड (Air Pollution Prevention Penalties)

Q.97	2025 में जारी संशोधित ग्रीन इंडिया मिशन (GIM) योजना के अनुसार 2030 तक लगभग कितने हेक्टेयर क्षेत्र में वन और वृक्ष आवरण बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है?
Ans	✗ A. 20 मिलियन
	✓ B. 24.7 मिलियन
	✗ C. 10 मिलियन
	✗ D. 15.5 मिलियन

Q.98	निम्नलिखित में से किसे जून 2025 में SBI जनरल इंश्योरेंस का उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया?
Ans	✗ A. राकेश शर्मा
	✗ B. अशोक मित्तल
	✓ C. मोहम्मद आरिफ खान
	✗ D. मनीष जैन

Q.99	निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम नारी शक्ति वंदन अधिनियम (Nari Shakti Vandan Adhiniyam) के नाम से भी जाना जाता है?
Ans	✗ A. 104वाँ संविधान संशोधन विधेयक
	✗ B. 105वाँ संविधान संशोधन विधेयक
	✗ C. 107वाँ संविधान संशोधन विधेयक
	✓ D. 106वाँ संविधान संशोधन विधेयक

Q.100	जनवरी 2025 में, विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) की वार्षिक बैठक कहां आयोजित की गई थी?
Ans	✗ A. जिनेवा (Geneva)
	✗ B. ज्यूरिख (Zurich)
	✓ C. दावोस (Davos)
	✗ D. वेंगेन (Wengen)

"VisitWebsite"QuickSarkari.Com"

"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	02/12/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 निम्नलिखित में से प्रजनन की कौन-सी विधि जनसंख्या में तीव्र वृद्धि सुनिश्चित करती है?

Ans
- ✗ A. आंतरिक निषेचन
- ✗ B. स्व-परागण
- ✗ C. पर-परागण
- ✓ D. अलैंगिक प्रजनन

Q.2 गुरुत्वीय त्वरण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. यह गहराई के साथ स्थिर रहता है
- ✗ B. यह पृथ्वी पर हर जगह समान रहता है
- ✓ C. यह ऊँचाई के साथ घटता है
- ✗ D. यह पृथ्वी के भीतर जाने पर बढ़ता है

Q.3 वायु में ध्वनि की चाल लगभग 340 m/s है। यदि कोई परावर्तक सतह 17 m दूर है, तो प्रतिध्वनि को स्रोत तक लौटने में कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 1 s
- ✓ B. 0.1 s
- ✗ C. 0.5 s
- ✗ D. 0.05 s

Q.4 बड़े बांधों और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✓ A. बड़े बांध नदी प्रवाह को नियंत्रित करके बाढ़ नियंत्रण में सहायता कर सकते हैं।
- ✗ B. बड़े बांध बाढ़ की संभावना को पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं।
- ✗ C. बड़े बांध बाढ़ के खतरे को नहीं बढ़ाते हैं।
- ✗ D. बड़े बांध का उपयोग कभी भी बाढ़ नियंत्रण के लिए नहीं किया जाता है।

Q.5 720 km/hr की चाल से चल रही एक कार ब्रेक लगाने के 4 सेकंड बाद रुक जाती है। यदि कार और यात्रियों का कुल द्रव्यमान 80 kg है, तो ब्रेक द्वारा अनुप्रयुक्त बल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. – 14,400 N
- ✗ B. 4000 N
- ✓ C. – 4000 N
- ✗ D. – 2000 N

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6 निम्नलिखित अंगों में से कौन-सा अंग, वक्ष गुहा में होता है?

Ans
- ✗ A. ग्रसनी
- ✗ B. यकृत
- ✗ C. अग्न्याशय
- ✓ D. फुप्फुस

Q.7 कार्बन यौगिकों में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह -OH द्वारा दर्शाया जाता है?

Ans
- ✗ A. कार्बोक्सिलिक अम्ल
- ✓ B. ऐल्कोहॉल
- ✗ C. एल्डिहाइड
- ✗ D. कीटोन

Q.8 गोलीय लेंस के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ A. अवतल लेंस में भी दो वक्रता केंद्र होते हैं।
- ✓ B. प्रकाशिक केंद्र, वक्रता केंद्र के साथ संपाती होता है।
- ✗ C. प्रत्येक गोलीय लेंस में दो वक्रता केंद्र होते हैं।
- ✗ D. दो वक्रता केंद्रों को मिलाने वाली रेखा को मुख्य अक्ष कहते हैं।

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा, जीव के ऊतक का उदाहरण नहीं है?

Ans
- ✗ A. अस्थि
- ✓ B. न्यूरॉन
- ✗ C. रुधिर
- ✗ D. पेशी

Q.10 जब H+ आयनों की सांद्रता बढ़ती है, तो विलयन के pH पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✗ A. यह बढ़ता है
- ✓ B. यह घटता है
- ✗ C. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता है
- ✗ D. यह समान रहता है

Q.11 सामान्य परिस्थितियों में मानव महिला शरीर में निषेचन के बाद भ्रूण को कहां रोपित किया जाता है?

Ans
- ✓ A. गर्भाशय अस्तर (Uterus lining)
- ✗ B. अंडवाहिनी (Oviduct)
- ✗ C. अंडाशय (Ovary)
- ✗ D. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)

Q.12 पदार्थ की निम्नलिखित में से किस अवस्था में कणों की तीव्र यादृच्छिक गति सबसे अधिक होती है?

Ans
- ✗ A. केवल तरल
- ✗ B. केवल ठोस
- ✗ C. तरल और ठोस दोनों
- ✓ D. गैस

Q.13 ऑक्सीकरण को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. इलेक्ट्रॉनों के लाभ
- ✗ B. प्रोटॉनों की हानि
- ✓ C. इलेक्ट्रॉनों की हानि
- ✗ D. न्यूट्रॉनों के लाभ

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सी पेशीय संरचना, वक्रता को संशोधित करने और इस प्रकार रेशेदार, जेली-जैसे नेत्र लेंस की फोकस दूरी को बदलने के लिए उत्तरदायी है?

Ans

✗ A. आइरिस (Iris)

✓ B. सिलियरी पेशियां (Ciliary muscles)

✗ C. रेटिना (Retina)

✗ D. पुतली (Pupil)

Q.15 2 kg द्रव्यमान का एक पिंड 3 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा _____ है।

Ans

✗ A. 18 J

✗ B. 3 J

✓ C. 9 J

✗ D. 6 J

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा, महिलाओं से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार शुक्रवाहिका-उच्छेदन (vasectomy) पुरुषों से संबंधित है?

Ans

✓ A. ट्यूबेक्टमी (Tubectomy)

✗ B. कोइटस इंटेररप्टस (Coitus interruptus)

✗ C. सरवाइकल कैप्स (Cervical caps)

✗ D. कॉपर-टी (Copper-T)

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा, अधात्विक तत्व द्वारा निर्मित द्विपरमाणुक अणु है?

Ans

✓ A. O_2

✗ B. Mg

✗ C. He

✗ D. Na

Q.18 किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है?

Ans

✗ A. चालक की लंबाई और क्षेत्रफल

✓ B. सामग्री की प्रकृति

✗ C. इससे गुजरने वाली धारा

✗ D. चालक की आकृति

Q.19 कौन-सा समीकरण, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ ऐलुमिनियम की अभिक्रिया को सही ढंग से दर्शाता है?

Ans

✓ A. $2Al + 6HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$

✗ B. $Al + HCl \rightarrow AlCl + H_2$

✗ C. $2Al + 3HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$

✗ D. $Al + HCl \rightarrow AlCl_3 + H_2$

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इसको अच्छी तरह से स्पष्ट करता है कि किसी तत्व के समस्थानिकों के रासायनिक गुणधर्म समान होते हैं लेकिन भौतिक गुणधर्म भिन्न होते हैं?

Ans

✗ A. समस्थानिकों की परमाणु संरचना पूरी तरह से भिन्न होती है, जो उनके भौतिक और रासायनिक गुणों को प्रभावित करती है।

✗ B. समस्थानिकों में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या समान होती है, लेकिन इलेक्ट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है।

✗ C. समस्थानिकों में प्रोटॉन की संख्या भिन्न होती है, जिसके कारण रासायनिक अभिक्रियाओं में उनका व्यवहार भिन्न होता है।

✓ D. समस्थानिकों की परमाणु संख्या समान होती है, लेकिन उनके न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है, जो द्रव्यमान जैसे भौतिक गुणों को प्रभावित करती है।

Q.21 एक सोलेनॉइड चुंबक की तरह व्यवहार करता है क्योंकि .....।

Ans

✗ A. यह बिजली संग्रहीत करता है

✓ B. इसके फेरों में प्रवाहित धारा एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है

✗ C. इसमें अंदर लोहा होता है

✗ D. इसका प्रतिरोध उच्च होता है

Q.76	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं। कथन: सभी जैम, कोबरा हैं। सभी कोबरा, चटाई हैं। निष्कर्ष: (I) कुछ चटाई, कोबरा हैं। (II) सभी जैम, चटाई हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.77	यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 351 ÷ 3 + 284 × 4 − 11 = ?
Ans	✓ A. 993
	✗ B. 991
	✗ C. 996
	✗ D. 999

Q.78	शहर F, शहर G के उत्तर में है। शहर H, शहर F के पूर्व में है। शहर I, शहर H के दक्षिण में है। शहर J, शहर I के पश्चिम में है। शहर G, शहर J के दक्षिण-पश्चिम में है। शहर J के सापेक्ष, शहर F की स्थिति क्या है?
Ans	✗ A. दक्षिण-पश्चिम
	✗ B. दक्षिण-पूर्व
	✓ C. उत्तर-पश्चिम
	✗ D. उत्तर-पूर्व

Q.79	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह युग्म है जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. MQ-LO
	✗ B. IM-HK
	✓ C. BF-AC
	✗ D. EI-DG

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। केवल A, D के बाईं ओर बैठा है। A और C के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। G और F के बीच केवल B बैठा है, और G, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✔ A. 4
	✘ B. 1
	✘ C. 3
	✘ D. 2

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	अक्टूबर 2025 में किस राज्य सरकार ने बांस उद्योग नीति, 2025 को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य किसानों को आय का एक स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल स्रोत प्रदान करना है, साथ ही राज्य के घरेलू और वैश्विक बांस उत्पादन को बढ़ावा देना है?
Ans	✔ A. महाराष्ट्र
	✘ B. पश्चिम बंगाल
	✘ C. त्रिपुरा
	✘ D. तमिल नाडु

Q.82	यूथालिया मलक्काना (Euthalia malaccana), जिसे आधिकारिक तौर पर मई 2025 में अरुणाचल प्रदेश के लेपरदा जिले में दर्ज किया गया था, निम्नलिखित में से किसकी एक नई प्रजाति है?
Ans	✘ A. टिड्डी (Locust)
	✔ B. तितली (Butterfly)
	✘ C. टिड्डा (Grasshopper)
	✘ D. ड्रैगनफ़्लाई (Dragonfly)

Q.83	निम्नलिखित में से किस बैंक ने वित्तीय और बीमा लाभ प्रदान करने के लिए फरवरी 2025 में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✔ A. पंजाब नेशनल बैंक
	✘ B. इंडसइंड बैंक
	✘ C. भारतीय स्टेट बैंक
	✘ D. केनरा बैंक

Q.84	जून 2025 में निम्नलिखित में से किस बैंक ने सभी बचत खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता को हटा दिया है?
Ans	✔ A. केनरा बैंक
	✘ B. पंजाब नेशनल बैंक
	✘ C. भारतीय स्टेट बैंक
	✘ D. बैंक ऑफ बड़ौदा

Q.85	इसरो ने अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान प्रयासों को रेखांकित करते हुए 2025 को कौन-सा विशेष वर्ष घोषित किया है?
Ans	✘ A. चंद्र वर्ष
	✘ B. सौर वर्ष
	✔ C. गगनयान वर्ष
	✘ D. मंगल वर्ष

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.86	मनीषा भानवाला ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2025 में निम्नलिखित में से किस भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता?
Ans	✔ A. 62 kg
	✘ B. 53 kg
	✘ C. 59 kg
	✘ D. 76 kg

Q.87	जून 2025 तक, कौन से अभिनेता से राजनेता बने व्यक्ति आंध्र प्रदेश राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं?
Ans	✘ A. चिरंजीवी
	✔ B. पवन कल्याण
	✘ C. प्रकाश राज
	✘ D. बालकृष्ण

Q.88	निम्नलिखित में से किसने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पुरस्कार 2025 (United Nations Sasakawa Award 2025) प्राप्त किया?
Ans	✘ A. डॉ. सौम्या स्वामीनाथन
	✘ B. रणदीप गुलेरिया
	✘ C. डॉ. शेखर मांडे
	✔ D. डॉ. मृत्युञ्जय महापात्र

Q.89	अप्रैल 2025 में आयोजित टाइगर ट्रायम्फ (Tiger Triumph) रक्षा अभ्यास, भारत और किस देश के बीच एक संयुक्त अभ्यास था?
Ans	✘ A. ऑस्ट्रेलिया (Australia)
	✔ B. द यूएस (The US)
	✘ C. फ्रांस (France)
	✘ D. द यूके (The UK)

Q.90	2025 में, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा निम्न में से किस श्रेष्ठ निशानेबाज (shooter) को प्रदान किया गया?
Ans	✘ A. मोना अग्रवाल
	✘ B. रुबीना फ्रांसिस
	✔ C. मनु भाकर
	✘ D. सरबजोत सिंह

Q.91	2024 भ्रष्टाचार बोध सूचकांक में संयुक्त राज्य अमेरिका (US) का ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल स्कोर क्या था?
Ans	✘ A. 70
	✔ B. 65
	✘ C. 67
	✘ D. 62

Q.92	वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्डों में कितनी मुस्लिम महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए?
Ans	✘ A. चार
	✔ B. दो
	✘ C. एक
	✘ D. तीन

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.93	उस जहाज का नाम क्या है, जिसमें भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों ने मई 2025 में नाविका सागर परिक्रमा II मिशन के अंतर्गत एक ऐतिहासिक परिनौचालन पूरा किया?
Ans	✔ A. INS तारिणी
	✘ B. INS इंदिरा
	✘ C. INS भागमती
	✘ D. INS सरोजिनी

Q.94	केंद्रीय बजट 2025-26 में अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में कितनी अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित किए जाने की घोषणा की गई?
Ans	✘ A. 30,000
	✘ B. 40,000
	✔ C. 50,000
	✘ D. 20,000

Q.95	10 जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार, संपूर्ण भारत में ₹3,124.12 करोड़ की लागत वाली कितनी नई खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई?
Ans	✘ A. 300
	✔ B. 326
	✘ C. 350
	✘ D. 250

Q.96	जून 2025 में, टेक फेयर विवाटेक, 2025 (VivaTech, 2025), निम्नलिखित में से किस यूरोपीय शहर में आयोजित किया गया था?
Ans	✘ A. बार्सिलोना
	✘ B. लिस्बन
	✔ C. पेरिस
	✘ D. बर्लिन

Q.97	अहिल्याबाई होल्कर का जन्म किस गांव में हुआ था, जहां महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मई 2025 में उनकी 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष बैठक आयोजित की थी?
Ans	✘ A. नासिक (Nashik)
	✘ B. महेश्वर (Maheshwar)
	✔ C. चोंडी (Chondi)
	✘ D. पैठन (Paithan)

Q.98	मार्च 2025 में अधिसूचित किए गए अनुसार, देश भर में IITs, IISc और सेंट्रल यूनिवर्सिटीज जैसे प्रमुख इंस्टीट्यूशन्स में कितने DRDO इंडस्ट्री एकेडेमिया सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (DIA-CoE) बनाए गए हैं?
Ans	✔ A. 15
	✘ B. 5
	✘ C. 20
	✘ D. 10

Q.99	तोशीकाज़ु यामानिशी (Toshikazu Yamanishi) ने फरवरी 2025 में किस स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया?
Ans	✘ A. 50 km पैदल चाल (50 km race walk)
	✘ B. 10 km पैदल चाल (10 km race walk)
	✘ C. 5 km पैदल चाल (5 km race walk)
	✔ D. 20 km पैदल चाल (20 km race walk)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.100	अप्रैल 2025 में निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत का 107वां राष्ट्रीय उद्यान बन गया?
Ans	✗ A. गोरुमारा
	✗ B. दुधवा
	✓ C. सिमिलिपाल
	✗ D. भितरकनिका

"

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	09/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1	पुष्पी पादपों में, बीजांड के अंदर नर और मादा युग्मकों का संलयन, _____ कहलाता है।
Ans	✗ A. वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
	✗ B. परागण (pollination)
	✓ C. निषेचन (fertilisation)
	✗ D. अंकुरण (germination)

Q.2	वे पदार्थ जो जैविक प्रक्रियाओं द्वारा विघटित हो जाते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?
Ans	✗ A. अजैवनिम्नीकरणीय
	✓ B. जैवनिम्नीकरणीय
	✗ C. धात्विक
	✗ D. सिंथेटिक

Q.3	हाइड्रोजन परमाणु की अनुमानित त्रिज्या _____ होती है।
Ans	✓ A. 10–10 m
	✗ B. 10–7 m
	✗ C. 10–8 m
	✗ D. 10–9 m

Q.4	जब आप शर्करा को जल में घोलते हैं तो क्या होता है?
Ans	✗ A. शर्करा, जल के साथ अभिक्रिया करती है
	✗ B. शर्करा के कण नीचे बैठ जाते हैं
	✗ C. जल वाष्पित हो जाता है
	✓ D. शर्करा के कण जल के कणों के बीच जगह बना लेते हैं

Q.5	ओम का नियम किस स्थिति में मान्य है?
Ans	✓ A. केवल स्थिर तापमान पर धात्विक चालकों के लिए
	✗ B. किसी भी तापमान पर सभी सामग्रियों के लिए
	✗ C. केवल उच्च तापमान पर इन्सुलेटर के लिए
	✗ D. केवल अर्धचालकों के लिए

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6	नारियल के हस्क (husk of a coconut) में अधिकांशतः कौन-सा पादप ऊतक पाया जाता है, और इसका मुख्य कार्य क्या है?
Ans	✗ A. कोलेन्काइमा – नम्यता प्रदान करना
	✓ B. स्क्लेरेन्काइमा – सामर्थ्य और दृढ़ता प्रदान करना
	✗ C. जाइलम – जल और खनिजों का संवहन करना
	✗ D. पैरेन्काइमा – भोजन का भंडारण करना

Q.7	लेंस सूत्र ..... के रूप में दिया गया है।
Ans	✗ A. f = v + u
	✓ B. 1/f = 1/v – 1/u
	✗ C. f = uv
	✗ D. 1/f = u/v

Q.8	3 kg द्रव्यमान की एक गेंद को 6 m की ऊँचाई तक उठाया जाता है। इसकी स्थितिज ऊर्जा _____ है। g = 10 m/s^2 लीजिए।
Ans	✗ A. 20 J
	✗ B. 1.8 J
	✗ C. 200 J
	✓ D. 180 J

Q.9	पुष्पीय पौधों में बीजों के निर्माण और परिपक्वता के ठीक बाद क्या होता है?
Ans	✓ A. बीज परिक्षेपण
	✗ B. निषेचन
	✗ C. बीज अंकुरण
	✗ D. परागण

Q.10	प्लाज्मा झिल्ली _____ से बनी होती है।
Ans	✗ A. प्रोटीन और शर्करा
	✓ B. लिपिड और प्रोटीन
	✗ C. शर्करा और लिपिड
	✗ D. DNA और लिपिड

Q.11	निम्नलिखित में से कौन-सा, क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म का उदाहरण नहीं है?
Ans	✗ A. तैराक पानी को पीछे की ओर धकेलता है और पानी तैराक को आगे की ओर धकेलता है
	✗ B. बंदूक पीछे हटती है और गोली आगे बढ़ती है
	✓ C. कार पर इंजन का बल लगता है और कार आगे बढ़ती है
	✗ D. बल्ला गेंद पर बल लगाता है और गेंद बल्ले पर बल लगाती है

Q.12	कार्बन लंबी श्रृंखलाएं बना सकता है, क्योंकि यह _____ प्रदर्शित करता है तथा _____ दर्शाता है।
Ans	✗ A. विद्युतऋणात्मकता; चतुष्संयोजकता
	✗ B. त्रिसंयोजकता; श्रृंखलन
	✗ C. द्विआबंध; त्रिआबंध
	✓ D. चतुष्संयोजकता; श्रृंखलन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.13	यदि ध्वनि तरंग की काल-अवधि T है, तो 1/T क्या दर्शाता है?
Ans	✔ A. आवृत्ति (ν)
	✘ B. तरंगदैर्ध्य (λ)
	✘ C. एम्प्लीट्यूड (A)
	✘ D. चाल (v)

Q.14	यदि कोई विद्यार्थी सांद्रित अम्ल में तेजी से जल मिलाता है, तो क्या होने की संभावना होगी?
Ans	✘ A. विलयन ठंडा हो जाएगा।
	✔ B. विलयन आस्फालित (splash) हो सकता है और दग्ध का कारण बन सकता है।
	✘ C. कुछ नहीं होगा।
	✘ D. अम्ल जम (solidify) जाएगा।

Q.15	ठोस के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से सत्य हैं? a. निश्चित आकार b. स्थिर दृढ़ता c. आयतन
Ans	✘ A. केवल a और c
	✘ B. केवल a और b
	✔ C. a, b और c
	✘ D. केवल b और c

Q.16	_____ मानव शरीर की सबसे लंबी कोशिका है।
Ans	✘ A. पेशी तंतु (muscle fibre)
	✔ B. न्यूरॉन (neuron)
	✘ C. बिंबाणु (platelet)
	✘ D. अस्थिकोशिका (osteocyte)

Q.17	किसी माध्यम का निरपेक्ष अपवर्तनांक ..... के रूप में परिभाषित किया जाता है?
Ans	✘ A. एक माध्यम में प्रकाश की चाल और दूसरे माध्यम में प्रकाश की चाल के अनुपात
	✘ B. माध्यम में प्रकाश की चाल और वायु में प्रकाश की चाल के अनुपात
	✔ C. निर्वात में प्रकाश की चाल और माध्यम में प्रकाश की चाल के अनुपात
	✘ D. माध्यम में प्रकाश की चाल और निर्वात में प्रकाश की चाले के अनुपात

Q.18	पौधों पर आक्रमण करने के लिए कीट-पीड़कों द्वारा उपयोग नहीं किए जाने वाले तरीके की पहचान कीजिए।
Ans	✘ A. मूल, तना और पत्ती को काटकर (By cutting the root, stem and leaf)
	✔ B. तने पर विसर्पण करके (By creeping on stem)
	✘ C. कोशिका रस चूस कर (By sucking the cell sap)
	✘ D. तने और फलों में छिद्र करके (By boring into stem and fruits)

Q.19	अयस्कों से अपद्रव्यों को हटाने के लिए कौन-सी प्रक्रिया जानी जाती है?
Ans	✘ A. प्रगलन
	✔ B. सांद्रण
	✘ C. परिष्करण
	✘ D. भर्जन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.20	किसी संतुलित रासायनिक समीकरण में, प्रत्येक तत्व के परमाणु की कुल संख्या _____ होती है।
Ans	✔ A. दोनों पक्षों पर बराबर
	✘ B. सदैव परिवर्ती
	✘ C. उत्पाद पक्ष पर अधिक
	✘ D. अभिक्रियक पक्ष पर अधिक

Q.21	एक विद्युत बल्ब 8 मिनट तक 0.15 A धारा कर्षित करता है। इस दौरान परिपथ में कितना विद्युत आवेश प्रवाहित होता है?
Ans	✘ A. 72 A
	✘ B. 720 C
	✘ C. 1.2 C
	✔ D. 72 C

Q.22	जब कोई वस्तु, पृथ्वी की ओर गिरती है, तो उसमें त्वरण किस कारण से होता है?
Ans	✘ A. चुंबकीय बल
	✘ B. घर्षण
	✔ C. पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल
	✘ D. वायु प्रतिरोध

Q.23	निम्नलिखित में से कौन सा गर्भनिरोधक उपकरण/तरीका एड्स जैसे यौन संचारित रोगों (STD) को फैलने से रोकता है?
Ans	✘ A. कॉपर T
	✔ B. कंडोम
	✘ C. पुरुष नसबंदी/नलबंदी
	✘ D. मौखिक गोलियाँ

Q.24	जब कोई पक्षी ऊपर की ओर उड़ने के लिए अपने पंख नीचे की ओर फड़फड़ाता (flaps) है, तो कौन-सा कथन उसमें सम्मिलित बलों का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?
Ans	✘ A. पक्षी वायु को नीचे की ओर धकेलता है, लेकिन उस पर कोई समान और विपरीत बल कार्य नहीं करता है।
	✔ B. पंखों का वायु पर नीचे की ओर धकेलना क्रिया है, और पंखों पर वायु द्वारा उत्पन्न उत्थापन प्रतिक्रिया है।
	✘ C. पक्षी का भार क्रिया बल के रूप में कार्य करता है, और वायु प्रतिक्रिया बल प्रदान करती है।
	✘ D. पंखों का फड़फड़ाना क्रिया है, और पक्षी को नीचे की ओर खींचने वाला गुरुत्वाकर्षण प्रतिक्रिया है।

Q.25	कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड वायु में उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड के साथ धीमी गति से अभिक्रिया करके किस यौगिक की एक पतली परत बनाता है जिसका उपयोग सफेदी करने के लिए किया जा सकता है?
Ans	✘ A. CaO
	✘ B. CaSO4
	✔ C. CaCO3
	✘ D. Ca(HCO3)2

Section : **Mathematics**

Q.26	21 cm कोर वाले एक ठोस लकड़ी के घन से सबसे बड़ा संभव शंकु बनाया गया है। शेष लकड़ी का आयतन (cm^3 में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✘ A. 7240.3
	✔ B. 6835.5
	✘ C. 6125.5
	✘ D. 5940.5

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27	210 m ऊँचे एक जहाज़ के मस्तूल के शीर्ष से, एक नाव का अवनमन कोण 60° देखा जाता है। जहाज़ से नाव की दूरी (m में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. $60\sqrt{3}$
	✗ B. $70\sqrt{2}$
	✓ C. $70\sqrt{3}$
	✗ D. $60\sqrt{2}$

Q.28	निम्नलिखित आंकड़ों से बहुलक की गणना करें।

प्रसवावस्था के दिन	7	8	9	10	11
रोगियों की संख्या	5	7	8	6	4

Ans	✗ A. 10
	✓ B. 9
	✗ C. 11
	✗ D. 8

Q.29	एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 40% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 51% बढ़ जाती है और TV की कीमत 15% कम हो जाती है, तो 5 वॉशिंग मशीनों और 7 TV की कुल कीमत में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा?
Ans	✗ A. 5% की कमी
	✗ B. 5.2% की वृद्धि
	✗ C. 8% की कमी
	✓ D. 4.8% की वृद्धि

Q.30	किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 41% अधिक निर्धारित किया गया है। यदि व्यापारी, वस्तु को उसके अंकित मूल्य से 13% कम पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के 1 स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 26.3%
	✗ B. 25.4%
	✓ C. 22.7%
	✗ D. 21.8%

Q.31	चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 28° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 3 : 4 है, तो ∠Q और ∠P के मापों में कितना अंतर है?
Ans	✗ A. 13°
	✗ B. 3°
	✓ C. 8°
	✗ D. 6°

Q.32	130 m और 190 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 96 km/hr और 48 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चल रही हैं। तेज चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लेगी?
Ans	✓ A. 24 सेकंड
	✗ B. 9 सेकंड
	✗ C. 18 सेकंड
	✗ D. 8 सेकंड

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.33	10 महिलाओं का एक समूह एक डिज़ाइनर साड़ी को 20 दिनों में बुन सकता है। 4 दिनों के बाद, 20 महिलाओं का एक और समूह उसी साड़ी पर काम करने के लिए उनके साथ जुड़ जाता है। साड़ी पूरी तरह से बुनने में और कितने दिन लगेंगे?
Ans	✔ A. $5\frac{1}{3}$ दिन
	✘ B. $6\frac{4}{11}$ दिन
	✘ C. $10\frac{1}{2}$ दिन
	✘ D. 10 दिन

Q.34	यदि किसी भिन्न के अंश में 3 जोड़ दिया जाए तो वह 1 हो जाती है, और यदि भिन्न के हर में 4 जोड़ दिया जाए तो वह $\frac{4}{5}$ हो जाती है। मूल भिन्न के अंश और हर का गुणनफल कितना है?
Ans	✘ A. 688
	✘ B. 886
	✔ C. 868
	✘ D. 896

Q.35	60 − [12 ÷ (2 + 1) + 4 × 2] का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 46
	✔ B. 48
	✘ C. 49
	✘ D. 50

Q.36	एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के अनुदिश दौड़ रहे दो व्यक्तियों को पीछे छोड़ देती है। पहला व्यक्ति 12.6 km/hr की चाल से दौड़ रहा है, और दूसरा व्यक्ति 25.2 km/hr की चाल से दौड़ रहा है। रेलगाड़ी पहले व्यक्ति को पार करने में 16.8 सेकंड और दूसरे व्यक्ति को पार करने में 22.4 सेकंड लेती है। यदि दोनों रेलगाड़ी की ही दिशा में चल रहे हैं तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है?
Ans	✔ A. 63 km/hr
	✘ B. 62 km/hr
	✘ C. 59 km/hr
	✘ D. 60 km/hr

Q.37	एक आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई की दोगुनी है। यदि आयत का परिमाप 12 cm है, तो लंबाई और चौड़ाई ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. लंबाई = 3 cm और चौड़ाई = 6 cm
	✘ B. लंबाई = 2 cm और चौड़ाई = 4 cm
	✘ C. लंबाई = 6 cm और चौड़ाई = 3 cm
	✔ D. लंबाई = 4 cm और चौड़ाई = 2 cm

Q.38	रंगीन ब्लॉकों की कुल संख्या 8360 है। यदि लाल ब्लॉक का नीले ब्लॉक से अनुपात 1 : 3 है और नीले ब्लॉक का पीले ब्लॉक से अनुपात 7 : 4 है, तो कितने पीले ब्लॉक हैं?
Ans	✘ A. 2495
	✘ B. 2494
	✔ C. 2508
	✘ D. 2598

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.39	यदि हसन और अली की कुल आयु, अली और अहमद की कुल आयु से 12 वर्ष अधिक है, तो अहमद, हसन से कितने वर्ष छोटा है?
Ans	✗ A. 10
	✓ B. 12
	✗ C. 14
	✗ D. 11

Q.40	दो मित्र, किरण और महेश की मासिक आय क्रमशः 5 : 8 के अनुपात में है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹78,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो किरण की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 1,95,000
	✗ B. 2,73,000
	✗ C. 1,96,000
	✗ D. 1,94,000

Q.41	प्रेक्षणों 58, 13, 74, 38, 98, 36, 43, 39 और 42 का समांतर माध्य .....है।
Ans	✗ A. 43
	✗ B. 51
	✗ C. 53
	✓ D. 49

Q.42	संख्या 3*760 में * का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जिससे परिणामी संख्या 12 से विभाज्य हो जाए।
Ans	✗ A. 5
	✗ B. 1
	✓ C. 2
	✗ D. 0

Q.43	किसी वस्तु के क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य के बीच का अंतर ₹480 है। यदि क्रय मूल्य पर लाभ 20% है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹2,880
	✗ B. ₹2,500
	✗ C. ₹2,000
	✗ D. ₹2,400

Q.44	$(2x-1)^2 - (x-4)(x+4)$ को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. 3x2 − 4x + 15
	✓ B. 3x2 − 4x + 17
	✗ C. 3x2 + 4x + 17
	✗ D. 2x2 − 4x + 17

Q.45	$\frac{1}{20}, \frac{11}{90}$ का कितना प्रतिशत है (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित उत्तर दीजिए)?
Ans	✗ A. 55.91%
	✓ B. 40.91%
	✗ C. 81.82%
	✗ D. 50.91%

VisitWebsite"QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.46	तीन संख्याएं 2 : 17 : 19 के अनुपात में हैं और इन संख्याओं का योगफल 7752 है। बीच वाली संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 3470
	✗ B. 3465
	✓ C. 3468
	✗ D. 3469

Q.47	प्रथम 9 अभाज्य संख्याओं का योग कितना है?
Ans	✗ A. 96
	✗ B. 102
	✗ C. 101
	✓ D. 100

Q.48	A और B मिलकर किसी कार्य को 4 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 36 दिनों में कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना कार्य कितने समय (दिन में) पूरा करेगा?
Ans	✗ A. 12
	✗ B. 10
	✗ C. 4.5
	✓ D. 9

Q.49	एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 11% की छूट देने के बाद, इसे ₹41,207 में बेचा जाता है। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 46,276
	✗ B. 46,148
	✗ C. 46,363
	✓ D. 46,300

Q.50	दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। राकेश ने प्रत्येक बैंक से ₹2,20,000 उधार लिए। राकेश द्वारा 4 वर्षों के बाद दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 36,700
	✗ B. 34,700
	✓ C. 35,200
	✗ D. 36,200

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? FGH BCD XYZ TUV ?
Ans	✗ A. PRQ
	✓ B. PQR
	✗ C. PRO
	✗ D. POR

Q.52	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KOJM का संबंध एक निश्चित तरीके से QUPS से है। उसी प्रकार, OSNQ का संबंध UYTW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GKFI का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✗ A. MQOL
	✗ B. QMLO
	✓ C. MQLO
	✗ D. QMOL

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.53	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** सभी हैमर, स्क्रूड्राइवर हैं। कुछ स्क्रूड्राइवर, रिंच हैं। कोई रिंच, प्लायर नहीं है। **निष्कर्ष:** (I): कुछ प्लायर, स्क्रूड्राइवर हैं। (II): कुछ रिंच, हैमर हैं।
Ans	✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है
	✘ B. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है
	✘ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं
	✘ D. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है

Q.54	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, KOJL का संबंध एक निश्चित तरीके से RVQS से है। उसी प्रकार, MQLN का संबंध TXSU से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OSNP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✘ A. ZVUW
	✘ B. ZVWU
	✔ C. VZUW
	✘ D. VZWU

Q.55	निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं। (बाएं) 8 2 6 4 7 3 5 1 9 8 3 7 2 6 5 9 1 4 8 7 2 6 9 3 5 8 (दाएं)। ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है?
Ans	✘ A. पांच
	✔ B. चार
	✘ C. दो
	✘ D. तीन

Q.56	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 79 104 129 154 179 ?
Ans	✘ A. 199
	✘ B. 215
	✔ C. 204
	✘ D. 210

Q.57	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 15 + 17 ÷ 27 × 3 – 10 = ?
Ans	✘ A. −130
	✔ B. −128
	✘ C. −126
	✘ D. −127

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.58	पाँच व्यक्ति V, W, X, Y और Z एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W पंक्ति के बाएँ छोर पर बैठा है। Z और W के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। V, Z का निकटतम पड़ोसी है। X, V का निकटतम पड़ोसी है। W और Y के बीच कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. एक भी नहीं
	✗ B. दो
	✓ C. तीन
	✗ D. एक

Q.59	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'elbow yield apple' को 'tr ss jw' के रूप में तथा 'apple case barn' को 'ss rz jn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'apple' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?
Ans	✗ A. jw
	✗ B. rz
	✓ C. ss
	✗ D. tr

Q.60	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह '?' के स्थान पर क्या आएगा? 41 C 12 A 6 D 5 B 2 = ?
Ans	✓ A. 33
	✗ B. 34
	✗ C. 32
	✗ D. 31

Q.61	निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क का अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है। CLUB - LCUB - CUBL SEAT - ESAT - SATE
Ans	✓ A. PALE - APLE - PLEA
	✗ B. HOME - OHME - EOMH
	✗ C. GROW - GORW - WORG
	✗ D. TWIN - WTIN - WINT

Q.62	यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है COP, TIK, ANY, CAN, OWN यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?
Ans	✓ A. एक
	✗ B. तीन
	✗ C. चार
	✗ D. दो

Q.63	रवींद्र बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है, दाएं मुड़ता है और 4 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है,13 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)
Ans	✗ A. दक्षिण की ओर 5 km
	✗ B. उत्तर की ओर 15 km
	✓ C. उत्तर की ओर 5 km
	✗ D. पूर्व की ओर 7 km

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'lime card river' को 'du kt bv' के रूप में तथा 'river child judge' को 'rr xi kt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'river' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?
Ans	✗ A. rr
	✗ B. bv
	✓ C. kt
	✗ D. du

Q.65	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? OSW 24, GKO 35, YCG 46, QUY 57, IMQ 68, ?
Ans	✗ A. AOI 79
	✓ B. AEI 79
	✗ C. AIE 79
	✗ D. AEI 78

Q.66	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. SWP
	✗ B. EIB
	✓ C. PTN
	✗ D. VZS

Q.67	दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 710 712 708 714 706 716 ?
Ans	✗ A. 720
	✓ B. 704
	✗ C. 708
	✗ D. 718

Q.68	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. RN-SP
	✗ B. PL-QN
	✗ C. TP-UR
	✓ D. VR-WU

Q.69	A, B, C, D, W, X और Y, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. तीन
	✓ B. दो
	✗ C. चार
	✗ D. एक

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.70	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (18, 324, 1) (7, 71, 23)
Ans	✗ A. (22, 501, 13)
	✗ B. (44, 1955, 15)
	✗ C. (1, 30, 25)
	✓ D. (22, 505, 22)

Q.71	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 7 16 27 40 55 ?
Ans	✗ A. 62
	✗ B. 70
	✓ C. 72
	✗ D. 60

Q.72	सात डिब्बे, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल C को B के ऊपर रखा गया है। B और F के बीच केवल E को रखा गया है। A के नीचे केवल G को रखा गया है। F के नीचे कितने डिब्बे रखे गए हैं?
Ans	✓ A. 3
	✗ B. 1
	✗ C. 4
	✗ D. 2

Q.73	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 41 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, मोहन बाएं छोर से 10वें स्थान पर है। यदि राहुल, मोहन के दाएं से 9वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के दाएं छोर से राहुल का स्थान कौन-सा है?
Ans	✗ A. 24वां
	✗ B. 21वां
	✗ C. 22वां
	✓ D. 23वां

Q.74	तोशी बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 70 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 45 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 78 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 76 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 8 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)
Ans	✗ A. उत्तर में 30 km
	✗ B. दक्षिण में 32 km
	✗ C. दक्षिण में 33 km
	✓ D. उत्तर में 31 km

VisitWebsite"QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.75	एक निश्चित कूट भाषा में, 'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' 'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' 'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' 'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D × F + G ÷ H – J' है, तो D का J से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. पत्नी
	✓ B. भाई की पत्नी
	✗ C. पुत्री
	✗ D. भाई की पुत्री

Q.76	निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (बाएं) 8 3 7 1 2 5 9 6 3 7 8 2 4 1 (दाएं) ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनके ठीक बाद एक विषम संख्या आती है?
Ans	✓ A. तीन से अधिक
	✗ B. एक
	✗ C. तीन
	✗ D. दो

Q.77	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 92 D 9 C 96 A 12 B 7 = ?
Ans	✓ A. 139
	✗ B. 193
	✗ C. 143
	✗ D. 133

Q.78	आठ व्यक्ति – A, B, C, D, E, F, G और H, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। E के बाईं ओर से गिनने पर C और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H के बाईं ओर से गिनने पर H और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H के ठीक बाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। E का निकटतम पड़ोसी B नहीं है। G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर F बैठा है। H के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. A
	✓ B. G
	✗ C. F
	✗ D. B

Q.79	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** सभी वॉलेट, बैंक हैं। सभी बैंक, वॉल्ट हैं। **निष्कर्ष:** (I): कुछ वॉल्ट, बैंक हैं। (II): सभी वॉलेट, वॉल्ट हैं।
Ans	✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
	✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है। (बाएं) 783 791 531 563 594 (दाएं) (उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं। यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?
Ans	✔ A. 12
	✘ B. 10
	✘ C. 11
	✘ D. 9

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	फरवरी 2025 में, NDRF ने किस जिले में हिमस्खलन बचाव अभियान लॉन्च किया?
Ans	✘ A. शिलांग
	✘ B. उत्तरकाशी
	✔ C. चमोली
	✘ D. शिमला

Q.82	2025 लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में, कौन-सी पार्टी विजयी हुई?
Ans	✘ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
	✘ B. शिरोमणि अकाली दल
	✘ C. भारतीय जनता पार्टी
	✔ D. आम आदमी पार्टी

Q.83	5 जून 2025 को किस शहर को भारत की 'तेंदुआ राजधानी (Leopard Capital)' घोषित किया गया?
Ans	✘ A. देहरादून
	✘ B. मैसूर
	✔ C. बेंगलुरु
	✘ D. उदयपुर

Q.84	2025 में अनावृत असम के AI-संचालित वर्चुअल न्यूज़ एंकर का नाम क्या है?
Ans	✘ A. अनन्या
	✘ B. आशा
	✔ C. अंकिता
	✘ D. अर्पिता

Q.85	24 मई 2025 को नीति आयोग (NITI Aayog) की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता किसने की?
Ans	✔ A. नरेंद्र मोदी
	✘ B. अमित शाह
	✘ C. मनोहर लाल खट्टर
	✘ D. जे. पी. नड्डा

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.86	मई 2025 में, वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) ने आशीष पांडे को किस बैंक के नए प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में अनुशंसित किया?
Ans	✗ A. केनरा बैंक
	✗ B. भारतीय स्टेट बैंक
	✗ C. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
	✓ D. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Q.87	स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, किस टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म ने अप्रैल 2025 तक 36 करोड़ से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान की?
Ans	✗ A. प्रैक्टो (Practo)
	✗ B. अपोलो टेलीहेल्थ (Apollo Telehealth)
	✗ C. एमफाइन (Mfine)
	✓ D. ई-संजीवनी (eSanjeevani)

Q.88	9 जनवरी 2025 को प्रथम खो-खो विश्व कप में भारतीय महिला टीम किस टीम को हराकर चैंपियन बनी?
Ans	✗ A. पाकिस्तान
	✗ B. चीन
	✓ C. नेपाल
	✗ D. बांग्लादेश

Q.89	किस भारतीय राजनीतिक लीडर को 2025 में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान के लिए जाना जाता है?
Ans	✓ A. शिवराज सिंह चौहान
	✗ B. योगी आदित्यनाथ
	✗ C. मल्लिकार्जुन खड़गे
	✗ D. राहुल गांधी

Q.90	निम्नलिखित में से किस बैंक ने 2025 में कार्यबल को सशक्त बनाने हेतु 'नेक्स्ट लीप (Next LEAP)' नामक सबसे बड़ी कर्मचारी सहभागिता पहल की शुरूआत की?
Ans	✗ A. केनरा बैंक
	✗ B. इंडियन बैंक
	✓ C. भारतीय स्टेट बैंक
	✗ D. बैंक ऑफ बड़ौदा

Q.91	निम्नलिखित में से किस शहर ने जुलाई 2025 में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा SMILE-B (आजीविका और उद्यम के लिए वंचित व्यक्तियों के लिए सहायता – भिक्षावृत्ति से मुक्ति) योजना के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला की मेजबानी की?
Ans	✗ A. जयपुर
	✗ B. पटना
	✗ C. लखनऊ
	✓ D. इंदौर

Q.92	अगस्त 2025 में, भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी संक्रमण के लिए चुनौतियों और प्रमुख कदमों का आकलन करते हुए, 'भारत में 200 बिलियन डॉलर के अवसर को अनलॉक करना: इलेक्ट्रिक वाहन (Unlocking a $200 Billion Opportunity: Electric Vehicles in India)' रिपोर्ट _____ द्वारा जारी की गई थी।
Ans	✗ A. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
	✗ B. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
	✗ C. भारी उद्योग मंत्रालय
	✓ D. नीति आयोग

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.93	जून 2025 में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री द्वारा चेन्नई में कितने उत्कृष्टता केंद्रों (CoE) का उद्घाटन किया गया?
Ans	✗ A. 400
	✗ B. 100
	✓ C. 300
	✗ D. 200

Q.94	सतत विकास लक्ष्य - राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसमें पूर्व की तुलना में 2024-25 में वृद्धि हुई और यह बढ़कर 99.62% हो गई?
Ans	✗ A. सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में कमी
	✗ B. कुल स्थापित बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा
	✗ C. सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों/स्तरों द्वारा कवर की गई जनसंख्या का प्रतिशत
	✓ D. ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत पेयजल स्रोत का उपयोग करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत

Q.95	वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को _____ के नाम से भी जाना जाता है।
Ans	✓ A. उम्मीद अधिनियम
	✗ B. ताहिब अधिनियम
	✗ C. साहिब अधिनियम
	✗ D. फरीद अधिनियम

Q.96	जून 2025 में किस महान धावक को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ICON नामित किया गया?
Ans	✓ A. उसेन बोल्ट (Usain Bolt)
	✗ B. माइकल जॉनसन (Michael Johnson)
	✗ C. जस्टिन गैटल (Justin Gatl)
	✗ D. कार्ल लुईस (Carl Lewis)

Q.97	निम्नलिखित में से किस संस्थान ने 2025 में बख्शी कप जीता?
Ans	✗ A. वायु सेना अकादमी (AFA)
	✗ B. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA)
	✗ C. भारतीय सैन्य अकादमी (IMA)
	✓ D. भारतीय नौसेना अकादमी (INA)

Q.98	प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर जियोर्जियो अरमानी (Giorgio Armani), जिनका 2025 में निधन हो गया, की राष्ट्रीयता क्या थी?
Ans	✗ A. फ्रांसीसी (French)
	✗ B. स्पेनिश (Spanish)
	✗ C. अमेरिकी (American)
	✓ D. इतालवी (Italian)

Q.99	2025 में आयोजित जलवायु पर केंद्रित पहला एवरेस्ट पर्वतारोही शिखर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?
Ans	✗ A. धर्मशाला, भारत
	✗ B. ल्हासा, तिब्बत
	✗ C. ढाका, बांग्लादेश
	✓ D. काठमांडू, नेपाल

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.100	लगातार 11 वर्षों तक 100 m दौड़ 10 सेकंड से कम समय में पूरा करने वाला इतिहास में पहला एथलीट कौन बना?
Ans	✗ A. ट्रेवॉन ब्रोमेल (Trayvon Bromell)
	✗ B. उसेन बोल्ट (Usain Bolt)
	✗ C. आंद्रे डी ग्रास (Andre De Grasse)
	✓ D. अकानी सिम्बाइन (Akani Simbine)

"

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	10/12/2025
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1	एक विद्यार्थी कक्षा में पीछे बैठकर ब्लैकबोर्ड को स्पष्ट रूप से पढ़ने में कठिनाई की शिकायत करता है, लेकिन 25 cm की दूरी पर रखी किताब को बिना किसी कठिनाई के पढ़ सकता है। उसकी स्थिति के लिए कौन-सा कथन सही है?
Ans	✔ A. उसे निकट दृष्टिदोष है और उसे अवतल लेंस की आवश्यकता है
	✘ B. उसे दूरदृष्टि दोष है और उसे उत्तल लेंस की आवश्यकता है
	✘ C. उसे मोतियाबिंद है और सर्जरी की ज़रूरत है
	✘ D. उसे जरादूरदृष्टि दोष है और उसे बाइफोकल चश्मे की ज़रूरत है

Q.2	निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, किसी यौगिक को विलयन से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?
Ans	✘ A. यौगिक को भौतिक विधियों द्वारा पृथक किया जा सकता है, जबकि विलयन को पृथक नहीं किया जा सकता।
	✘ B. यौगिक दो या दो से अधिक तत्वों के मिश्रण होते हैं, जबकि विलयन केवल यौगिकों के मिश्रण होते हैं।
	✘ C. यौगिक सदैव द्रव होते हैं, लेकिन विलयन किसी भी अवस्था में हो सकते हैं।
	✔ D. विलयन के विपरीत, यौगिक का एक निश्चित संघटन और निश्चित गुणधर्म होते हैं।

Q.3	समान द्रव्यमान संख्या होने के बावजूद, समभारिक भिन्न रासायनिक गुण क्यों प्रदर्शित करते हैं?
Ans	✘ A. क्योंकि उनके प्रोटॉन की संख्या समान होती है
	✘ B. क्योंकि वे आवर्त सारणी में एक ही समूह से संबंधित हैं
	✘ C. क्योंकि उनके नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है
	✔ D. क्योंकि उनकी परमाणु संख्या और इलेक्ट्रॉनिक विन्यास भिन्न होते हैं

Q.4	निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, कोशिका अंगक नहीं है?
Ans	✘ A. माइटोकॉन्ड्रिया
	✘ B. अंतर्द्रव्यी जालिका
	✔ C. कोशिका द्रव्य
	✘ D. गॉल्जी उपकरण

Q.5	उत्तल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब का आकार _____ होता है।
Ans	✔ A. हमेशा वस्तु से छोटा होता है
	✘ B. हमेशा वस्तु के बराबर होता है
	✘ C. वस्तु की स्थिति के आधार पर बड़ा या छोटा हो सकता है
	✘ D. हमेशा वस्तु से बड़ा होता है

Visit Website QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6	निम्नलिखित में से किसमें शाखित-श्रृंखला हाइड्रोकार्बन है?
Ans	✗ A. प्रोपेन
	✗ B. एथेन
	✗ C. ब्यूटेन
	✓ D. आइसोब्यूटेन

Q.7	दाब का SI मात्रक क्या है?
Ans	✗ A. ऐटमॉस्फियर (Atmosphere)
	✗ B. टॉर (Torr)
	✓ C. पास्कल (Pascal)
	✗ D. mmHg

Q.8	5 kg द्रव्यमान का एक पिंड आरंभ में विरामावस्था में है। इस पर 4 s तक 20 N का एक नियत बल कार्य करता है। पिंड का अंतिम वेग क्या है?
Ans	✗ A. 8 m/s
	✓ B. 16 m/s
	✗ C. 20 m/s
	✗ D. 12 m/s

Q.9	नामकरण में "पूर्वलग्न (prefix)" या "अनुलग्न (suffix)" के साथ मूल संशोधन किसका सूचक है?
Ans	✗ A. पृष्ठ क्षेत्र की प्रकृति
	✗ B. गलनांक की प्रकृति
	✓ C. प्रकार्यात्मक समूह की प्रकृति
	✗ D. क्वथनांक की प्रकृति

Q.10	एक सर्किट आरेख में, सेल के प्रतीक को निम्नलिखित में से किसके द्वारा दर्शाया जाता है?
Ans	✗ A. एक आयत जिसके अंदर एक विकर्ण रेखा है
	✗ B. एक वृत्त जिसके अंदर एक क्रॉस है
	✓ C. एक लंबी और एक छोटी रेखा एक-दूसरे के समानांतर
	✗ D. दो बराबर रेखाएँ एक-दूसरे के समानांतर

Q.11	हाइड्रा जैसे जीवों द्वारा किस प्रकार की कोशिकाओं का उपयोग मुकुलन प्रक्रिया में प्रजनन के लिए किया जाता है?
Ans	✗ A. प्रकाशसंश्लेषी कोशिका
	✓ B. पुनरुत्पादक कोशिका
	✗ C. रंध्री कोशिका
	✗ D. युग्मकी कोशिका

Q.12	कोशिका के प्रकार और आकृति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
Ans	✗ A. लाल रक्त कोशिका (RBC), डिस्क रूपी (disc-shaped) होती है जिसमें एक केन्द्रीय गर्त होता है।
	✗ B. तंत्रिका कोशिका, लम्बी और शाखित रूपी होती है।
	✓ C. श्वेत रक्त कोशिका (WBC), गोल एवं स्थिर (round and fixed) रूपी होती है।
	✗ D. पेशी कोशिका, तर्कुरूपी (spindle-shaped) होती है।

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.13	शुक्रवहा-उच्छेदन (vasectomy) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
Ans	✗ A. यह गर्भाशय तक पहुँचने वाली शुक्राणु कोशिकाओं को नष्ट कर देता है।
	✓ B. यह शुक्र वाहिकाओं को अवरुद्ध करके शुक्राणुओं के स्राव को रोकता है।
	✗ C. यह टेस्टोस्टेरॉन के उत्पादन को रोकता है।
	✗ D. यह शुक्राशय (seminal vesicles) को हटा देता है।

Q.14	जब कोई धातु किसी अधातु के साथ अभिक्रिया करती है तो किस प्रकार का आबंध बनता है?
Ans	✗ A. हाइड्रोजन आबंध
	✓ B. आयनी आबंध
	✗ C. धात्विक आबंध
	✗ D. सहसंयोजक आबंध

Q.15	बर्फ, जल के पृष्ठ पर क्यों तैरती है?
Ans	✓ A. क्योंकि बर्फ का घनत्व जल के घनत्व से कम होता है
	✗ B. क्योंकि बर्फ का तापमान निम्न होता है
	✗ C. क्योंकि बर्फ का भार बहुत कम होता है
	✗ D. क्योंकि यह अपने भार के बराबर जल को विस्थापित करती है

Q.16	कौन-सी धातु आयरन सल्फेट विलयन से आयरन को विस्थापित करेगी?
Ans	✗ A. तांबा
	✓ B. जिंक
	✗ C. चाँदी
	✗ D. क्रोमियम

Q.17	जब मुख का pH स्तर _____ से नीचे चला जाता है तो दांतों का इनेमल खराब होने लगता है।
Ans	✗ A. 7.5
	✗ B. 6.5
	✗ C. 4.5
	✓ D. 5.5

Q.18	निम्नलिखित में से कौन-सा इस बात का सही कारण है कि, जब वृक्ष की शाखाओं को जोर से हिलाया जाता है तो फल वृक्ष से क्यों गिरते हैं?
Ans	✗ A. फल, क्रिया-प्रतिक्रिया बलों के कारण नीचे गिरते हैं।
	✓ B. फल, जड़त्व के कारण नीचे गिरते हैं।
	✗ C. फल, संवेग में परिवर्तन के कारण नीचे गिरते हैं।
	✗ D. फल, घर्षण बल के कारण नीचे गिरते हैं।

Q.19	कौन-सी तरंग विशेषता ध्वनि की प्रबलता निर्धारित करती है?
Ans	✗ A. आवृत्ति
	✗ B. तरंगदैर्ध्य
	✓ C. आयाम
	✗ D. पिच

Q.20	पुष्पीय पौधों के प्रजनन में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है?
Ans	✓ A. परागण → निषेचन → भ्रूण → अंकुर
	✗ B. निषेचन → परागण → भ्रूण → अंकुर
	✗ C. परागण → निषेचन → अंकुर → भ्रूण
	✗ D. भ्रूण → अंकुर → परागण → निषेचन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.21	एक विद्यार्थी कहता है, "पौधों में तंत्रिका तंत्र नहीं होता, इसलिए वे किसी के भी प्रति अनुक्रिया नहीं कर सकते।" इसका सही वैज्ञानिक उत्तर क्या होगा?
Ans	✗ A. पौधे भी जंतुओं की तरह तंत्रिकाओं का उपयोग करते हैं।
	✓ B. पौधे हार्मोनल और विद्युत-रासायनिक संकेतों का उपयोग करके अनुक्रिया करते हैं।
	✗ C. विद्यार्थी सही है; पौधे निर्जीव होते हैं।
	✗ D. केवल जंतु ही अनुक्रिया दर्शा सकते हैं।

Q.22	जब प्रतिरोधकों को श्रेणीक्रम में जोड़ा जाता है, तो सभी प्रतिरोधकों में कौन-सी राशि समान रहती है?
Ans	✗ A. शक्ति
	✗ B. प्रतिरोध
	✓ C. धारा
	✗ D. वोल्टेज

Q.23	ऊर्जा के एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तन के दौरान, जैसे मुक्त पतन के दौरान गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा का गतिज ऊर्जा में परिवर्तित होने से, _____।
Ans	✗ A. सिद्धांत का पालन करते हुए कुल यांत्रिक ऊर्जा बढ़ती है
	✗ B. नई ऊर्जा स्थिर रूप से निर्मित होती है, जो मूल स्वरूप की हानि को संतुलित करती है
	✗ C. ऊर्जा धीरे-धीरे पर्यावरण में नष्ट हो जाती है, जिससे सिद्धांत का उल्लंघन होता है
	✓ D. परिवर्तन से पहले और बाद में कुल ऊर्जा समान रहती है

Q.24	स्कूल के बगीचे में, तितलियाँ अक्सर फूलों पर आती हैं जबकि गिलहरियाँ काष्ठफल (nuts) खाती हैं। ये जीव किस प्रकार के उपभोक्ता हैं?
Ans	✗ A. तितलियाँ - सर्वाहारी, गिलहरी - मांसाहारी
	✗ B. तितलियाँ – मांसाहारी, गिलहरी – सर्वाहारी
	✓ C. तितलियाँ – शाकाहारी, गिलहरी – शाकाहारी
	✗ D. तितलियाँ - परजीवी, गिलहरी - अपघटक

Q.25	निम्नलिखित में से किस प्रकार की मानव पेशियाँ उचित रूप से अभिरंजित होने पर बारी-बारी से हल्के और गहरे बैंड प्रदर्शित करती हैं?
Ans	✗ A. अनैच्छिक पेशियाँ (Involuntary muscles)
	✗ B. आहार नाल की पेशियाँ (Muscles of the alimentary canal)
	✗ C. अंतरंग पेशियाँ (Visceral muscles)
	✓ D. कंकालीय पेशियाँ (Skeletal muscles)

Section : **Mathematics**

Q.26	एक कक्षा के 57 विद्यार्थियों की औसत आयु 19 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 20 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 79
	✓ B. 77
	✗ C. 71
	✗ D. 75

Q.27	दो पूर्णांकों का योग 40 है। यदि उनके बीच अंतर 14 है, तो बड़ा पूर्णांक ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 27
	✗ B. 25
	✗ C. 33
	✗ D. 17

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.28	दो मित्रों, गोपाल और अक्षय की मासिक आय का अनुपात 5 : 8 है और उनमें से प्रत्येक हर महीने ₹78,000 बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 4 है, तो गोपाल की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 98,500
	✓ B. 97,500
	✗ C. 96,500
	✗ D. 1,36,500

Q.29	20 आदमी एक खेत की कटाई 18 दिनों में कर सकते हैं। यदि लक्ष्य 30 दिनों में खेत की कटाई पूरी करना है, तो कितने दिनों के बाद 9 आदमियों को काम करना बंद कर देना चाहिए?
Ans	✗ A. $2\frac{1}{2}$ दिन
	✗ B. $4\frac{1}{2}$ दिन
	✓ C. $1\frac{1}{2}$ दिन
	✗ D. $3\frac{1}{2}$ दिन

Q.30	$\frac{1}{20}, \frac{11}{100}$ का कितना प्रतिशत है (अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)?
Ans	✓ A. 45.45%
	✗ B. 90.91%
	✗ C. 55.45%
	✗ D. 60.45%

Q.31	दो रेलगाड़ियों के इंजन, जो एक-दूसरे से 60 km की दूरी पर हैं, क्रमशः 16 km/hr और 29 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। कितने समय बाद वे एक-दूसरे से मिलेंगे? (मान लीजिए कि इंजन की लंबाई नगण्य है।)
Ans	✓ A. 80 मिनट
	✗ B. 86 मिनट
	✗ C. 72 मिनट
	✗ D. 90 मिनट

Q.32	यदि $90 - [36 \div 3 + 2 \times (P^2 - 21)] \div 3 = \frac{70}{3}$ है, तो P का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 6
	✓ B. $\sqrt{115}$
	✗ C. 4
	✗ D. 5

Q.33	₹91 प्रति जोड़ी सैंडलों की दर से 600 जोड़ी सैंडलों के उस बिल का निपटान एक नकद भुगतान द्वारा किया जाना है जिस पर 25% और 25% की क्रमिक छूट प्राप्त हुई तथा नकद भुगतान पर 28% की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी, भुगतान की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए?
Ans	✗ A. ₹22,111
	✗ B. ₹22,101
	✓ C. ₹22,113
	✗ D. ₹22,104

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.34	मि.गुप्ता की वर्तमान आयु, उनकी पुत्री की वर्तमान आयु की तीन गुनी है। छह वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 5 : 2 होगा। पुत्री की वर्तमान आयु कितनी है?
Ans	✗ A. 22 वर्ष
	✓ B. 18 वर्ष
	✗ C. 24 वर्ष
	✗ D. 20 वर्ष

Q.35	एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 1 : 2 : 3 के अनुपात में है। यदि लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई में क्रमशः 100%, 50% और 80% की वृद्धि की जाती है, तो घनाभ के आयतन में होने वाली प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 402%
	✓ B. 440%
	✗ C. 404%
	✗ D. 450%

Q.36	9000 वैध मतों वाले एक मतदान केंद्र में, चार उम्मीदवार P, Q, R और S चुनाव लड़ रहे थे, और मतदान के दौरान NOTA का विकल्प भी उपलब्ध था। कुल मतों का ठीक 1% मत NOTA को गया। उम्मीदवार Q को P द्वारा प्राप्त मतों का 25% मत प्राप्त हुआ। R और S के संयुक्त मतों की कुल संख्या 5,830 थी, जो उनके बीच 3 : 2 के अनुपात में वितरित हुई। विजयी उम्मीदवार को कितने मत प्राप्त हुए?
Ans	✗ A. 4398
	✗ B. 3984
	✓ C. 3498
	✗ D. 3894

Q.37	एक दुकानदार ने कुछ सामान ₹2,500 में खरीदा और उसे ₹3,250 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 20%
	✗ B. 40%
	✗ C. 25%
	✓ D. 30%

Q.38	अम्ल और पानी के 532 लीटर विलयन में, अम्ल और पानी का अनुपात 4 : 3 है। इसमें कितने लीटर अम्ल मिलाया जाना चाहिए ताकि विलयन में अम्ल और पानी का अनुपात 8 : 4 हो जाए?
Ans	✗ A. 151
	✗ B. 154
	✗ C. 153
	✓ D. 152

Q.39	14 cm व्यास वाले एक गोले को 4 बराबर भागों में काटा जाता है। चारों भागों का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✗ A. 4408
	✗ B. 2464
	✓ C. 1232
	✗ D. 3606

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.40	माध्य और बहुलक का गुणनफल 24 है तथा माध्यिका और माध्य का गुणनफल 32 है। यदि माध्य, माध्यिका का 3 गुना और बहुलक के वर्गों के योगफल का वर्गमूल $a \times \sqrt{b \times 11}$ है, तो $\sqrt{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 6
	✓ B. 3
	✗ C. 4
	✗ D. 5

Q.41	वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या क्या है जिसे 4478 में इस प्रकार जोड़ा जाए कि परिणामी संख्या को 56, 80, 16 और 60 में से प्रत्येक से विभाजित करने पर शेषफल 2 बचे?
Ans	✗ A. 584
	✗ B. 549
	✗ C. 574
	✓ D. 564

Q.42	एक महिला 80 मिनट तक 20 m/min की चाल से और 70 मिनट तक 50 m/min की चाल से यात्रा करती है। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 34
	✗ B. 27
	✗ C. 40
	✗ D. 38

Q.43	यदि $1 - \sin^2 B = K \cdot \sin^2 B$ है, तो K ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. $\tan^2 B$
	✗ B. $\sec^2 B$
	✓ C. $\cot^2 B$
	✗ D. $\operatorname{cosec}^2 B$

Q.44	△ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 71° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 57° है। ∠AEB की माप कितनी है?
Ans	✗ A. 71°
	✗ B. 68°
	✗ C. 62°
	✓ D. 76°

Q.45	शार्पनर के एक बॉक्स का क्रय मूल्य ₹2,400 है। दुकानदार ने क्रय मूल्य पर 41% की छूट दी। विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है?
Ans	✗ A. 1,494
	✗ B. 1,242
	✓ C. 1,416
	✗ D. 1,496

Q.46	दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक दर से ऋण देते हैं। सलिल ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद सलिल द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान किए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 49,800
	✓ B. 48,300
	✗ C. 47,800
	✗ D. 49,300

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.47	$\frac{(x^4-1)(x^2+x+1)}{(x^3-1)(x^2+1)}$ का सरीकृत मान ज्ञात करें।
Ans	✗ A. x^2+1
	✗ B. x^2-1
	✓ C. $x+1$
	✗ D. $x-1$

Q.48	एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। 96 पृष्ठ टाइप करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा?
Ans	✗ A. 1925
	✓ B. 1920
	✗ C. 1910
	✗ D. 1930

Q.49	A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 24 और 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी कार्य का दोगुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?
Ans	✗ A. 8
	✗ B. 5
	✓ C. 4
	✗ D. 12

Q.50	यदि A और 112 का माध्यानुपाती 28 है, तो A का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 5
	✗ B. 4
	✓ C. 7
	✗ D. 6

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	एक निश्चित तरीके से GM 14 का संबंध EJ 16 से है। उसी प्रकार, KQ 22 का संबंध IN 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OU 27 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✓ A. MR 29
	✗ B. QT 29
	✗ C. PR 29
	✗ D. PT 28

Q.52	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 1, 3, 16, 5, 7, 144, 9, 11,?
Ans	✗ A. 169
	✗ B. 324
	✓ C. 400
	✗ D. 196

Q.53	संख्या 2134567 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?
Ans	✓ A. 8
	✗ B. 5
	✗ C. 7
	✗ D. 6

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.54	निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, कौन-सा अक्षर-समूह प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? IXB GWE EVH CUK ?
Ans	✗ A. ASM
	✗ B. BTM
	✗ C. BSN
	✓ D. ATN

Q.55	A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर E बैठा है। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। B का निकटतम पड़ोसी C नहीं है। A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। यदि सभी व्यक्तियों को A (A को शामिल करते हुए) से शुरू करके अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में दक्षिणावर्त दिशा में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?
Ans	✗ A. एक
	✓ B. तीन
	✗ C. दो
	✗ D. चार

Q.56	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (9, 31, 26) (13, 43, 38)
Ans	✗ A. (20, 56, 51)
	✗ B. (14, 38, 33)
	✗ C. (12, 32, 27)
	✓ D. (15 ,49 ,44)

Q.57	किसी कक्षा में सभी 37 विद्यार्थी एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। निशा बाएँ छोर से 13वें स्थान पर है जबकि मानसा दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। निशा और मानसा के बीच कितने लोग खड़े हैं?
Ans	✗ A. 10
	✗ B. 12
	✗ C. 7
	✓ D. 9

Q.58	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 3 5 2 8 7 4 6 2 5 1 4 9 8 2 6 8 4 1 6 7 3 4 5 2 4 7 (दाएं) ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद एक सम अंक है?
Ans	✗ A. एक
	✗ B. दो
	✗ C. तीन से अधिक
	✓ D. तीन

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.59	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'he fix gadgets' को 'pd rt ds' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'fix this pen' को 'nq uz pd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'fix' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?
Ans	✗ A. nq
	✗ B. uz
	✓ C. pd
	✗ D. ds

Q.60	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. PSU
	✗ B. HKM
	✓ C. XBC
	✗ D. JMO

Q.61	छह छात्र, S1, S2, S3, S4, S5 और S6, एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S5 और S2 दोनों के पड़ोस में छात्र S6 बैठा है। S1 और S3 एक-दूसरे के पड़ोस में बैठे हैं। S2 और S3 का उभयनिष्ठ पड़ोसी S4 है। S4 के दाईं ओर दूसरे स्थान पर S1 है। निम्नलिखित में से कौन S1 के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है?
Ans	✗ A. S2
	✗ B. S6
	✗ C. S3
	✓ D. S4

Q.62	संख्या 2175684 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
Ans	✗ A. एक भी नहीं
	✗ B. तीन
	✗ C. एक
	✓ D. दो

Q.63	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** सभी वृक्ष, झाड़ी हैं। सभी झाड़ी, शाक हैं। **निष्कर्ष:** (I): कुछ शाक, झाड़ी हैं। (II): सभी वृक्ष, शाक हैं।
Ans	✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64	छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में E बैठा है। D के बाईं ओर चौथे स्थान पर F बैठा है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर A बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
Ans	✗ A. BA
	✓ B. FE
	✗ C. CB
	✗ D. AD

	✗ D. वेग का मान विभिन्न क्षणों पर तथा पथ के विभिन्न बिंदुओं पर भिन्न-भिन्न होता है।

Q.23	निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प चुनिए। कथन A: ऐल्कोहॉल, सोडियम के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन मुक्त करता है। कथन B: सोडियम की इथेनॉल के साथ अभिक्रिया करने पर कोई गैस मुक्त नहीं होती।
Ans	✗ A. कथन A और B दोनों सही हैं।
	✓ B. कथन A सही है लेकिन B गलत है।
	✗ C. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
	✗ D. कथन A और B दोनों गलत हैं।

Q.24	यदि एक तार का प्रतिरोध R है और उसमें से धारा I प्रवाहित हो रही है, तो तार में क्षयित शक्ति को _____ द्वारा निरूपित किया जाता है।
Ans	✗ A. P=V/I
	✗ B. P=I2/R
	✗ C. P=V2R
	✓ D. P=I2R

Q.25	धातु ऑक्साइड को गर्म करके तांबा और चांदी जैसी धातुओं का निष्कर्षण करने के लिए किस प्रक्रम का उपयोग किया जाता है?
Ans	✓ A. प्रगलन (Smelting)
	✗ B. भर्जन (Roasting)
	✗ C. तापीय अपघटन (Thermal Decomposition)
	✗ D. विद्युत अपघटन (Electrolysis)

Section : **Mathematics**

Q.26	एक दुकानदार ने 20 kg चावल ₹50 प्रति kg की दर से खरीदा और उसे ₹45 प्रति kg की दर से बेचा। उसका हानि प्रतिशत कितना है?
Ans	✗ A. 13%
	✗ B. 12%
	✓ C. 10%
	✗ D. 11%

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27	यदि किसी संख्या के $\frac{2}{3}$ के 10% का 30%, 577 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 32310
	✓ B. 28850
	✗ C. 32490
	✗ D. 30300

Q.28	20%, 5% और 21% की तीन क्रमागत छूटों के बाद अंकित मूल्य का प्रभावी मूल्य प्रतिशत ज्ञात कीजिए (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)।
Ans	✓ A. 60.04%
	✗ B. 63.04%
	✗ C. 58.66%
	✗ D. 62.04%

Q.29	ट्रेन A, स्टेशन X से 8:00 AM पर निकलती है और स्टेशन Y की ओर 50 km/hr की चाल से बढ़ती है। ट्रेन B, स्टेशन Y से 9:00 AM पर निकलती है और स्टेशन X की ओर 60 km/hr की चाल से बढ़ती है। यदि दोनों ट्रेनें 9:45 AM पर मिलती हैं, तो स्टेशन X और Y के बीच की दूरी का एक-चौथाई (km में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 33.225
	✗ B. 32.125
	✓ C. 33.125
	✗ D. 33.175

Q.30	पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 20 मिनट और 35 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B दोनों को एक साथ खोला जाता है। पाइप A को कितने समय बाद बंद कर देना चाहिए, ताकि खाली टंकी कुल 28 मिनट में पूरी तरह से भर जाए?
Ans	✗ A. 5 मिनट
	✗ B. 20 मिनट
	✓ C. 4 मिनट
	✗ D. 10 मिनट

Q.31	एक पाइप एक टंकी को 4 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 8 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइपों को एक साथ खोला जाए, तो टंकी को आधा भरने में कितने मिनट लगेंगे?
Ans	✗ A. 8 मिनट
	✗ B. 5 मिनट
	✗ C. 9 मिनट
	✓ D. 4 मिनट

Q.32	संख्या 77,792 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?
Ans	✗ A. 14
	✓ B. 13
	✗ C. 12
	✗ D. 15

Q.33	443 में वह सबसे छोटी कौन-सी संख्या जोड़ी जाए जिससे प्राप्त संख्या 12, 5 और 6 से पूर्णतः विभाज्य हो?
Ans	✗ A. 40
	✗ B. 41
	✓ C. 37
	✗ D. 33

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.34	एक चाचा की वर्तमान आयु उसके भतीजे की आयु से छह गुना है। 20 वर्ष बाद, उसकी आयु केवल दोगुनी होगी। भतीजे की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 30 वर्ष
	✗ B. 25 वर्ष
	✓ C. 5 वर्ष
	✗ D. 15 वर्ष

Q.35	₹2,288 को पंकज, मीरा और अशोक के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि यदि उनके हिस्सों में से ₹39, ₹47 और ₹40 की कटौती कर ली जाए, तो उनके पास 17 : 15 : 14 के अनुपात में धनराशि बचती है। मीरा का वास्तविक हिस्सा ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹752
	✗ B. ₹855
	✗ C. ₹805
	✗ D. ₹605

Q.36	18 cm व्यास वाले एक गोले का आयतन (cm^3 में) कितना होगा? ($\pi = 3.1$ का उपयोग कीजिए)
Ans	✗ A. 2504.6
	✗ B. 1807.2
	✓ C. 3013.2
	✗ D. 1506.6

Q.37	एक एजेंट ₹6,420 अंकित मूल्य वाले एक कलम को 20% की छूट पर बेचता है। कलम का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है?
Ans	✗ A. 5,137
	✓ B. 5,136
	✗ C. 5,135
	✗ D. 5,138

Q.38	एक बुकस्टोर 2 गणित की किताबें और 3 विज्ञान की किताबें ₹1,980 में बेचता है। वह साथ ही 3 गणित की किताबें और 2 विज्ञान की किताबें ₹1,920 में बेचता है। एक गणित की किताब और एक विज्ञान की किताब का कुल मूल्य कितना है?
Ans	✗ A. ₹820
	✓ B. ₹780
	✗ C. ₹800
	✗ D. ₹760

Q.39	$\frac{(11)^3-(10)^3}{(11)^2+11\times10+(10)^2}$ को हल करें।
Ans	✗ A. 4
	✓ B. 1
	✗ C. 3
	✗ D. 2

Q.40	126 km/h की चाल से चलने वाली 300 m लंबी ट्रेन एक प्लेटफॉर्म को 12 सेकंड में पार करती है। एक लड़का उसी प्लेटफॉर्म को 15 सेकंड में पार करता है। लड़के की चाल m/s में कितनी है?
Ans	✗ A. 5
	✗ B. 7
	✓ C. 8
	✗ D. 6

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.41	प्रेक्षणों 31, 36, 83, 84, 93, 47, 17, 45 और 50 का समांतर माध्य .....है।
Ans	✔ A. 54
	✘ B. 47
	✘ C. 48
	✘ D. 61

Q.42	सुधा का खर्च उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसका खर्च 4% कम हो जाता है और बचत 26% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?
Ans	✘ A. 9%
	✔ B. 6%
	✘ C. 8%
	✘ D. 5%

Q.43	प्रत्येक 40% की दो क्रमिक वृद्धि, प्रत्येक 40% की दो क्रमिक कमी से कितने प्रतिशत अधिक है?
Ans	✔ A. $50\ \%$
	✘ B. $48\ \%$
	✘ C. $52\ \%$
	✘ D. $43\ \%$

Q.44	एक चतुर्भुज IJKL में, ∠I = 35° और ∠J = 24° है। ∠K और ∠L के समद्विभाजक Z पर मिलते हैं। ∠LZK की माप कितनी है?
Ans	✔ A. 29.5°
	✘ B. 27°
	✘ C. 19.5°
	✘ D. 34°

Q.45	यदि $\tan\theta = \sqrt{3}$ है, जहाँ θ एक न्यून कोण है, तो $\sec\theta$ का मान कितना है?
Ans	✘ A. 3
	✔ B. 2
	✘ C. 1.5
	✘ D. 0.5

Q.46	$18-[6-\{4-(8-6-3)\}]$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 16
	✘ B. 9
	✘ C. 19
	✔ D. 17

Q.47	3.5 cm आंतरिक त्रिज्या वाले एक क्षैतिज बेलनाकार पाइप से 2 m प्रति सेकंड की गति से जल प्रवाहित होता है। यदि पाइप सदैव आधा भरा रहता है, तो 5 मिनट में प्रवाहित होने वाले जल का आयतन (लीटर में) कितना है? $\left(\pi = \frac{22}{7}\text{का उपयोग करें}\right)$
Ans	✘ A. 1045
	✔ B. 1155
	✘ C. 1455
	✘ D. 1275

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.48	यदि 63 : A :: A : 175 है, तो A का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 103
	✓ B. 105
	✗ C. 108
	✗ D. 104

Q.49	₹2,600 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. ₹3,146
	✗ B. ₹3,269
	✗ C. ₹3,356
	✗ D. ₹3,928

Q.50	प्रथम 4 प्राकृत संख्याओं के वर्गों का औसत कितना है?
Ans	✗ A. 6.5
	✗ B. 9.5
	✗ C. 8.5
	✓ D. 7.5

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है। (बाएं) 496 357 256 547 413 (दाएं) (उदाहरण- 697 में – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) (नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।) यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?
Ans	✗ A. 12
	✗ B. 13
	✗ C. 14
	✓ D. 15

Q.52	दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 1 2 10 ? 101 226
Ans	✗ A. 40
	✗ B. 30
	✓ C. 37
	✗ D. 19

Q.53	निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला को संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (बाएं) R B M Y A C T F K W N J Z Q L X O P E D H V (दाएं) इस श्रृंखला में ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक बाद एक स्वर है?
Ans	✗ A. पांच
	✗ B. छह
	✓ C. तीन
	✗ D. चार

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.54	यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है। (बाएं) 826, 117, 681, 964, 529 (दाएं) (उदाहरण: 697 में पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7 है) नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं करनी हैं। यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो प्राप्त परिणाम क्या होगा?
Ans	✗ A. 7
	✗ B. 13
	✓ C. 5
	✗ D. 11

Q.55	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 129 143 154 168 179 ?
Ans	✗ A. 195
	✗ B. 189
	✓ C. 193
	✗ D. 191

Q.56	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तर्क के अनुसार DWXK का संबंध LEFS से है। उसी तर्क के अनुसार JCDQ का संबंध RKLY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए HABO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✗ A. PDER
	✗ B. PIOL
	✗ C. PJWE
	✓ D. PIJW

Q.57	मयंक बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 47 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 48 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 51 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 56 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है,4 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)
Ans	✗ A. पूर्व में 5 km
	✗ B. पश्चिम में 7 km
	✓ C. पूर्व में 8 km
	✗ D. पूर्व में 6 km

Q.58	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 84 85 87 91 99 ?
Ans	✗ A. 116
	✗ B. 114
	✓ C. 115
	✗ D. 117

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.59	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (9, 25, 17) (13, 33, 25)
Ans	✔ A. (14, 35, 27)
	✘ B. (15, 37, 45)
	✘ C. (8, 9, 1)
	✘ D. (11, 29, 38)

Q.60	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✘ A. JFG
	✔ B. XTV
	✘ C. EAB
	✘ D. PLM

Q.61	किसी निश्चित कूट भाषा में, OGAR को 123 के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा ZAPQ को 180 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में WVDL के लिए कूट क्या है?
Ans	✘ A. 180
	✔ B. 183
	✘ C. 172
	✘ D. 177

Q.62	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✘ A. SPN
	✘ B. WTR
	✔ C. TRO
	✘ D. BYW

Q.63	निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए? 10 ÷ 2 + 21 × 7 – 8 = ? + 5
Ans	✘ A. 22
	✘ B. 28
	✔ C. 30
	✘ D. 25

Q.64	यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 42 B 3 D 70 A 2 C 9 B 4 D (36 A 6) B 3 = ?
Ans	✔ A. 109
	✘ B. 123
	✘ C. 97
	✘ D. 81

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.65	सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के बाईं ओर केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। C और F के बीच केवल 3 व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. 2
	✓ B. 5
	✗ C. 4
	✗ D. 3

Q.66	अरविंद अपनी कक्षा में ऊपर से 15वें और नीचे से 10वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✓ A. 24
	✗ B. 25
	✗ C. 26
	✗ D. 23

Q.67	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? DEA 48 CDZ 55 BCY 62 ABX 69 ?
Ans	✗ A. ZZV 75
	✗ B. ZIS 75
	✓ C. ZAW 76
	✗ D. ZBV 76

Q.68	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं। **कथन:** सभी होटल, रेस्तरां हैं। सभी रेस्तरां, कैफे हैं। कुछ रेस्तरां, बार हैं। **निष्कर्ष:** (I): कुछ कैफे, बार हैं। (II): कुछ होटल, बार हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.69	उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। MKO–KIM RPT–PNR
Ans	✓ A. FDH–DBF
	✗ B. FCF–DBF
	✗ C. FCF–CAE
	✗ D. FDH–CBE

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.70	एक निश्चित कूट भाषा में, 'lets move on' को 'rk ts jn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'move on the' को "pl jn ts' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'lets' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?
Ans	✗ A. ts
	✗ B. pl
	✓ C. rk
	✗ D. jn

Q.71	मेघनाथ, बिंदु M से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर दिशा की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। इसके बाद, वह दाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। अंत में, वह दाएँ मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु M पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✗ A. 3 km, उत्तर की ओर
	✗ B. 8 km, पूर्व की ओर
	✗ C. 5 km, पूर्व की ओर
	✓ D. 12 km, दक्षिण की ओर

Q.72	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं)। (बाएँ) 3 % & @ 1 7 $ 5 @ 2 & 6 % Ω 4 @ 9 * £ 5 (दाएँ) यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से पाँचवाँ होगा?
Ans	✗ A. 5
	✓ B. 2
	✗ C. 7
	✗ D. 6

Q.73	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? ODH, QFJ, SHL, UJN, ?
Ans	✗ A. WMQ
	✓ B. WLP
	✗ C. WMP
	✗ D. WLQ

Q.74	सात व्यक्ति, E, F, G, H, I, J और K, एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। J के बाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। J और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G और J दोनों का निकटतम पड़ोसी H है। J के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✓ A. I
	✗ B. F
	✗ C. G
	✗ D. K

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.75	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** सभी मॉडल, अभिनेता हैं। कुछ अभिनेता, निर्देशक हैं। सभी निर्देशक, निर्माता हैं। **निष्कर्ष 1:** कुछ अभिनेता, निर्माता हैं। **निष्कर्ष 2:** सभी मॉडल, निर्देशक हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
	✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.76	एक निश्चित कूट भाषा में, **A ± B** का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', **A * B** का अर्थ है कि 'A, B की बहन है', **A ₹ B** का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और **A # B** का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'। यदि **'D * R # A ± C ₹ O'** है, तो D का O से क्या संबंध है?
Ans	✓ A. माता की बहन
	✗ B. माता
	✗ C. बहन
	✗ D. पत्नी की बहन

Q.77	संख्या 7483516 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?
Ans	✗ A. दो
	✓ B. एक भी नहीं
	✗ C. तीन
	✗ D. एक

Q.78	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, DINS का संबंध एक निश्चित तरीके से GLQV से है। उसी प्रकार, HMRW का संबंध KPUZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BGLQ का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✗ A. DHOS
	✗ B. CHKP
	✗ C. CIOS
	✓ D. EJOT

Q.79	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 51 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, महेश दाएं छोर से 18वें स्थान पर बैठा है। यदि वल्ली बाएं छोर से 22वें स्थान पर बैठा है, तो महेश और वल्ली के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✓ A. 11
	✗ B. 14
	✗ C. 12
	✗ D. 13

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	आठ दोस्त, अमन, बाबू, छोटू, दीपू, एहसान, फारूख, गुना और हरि, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। दीपू, फारूख के बाएं से दूसरे स्थान पर है। दीपू, हरि के दाएं से तीसरे स्थान पर है। अमन, फारूख के दाएं से दूसरे स्थान पर है। छोटू, बाबू के दाएं से दूसरे स्थान पर है। फारूख, बाबू के दाएँ से तीसरे स्थान पर है। गुना, फारूख का निकटतम पड़ोसी नहीं है। अमन के दाएँ से दूसरे स्थान पर कौन है?
Ans	✗ A. एहसान
	✗ B. दीपू
	✓ C. गुना
	✗ D. छोटू

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	IPL 2025 में, चार IPL टीमों के विरुद्ध 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने?
Ans	✗ A. शिखर धवन
	✓ B. विराट कोहली
	✗ C. सुरेश रैना
	✗ D. रोहित शर्मा

Q.82	केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में मखाना के उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी?
Ans	✗ A. झारखंड
	✓ B. बिहार
	✗ C. असम
	✗ D. उत्तराखंड

Q.83	बहरीन के मनामा में आयोजित हुए 2025 एशियन यूथ गेम्स में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
Ans	✓ A. 48
	✗ B. 36
	✗ C. 54
	✗ D. 42

Q.84	नवंबर 2025 में किस प्रमुख राष्ट्रीय आयोजन के दौरान, सरकार ने भारतीय शहरों में पुराने कचरे के निपटान में तीव्रता लाने हेतु डंपसाइट रीमेडिएशन एक्सेलरेटर प्रोग्राम (DRAP) का अनावरण किया?
Ans	✗ A. स्वच्छता पखवाड़ा 2025 (Swachhata Pakhwada 2025)
	✗ B. राष्ट्रीय पर्यावरण शिखर सम्मेलन 2025 (National Environment Summit 2025)
	✓ C. राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025 (National Urban Conclave 2025)
	✗ D. भारत स्वच्छता सम्मेलन 2025 (India Sanitation Conclave 2025)

Q.85	निम्नलिखित में से किसे प्रतिष्ठित 2024 विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
Ans	✗ A. गगनदीप कंग
	✓ B. गोविंदराजन पद्मनाभन
	✗ C. चंद्रिमा शाहा
	✗ D. सत्यजीत रथ

Q.86	दिसंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस अफ्रीकी देश ने रूस को अफ्रीकी महाद्वीप पर अपना पहला नौसैनिक बेस स्थापित करने की अनुमति देने वाले समझौते को मंजूरी दी?
Ans	✗ A. अल्जीरिया (Algeria)
	✓ B. सूडान (Sudan)
	✗ C. इथियोपिया (Ethiopia)
	✗ D. दक्षिण अफ्रीका (South Africa)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.87	केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार, निम्नलिखित में से किस पहल का लक्ष्य 2030 तक ₹10 लाख करोड़ जुटाना है?
Ans	✗ A. पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (PLI) स्कीम
	✗ B. स्वच्छ भारत
	✓ C. सेकंड एसेट मोनेटाइजेशन प्लान
	✗ D. नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन

Q.88	विश्व बैंक की जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 में भारत की अत्यधिक गरीबी दर कितनी थी?
Ans	✓ A. 2.3%
	✗ B. 5.3%
	✗ C. 10.5%
	✗ D. 7.3%

Q.89	वूमेन्स फ़ुटबॉल अवार्ड्स, 2025 में किस महिला फ़ुटबॉलर को 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला?
Ans	✗ A. सैम केर (Sam Kerr)
	✗ B. विवियन मिडेमा (Vivianne Miedema)
	✓ C. एलेक्सिया पुटेलस (Alexia Putellas)
	✗ D. एडा हेगरबर्ग (Ada Hegerberg)

Q.90	जून 2025 में भारत के प्रधानमंत्री ने निम्नलिखित में से किस देश का दौरा किया?
Ans	✗ A. बांग्लादेश
	✗ B. ब्राजील
	✗ C. न्यूजीलैंड
	✓ D. क्रोएशिया

Q.91	किस राज्य ने 2020-2025 के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय उद्यानों (NP) और संरक्षित क्षेत्रों (PA) में पालन की जाने वाली प्रभावी प्रबंधन पद्धतियों में 74.24% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया?
Ans	✗ A. पंजाब
	✗ B. हिमाचल प्रदेश
	✓ C. कर्नाटक
	✗ D. गुजरात

Q.92	मई 2025 में उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित उन्नत SHe-Box पोर्टल कार्यस्थलों पर किस जेंडर का सहयोग करता है?
Ans	✗ A. ट्रांसजेंडर व्यक्ति
	✓ B. महिला
	✗ C. LGBTQ+
	✗ D. पुरुष

Q.93	जून 2025 में लॉर्ड्स में आयोजित ICC विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर अपना पहला WTC खिताब किसने जीता?
Ans	✗ A. भारत
	✓ B. दक्षिण अफ्रीका
	✗ C. इंग्लैंड
	✗ D. न्यूजीलैंड

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.94	मई 2025 में, किस भारतीय शहर ने 3,000 वर्ग मीटर से अधिक की इमारतों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य कर दिया है?
Ans	✗ A. मुंबई
	✗ B. चेन्नई
	✓ C. दिल्ली
	✗ D. कोलकाता

Q.95	केंद्रीय बजट 2025-2026 में, किस मंत्रालय को ₹3,794 करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ?
Ans	✗ A. शिक्षा मंत्रालय
	✓ B. युवा मामले और खेल मंत्रालय
	✗ C. स्वास्थ्य मंत्रालय
	✗ D. पर्यटन मंत्रालय

Q.96	'द चोला टाइगर्स: एवेंजर्स ऑफ सोमनाथ (The Chola Tigers: Avengers of Somnath)' नामक पुस्तक किसने लिखी?
Ans	✗ A. अरुंधति रॉय
	✗ B. नटवर सिंह
	✗ C. मनोरमा मिश्रा
	✓ D. अमीश त्रिपाठी

Q.97	IMF' के जनवरी के विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में बताए गए अनुसार, 2025 के लिए अनुमानित वैश्विक GDP वृद्धि दर क्या है?
Ans	✗ A. 2.8%
	✗ B. 4.2%
	✓ C. 3.3%
	✗ D. 3.7%

Q.98	निम्नलिखित में से किस संगठन ने जनवरी 2025 में राष्ट्रीय आवश्यक निदान सूची (National Essential Diagnostics List) के मसौदे का दूसरा संस्करण जारी किया?
Ans	✗ A. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific & Industrial Research)
	✓ B. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (The Indian Council of Medical Research)
	✗ C. जैव प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Biotechnology)
	✗ D. प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय (Office of the Principal Scientific Adviser)

Q.99	पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को संतुलित करने के लिए, उत्तराखंड सरकार ने अक्टूबर 2025 में निम्नलिखित में से किसे लॉन्च किया?
Ans	✗ A. सात सूत्री नीति
	✗ B. आठ सूत्री नीति
	✗ C. पाँच सूत्री नीति
	✓ D. नौ सूत्री नीति

Q.100	संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास मित्र शक्ति-2025 (MITRA SHAKTI-2025) में भाग लेने वाले भारतीय दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से भारतीय थलसेना की किस रेजिमेंट ने किया था?
Ans	✗ A. सिख रेजिमेंट
	✗ B. कुमाऊं रेजिमेंट
	✗ C. गोरखा रेजिमेंट
	✓ D. राजपूत रेजिमेंट

Visit Website "QuickSarkari.Com"

"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	02/02/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 स्रोत का कंपन शीघ्रता से होने पर ध्वनि पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
- ✗ A. तारत्व वही रहता है, लेकिन आवृत्ति कम हो जाती है।
- ✓ B. आवृत्ति और तारत्व अधिक हो जाते हैं।
- ✗ C. आवृत्ति और तारत्व कम हो जाते हैं।
- ✗ D. ध्वनि, संपीडन और विरलन उत्पन्न करना बंद कर देती है।

Q.2 जब CO_2, कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करती है, तो कैल्शियम कार्बोनेट और जल देती है। इस अभिक्रिया में CO_2 का कौन-सा गुण दिखाई देता है?

Ans
- ✗ A. उदासीन गुण
- ✗ B. ऑक्सीकारक गुण
- ✗ C. क्षारीय गुण
- ✓ D. अम्लीय गुण

Q.3 माइटोकॉन्ड्रिया के समान प्लास्टिडों में भी स्वयं के/की _____ और _____होती/होते हैं।

Ans
- ✗ A. एंजाइम; रसधानी
- ✗ B. पुटिकाएं; प्रोटीन
- ✗ C. न्यूक्लियस; गुणसूत्र
- ✓ D. DNA; राइबोसोम

Q.4 जल संग्रहण (Water harvesting) महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह _____।

Ans
- ✗ A. अनुप्रवाह क्षेत्रों में जल आपूर्ति को कम करता है
- ✗ B. जल निकायों में खनिज घनत्व को कम करता है
- ✗ C. जल निकायों का शुद्धिकरण करता है
- ✓ D. भूजल का पुनर्भरण करता है

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा, आयनिक यौगिकों का गुणधर्म नहीं है?

Ans
- ✗ A. इनका गलनांक और क्वथनांक सामान्यतः उच्च होता है।
- ✓ B. ये किरोसिन और पेट्रोल जैसे विलायकों में विलेय होते हैं।
- ✗ C. ये जलीय/गलित अवस्था में विद्युत का चालन कर सकते हैं।
- ✗ D. ये सामान्यतः कमरे के तापमान पर ठोस होते हैं।

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6 परिवार नियोजन में रासायनिक गर्भनिरोधक विधियों की भूमिका के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे उपयुक्त है?

Ans

✔ A. ये हार्मोन के स्तर को बदलकर अंडोत्सर्जन और गर्भाशय की तैयारी को बाधित करते हैं।

✘ B. वे अण्डोत्सर्ग को बढ़ावा देने के लिए एस्ट्रोजन के स्तर को बढ़ाते हैं और निषेचन की संभावना को कम करते हैं।

✘ C. वे योनि की भित्ति को मोटा करके शुक्राणुओं को गर्भाशय में प्रवेश करने से रोकते हैं।

✘ D. ये फैलोपियन ट्यूब को यांत्रिक रूप से अवरुद्ध करके रजोधर्म को पूरी तरह से रोक देते हैं।

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति न्यूटन के तीसरे नियम को स्पष्ट रूप से दर्शाती है, जहाँ क्रिया और प्रतिक्रिया बल दो अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं और बराबर और विपरीत होते हैं?

Ans

✔ A. नाविक आगे की ओर कूदते हुए नाव को पीछे की ओर धकेलता है और नाव उसे आगे की ओर धकेलती है।

✘ B. इंजन की शक्ति के कारण त्वरित होती कार।

✘ C. ज़मीन पर रखा एक पत्थर।

✘ D. मेज पर रखी एक पुस्तक स्थिर अवस्था में रहती है।

Q.8 एक तार का प्रतिरोध 1 Ω है। यदि इसे दो बराबर भागों में काटा जाए, तो प्रत्येक भाग का प्रतिरोध कितना होगा?

Ans

✔ A. 0.5 Ω

✘ B. 1 Ω

✘ C. 4 Ω

✘ D. 2 Ω

Q.9 लैंगिक जनन द्वारा उत्पन्न आनुवंशिक विविधता का परिणाम निम्नलिखित में से क्या है?

Ans

✔ A. विकास

✘ B. समरूप यमज (twins) का निर्माण

✘ C. उत्तरजीविता की संभावना में कमी

✘ D. आनुवंशिक रूप से समरूप संतति की उत्पत्ति

Q.10 खाद्य जाल (Food web) विभिन्न प्रकार के _____ से मिलकर बना होता है।

Ans

✔ A. खाद्य शृंखलाओं

✘ B. पोषी स्तरों

✘ C. खाद्य पदार्थों

✘ D. पारिस्थितिकी तंत्रों

Q.11 प्रोकैरियोटिक कोशिकाएं, यूकेरियोटिक कोशिकाओं से निम्नलिखित में से किसमें भिन्न होती हैं?

Ans

✘ A. झिल्लीयुक्त अंगक

✘ B. एक वास्तविक केंद्रक

✔ C. झिल्लीयुक्त केंद्रक का अभाव

✘ D. राइबोसोम

Q.12 एक वस्तु का द्रव्यमान 11 kg है और इसे ज़मीन से ऊँचाई पर रखा गया है। यदि इसकी स्थितिज ऊर्जा 440 J है और g = 10 m/s^2 है, तो ऊँचाई कितनी है?

Ans

✘ A. 8 m

✔ B. 4 m

✘ C. 48,400 m

✘ D. 2 m

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.13 दाब की गणना के लिए सही सूत्र क्या है, जहां प्रणोद लगाया गया बल है और क्षेत्रफल वह सतह है जिस पर यह कार्य करता है?

Ans

✗ A. दाब = क्षेत्रफल ÷ प्रणोद

✓ B. दाब = प्रणोद ÷ क्षेत्रफल

✗ C. दाब = प्रणोद + क्षेत्रफल

✗ D. दाब = प्रणोद × क्षेत्रफल

Q.14 उत्तल दर्पण हमेशा _____ प्रतिबिंब बनाता है।

Ans

✓ A. आभासी, सीधा और न्यूनीकृत

✗ B. वास्तविक, उल्टा और वस्तु से छोटा

✗ C. वास्तविक, सीधा, और वस्तु के समान आकार वाला

✗ D. आभासी, सीधा और वस्तु से बड़ा

Q.15 जस्ता लेपित लोहे की वस्तु में, जस्ते की परत पर खरोंच (scratch) लगने पर भी जंग से क्यों सुरक्षित रहती है?

Ans

✗ A. लोहे पर जंग की एक पतली परत बन जाती है जो जंग लगने से रोकती है।

✗ B. खरोंचों से तेल अंदर रिस सकता है, जो जंग लगने से रोकता है।

✗ C. जस्ता, लोहे के साथ अभिक्रिया करके आयरन ऑक्साइड की एक रक्षी परत बनाता है।

✓ D. जस्ता, लोहे की तुलना में अधिक अभिक्रियाशील होता है और अधिमान्य ऑक्सीकरण से गुजरता है, जो लोहे को जंग लगने से बचाता है।

Q.16 'निलंबन' का निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म गलत है?

Ans

✗ A. निलंबन के कणों को निस्यंदन प्रक्रिया द्वारा मिश्रण से पृथक किया जा सकता है।

✗ B. निलंबन एक विषमांगी मिश्रण है।

✗ C. निलंबन के कण नग्न आंखों से दिखाई देते हैं।

✓ D. निलंबन के कण प्रकाश की किरण को प्रकीर्णित नहीं करते हैं।

Q.17 ओम के नियम के अनुसार, किसी चालक में विभवान्तर .....होता है।

Ans

✗ A. धारा से स्वतंत्र

✗ B. धारा के व्युत्क्रमानुपाती

✗ C. प्रतिरोध के बराबर

✓ D. धारा के अनुक्रमानुपाती

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सी संयोजन अभिक्रिया ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया का उदाहरण है?

Ans

✓ A. $CH_{4(g)} + 2O_2 \rightarrow CO_{2(g)} + 2H_2O$

✗ B. $CaCO_{3(s)} \xrightarrow{\text{Heat}} CaO_{(s)} + CO_{2(g)}$

✗ C. $Pb_{(s)} + CuCl_{2(aq)} \rightarrow PbCl_{2(aq)} + Cu_{(s)}$

✗ D. $2AgCl_{(s)} \xrightarrow{\text{sunlight}} 2Ag_{(s)} + Cl_{2(g)}$

Q.19 मानव मुख में दंत क्षय किस pH पर शुरू होने लगता है?

Ans

✗ A. 8 से अधिक

✗ B. 7 और 8 के बीच

✗ C. ठीक 6.5

✓ D. 5.5 से कम

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.20 एक पदार्थ का निरपेक्ष अपवर्तनांक 4/3 है। यदि वायु में प्रकाश की चाल 3 x 10^8 m/s है, तो इस माध्यम (पदार्थ) में प्रकाश की चाल क्या होगी?

Ans
- ✗ A. 4 x 108 m/s
- ✓ B. 2.25 x 108 m/s
- ✗ C. 3 x 108 m/s
- ✗ D. 1.33 x 108 m/s

Q.21 किसी विशेष विलायक में घुले हुए विलेय की मात्रा को _____ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✗ A. तरलता (fluidity)
- ✓ B. सांद्रता (concentration)
- ✗ C. श्यानता (viscosity)
- ✗ D. पृष्ठीय तनाव (surface tension)

Q.22 लार में मौजूद कौन-सा एंजाइम, स्टार्च को तोड़ने में सहायक होता है?

Ans
- ✗ A. ट्रिप्सिन (Trypsin)
- ✗ B. पेप्सिन (Pepsin)
- ✓ C. एमाइलेज (Amylase)
- ✗ D. लाइपेज़ (लाइपेज)

Q.23 कौन-सी अभिक्रिया, द्रव्यमान संरक्षण के नियम को सर्वोत्तम रूप से सपोर्ट करती है?

Ans
- ✗ A. खुली हवा में लोहे को गर्म करना
- ✓ B. एक सीलबंद कंटेनर में सिरका और बेकिंग सोडा का मिश्रण
- ✗ C. खुली हवा में कागज जलाना
- ✗ D. खुली हवा में ऐल्कोहॉल का वाष्पन

Q.24 एक कण 2 m/s^2 पर एकसमान रूप से त्वरित होता है। इसका वेग 5 m/s से 15 m/s हो जाता है। इसमें कितना समय लगता है?

Ans
- ✗ A. 2 s
- ✗ B. 7s
- ✗ C. 10 s
- ✓ D. 5 s

Q.25 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो अभिकथन (A) और कारण (R) नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सत्य है।

अभिकथन (A): कायिक प्रवर्धन उन पौधों को उगाने में सहायता करता है जो बीज उत्पन्न नहीं करते हैं।
कारण (R): यह नए पौधे उगाने के लिए पुष्पों का उपयोग करता है।

Ans
- ✗ A. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
- ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✗ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✓ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Section : **Mathematics**

Q.26 राहुल 15 घंटे में 225 km की दूरी तय करता है। यदि वह अपनी मूल चाल से 20% तेज ड्राइव करे, तो उसे 40% कम दूरी तय करने में कितने घंटे लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 7
- ✗ C. 8.5
- ✓ D. 7.5

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27 X, Y और Z मिलकर किसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि X अकेले उसी कार्य को 24 दिनों में, और Y अकेले उसी कार्य को 36 दिनों में पूरा कर सकता है। Z अकेले उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
- ✔ A. 18 दिन
- ✘ B. 12 दिन
- ✘ C. 48 दिन
- ✘ D. 28 दिन

Q.28 एक व्यापारी अपने माल का अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 28% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✘ A. 11% हानि
- ✔ B. 10% हानि
- ✘ C. 8% हानि
- ✘ D. 7% लाभ

Q.29 यदि P : 17 :: 42 : 6 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 116
- ✘ B. 122
- ✔ C. 119
- ✘ D. 118

Q.30 यदि किसी पुस्तक में छपी 4 पंक्तियों वाले एक कॉलम 36 शब्द हैं, तो 50 पंक्तियों वाले एक कॉलम में कितने शब्द होंगे?

Ans
- ✘ A. 460
- ✔ B. 450
- ✘ C. 454
- ✘ D. 446

Q.31 13, 65 और 91 का LCM (लघुत्तम समापवर्त्य) कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 650
- ✘ B. 5005
- ✔ C. 455
- ✘ D. 1825

Q.32 एक व्यक्ति अपनी आय के 10% की बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹360 है, तो उसकी आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 324
- ✔ B. 400
- ✘ C. 36
- ✘ D. 440

Q.33 प्रेक्षणों 22, 21, 22, 20, 33, 34, 22, 29, 29, 31, 23, 23, 28, 32, 22, 26 और 27 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 33
- ✘ B. 21
- ✘ C. 20
- ✔ D. 22

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.34 एक गोले का आयतन संख्यात्मक रूप से उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल के बराबर है। इसकी त्रिज्या (इकाई में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 5
- ✗ C. 6
- ✓ D. 3

Q.35 व्यंजक $\frac{1.1^2 - 0.9^2}{0.011^2 - 0.009^2} \times 0.1^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 100
- ✗ B. 0.1
- ✗ C. 1
- ✗ D. 10

Q.36 दो रेलगाड़ियां समान चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 444 m है और वे एक-दूसरे को 37 सेकंड में पार करती हैं, तो प्रत्येक रेलगाड़ी की चाल कितनी है?

Ans
- ✗ A. 8 m/s
- ✗ B. 9 m/s
- ✓ C. 12 m/s
- ✗ D. 10 m/s

Q.37 तीन संख्याओं का अनुपात 12 : 21 : 5 है। यदि पहली संख्या का 50 प्रतिशत 78 है, तो तीसरी और दूसरी संख्या के पूर्ण अंतर का 50 प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 103
- ✗ B. 102
- ✓ C. 104
- ✗ D. 105

Q.38 75,000 मतदाताओं वाले एक कस्बे में, 95% मतदाताओं ने अपने वोट डाले, और सभी वोट वैध थे। उस चुनाव में A, B और C नाम के तीन उम्मीदवार थे। उम्मीदवार A को वैध वोटों का 40% मिला, जबकि उम्मीदवार B को A से 12% कम वोट मिले। उम्मीदवार C को वैध वोटों का कितना प्रतिशत मिला?

Ans
- ✗ A. 15.2%
- ✓ B. 24.8%
- ✗ C. 48%
- ✗ D. 52%

Q.39 दो बहनों की वर्तमान आयु में 3 वर्षों का अंतर है। 2 वर्ष बाद, बड़ी बहन, छोटी बहन की 2 वर्ष पूर्व की आयु की दोगुनी हो जाएगी। अब से 8 वर्ष बाद उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 37 वर्ष
- ✗ B. 33 वर्ष
- ✗ C. 31 वर्ष
- ✗ D. 39 वर्ष

Q.40 त्योहारों के दौरान, प्रसाद के रूप में 32 cm त्रिज्या वाला एक बड़ा लड्डू बनाया जाता है। पूजा के बाद, भक्तों में प्रसाद बांटने के लिए बड़े लड्डू से छोटे लड्डू बनाए जाने का निर्णय लिया जाता है। 2 cm त्रिज्या वाले कितने लड्डू बनाए जा सकते हैं?

Ans
- ✓ A. 4096
- ✗ B. 3964
- ✗ C. 3896
- ✗ D. 4132

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.41 45 का 60%, 55 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
✗ A. 14
✓ B. 16
✗ C. 13
✗ D. 10

Q.42 △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 66° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि∠CAE = 35° है। ∠AEB की माप कितनी होगी?

Ans
✗ A. 65°
✓ B. 59°
✗ C. 47°
✗ D. 66°

Q.43 A, B और C किसी काम को क्रमशः 3, 9 और 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी काम का दोगुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

Ans
✗ A. 5
✗ B. 8
✓ C. 4
✗ D. 12

Q.44 प्रथम 6 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 5.5
✗ B. 6.5
✗ C. 7
✓ D. 6

Q.45 22 फरवरी 2024 से 23 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए ₹4,000 पर 6% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 38
✗ B. 39
✓ C. 40
✗ D. 41

Q.46 एक कंप्यूटर ने एक दिन में 1,76,400 लाइनें प्रिंट कीं। यदि प्रिंटर दिन में 6 घंटे चला, तो उसने प्रति मिनट कितनी लाइनें प्रिंट कीं?

Ans
✗ A. 460
✗ B. 450
✗ C. 420
✓ D. 490

Q.47 $\left\{\frac{25 \times (4)^{-4}}{(5)^{-3} \times 10 \times (4)^{-8}}\right\} \div \left\{\frac{(3)^{-5} \times (10)^{-5} \times 125}{(5)^{-7} \times (6)^{-5}}\right\}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $\frac{73}{4}$
✗ B. $\frac{89}{6}$
✓ C. $\frac{128}{5}$
✗ D. $\frac{149}{9}$

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.48 एक आदमी ने रु.300 में 10 संतरे के रेट से कुछ संतरे खरीदे और उन्हें रु.175 में 5 संतरे के रेट पर बेच दिए। उसका लाभ प्रतिशत कितना है (दो दशमलव स्थानों तक सही उत्तर दीजिए)?

Ans
- ✗ A. 15.67%
- ✗ B. 14.67%
- ✗ C. 18.67%
- ✓ D. 16.67%

Q.49 11%, 18% और 20% की तीन क्रमिक छूटों के बाद अंकित मूल्य का प्रभावी मूल्य प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✗ A. 62.14%
- ✗ B. 61.4%
- ✓ C. 58.38%
- ✗ D. 58.88%

Q.50 15 m लंबी एक ऊर्ध्वाधर छड़ी, भूमि पर 5 m लंबी छाया बनाती है। उसी समय, एक मीनार भूमि पर 46.5 m लंबी छाया बनाती है। मीनार की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 137.5 m
- ✗ B. 141.5 m
- ✓ C. 139.5 m
- ✗ D. 135.5 m

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 संख्या 21786539 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक का भी नहीं

Q.52 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) D M X A G N R L W O T P Y E F Q K Z J V U H (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन से अधिक

Q.53 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(84 A 12) B 5 C 13 B 2 D 11 B 5 C 28 = ?

Ans
- ✗ A. 54
- ✗ B. 49
- ✓ C. 34
- ✗ D. 27

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.54 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. ILQ
✓ B. JMQ
✗ C. CFK
✗ D. YBG

Q.55 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 654 842 684 714 385 (दाएं)
(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✓ A. दो
✗ B. एक
✗ C. चार
✗ D. तीन

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

KDG, MFI, OHK, QJM, ?

Ans
✗ A. SKO
✗ B. SLP
✓ C. SLO
✗ D. SKP

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,
P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पति है',
P # Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है',
P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है' और
P % Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'।

यदि 'F # N + O & V % E' है, तो F का E से क्या संबंध है?

Ans
✓ A. पिता के भाई
✗ B. बहन का पति
✗ C. पिता की बहन
✗ D. बहन का पुत्र

Q.58 दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 4 2 1 5 7 9 8 5 3 6 2 1 5 7 3 7 8 4 3 6 9 7 4 5 2 4 1 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
✓ A. तीन से अधिक
✗ B. तीन
✗ C. एक
✗ D. दो

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.59 सात मित्र, L, M, N, O, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। S के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। S, Q के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R, M के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। O, M के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। L और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. शून्य
- ✗ B. दो
- ✗ C. एक
- ✓ D. तीन

Q.60 सभी 46 व्यक्ति, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। Z दाएँ छोर से 12वें स्थान पर है जबकि G बाएँ छोर से 9वें स्थान पर है। Z और G के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 24
- ✓ C. 25
- ✗ D. 23

Q.61 निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-संख्या समूह दिए गए क्रम में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा ताकि यह तार्किक रूप से पूर्ण हो सके?

CYB 48 DZC 53 EAD 58 FBE 63 ?

Ans
- ✓ A. GCF 68
- ✗ B. GBE 67
- ✗ C. GHJ 67
- ✗ D. GDE 68

Q.62 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ हाइड्रोजन, ऑक्सीजन हैं। सभी ऑक्सीजन, नाइट्रोजन हैं। सभी नाइट्रोजन, कार्बन हैं।
निष्कर्ष I: सभी ऑक्सीजन, कार्बन हैं।
निष्कर्ष II: कुछ नाइट्रोजन, हाइड्रोजन हैं।

Ans
- ✓ A. निष्कर्ष I. और II. दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष I. अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष II. अनुसरण करता है
- ✗ D. न तो निष्कर्ष I. और न ही II. अनुसरण करता है

Q.63 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बैग, जूते हैं।
सभी बैग, टोपी हैं।
सभी बैग, लैपटॉप हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी जूते, लैपटॉप हैं।
(II): कुछ लैपटॉप, टोपी हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64 विकास बिंदु Y से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 81 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 77 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 27 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 35 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 39 km गाड़ी चलाता है, फिर बाईं ओर मुड़कर 42 km गाड़ी चलाकर बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. उत्तर की ओर 89 km
- ✓ B. उत्तर की ओर 93 km
- ✗ C. दक्षिण की ओर 94 km
- ✗ D. दक्षिण की ओर 97 km

Q.65 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 C 52 A 13 B 7 D 31 = ?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 7
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

Q.66 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17, 22, 32, 47, 67, ?

Ans
- ✓ A. 92
- ✗ B. 94
- ✗ C. 93
- ✗ D. 91

Q.67 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. GE–ZA
- ✗ B. MK–GE
- ✗ C. CA–WU
- ✗ D. SQ–MK

Q.68 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 14, 25)
(4, 13, 24)

Ans
- ✗ A. (10, 31, 42)
- ✗ B. (9, 18, 23)
- ✗ C. (8, 17, 6)
- ✓ D. (6, 15, 26)

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर YEVA, JPGL से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार QWNS, BHYD से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, XDUZ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. FIKO
- ✗ B. IOFJ
- ✓ C. IOFK
- ✗ D. FOKI

Visit Website "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.70 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 8 @ 3 € 8 & 6 * 6 © 6 $ £ & 5 7 $ $ # 8 $ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 5
- ✗ C. 8
- ✓ D. 6

Q.71 सभी 54 व्यक्ति एक पंक्ति में, उत्तर की अभिमुख होकर खड़े हैं। श्री अक्ते दाएं छोर से 8वें स्थान पर हैं जबकि श्री मेमी बाएं छोर से 21वें स्थान पर हैं। श्री अक्ते और श्री मेमी के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 24
- ✗ C. 23
- ✓ D. 25

Q.72 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'go there now' को 'lb gt de' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'go to school' को 'kj ft de' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'go' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं)

Ans
- ✗ A. kj
- ✗ B. lf
- ✓ C. de
- ✗ D. gt

Q.73 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'AUTO' को '2683' और 'TOUR' को '8136' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✓ B. 1
- ✗ C. 8
- ✗ D. 3

Q.74 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A के बाईं ओर से गिनने पर, A और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक

Q.75 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 8 ? 18 26 36

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 14
- ✗ C. 11
- ✗ D. 13

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.76 कार्तिक बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 5 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हों।)

Ans
- ✗ A. उत्तर में 6 km
- ✓ B. दक्षिण में 7 km
- ✗ C. दक्षिण में 6 km
- ✗ D. उत्तर में 7 km

Q.77 पाँच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। E और A के बीच कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. एक
- ✗ D. तीन

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर JTUB का संबंध एक निश्चित तरीके से HRSZ से है। इसी प्रकार, MXNP का संबंध KVLN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LRYH का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. IOVE
- ✓ B. JPWF
- ✗ C. KQXG
- ✗ D. JPXF

Q.79 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

PSQ–MPN
GJH–DGE

Ans
- ✗ A. TVS–PSQ
- ✓ B. TWU–QTR
- ✗ C. TVS–QTR
- ✗ D. TWU–PTQ

Q.80 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1 5 11 19 ? 41

Ans
- ✓ A. 29
- ✗ B. 28
- ✗ C. 27
- ✗ D. 30

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 फिट इंडिया मूवमेंट का 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है, फरवरी 2025 में आयोजित किया गया। यह मुंबई के किस प्रतिष्ठित स्थल पर आयोजित किया गया?

Ans
- ✗ A. बांद्रा-वर्ली सी लिंक
- ✓ B. गेटवे ऑफ इंडिया
- ✗ C. छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस
- ✗ D. मरीन ड्राइव

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Q.82 भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने 22 अगस्त 2025 को सोशल-मीडिया वित्तीय योजनाओं के संबंध में क्या कार्रवाई की?

Ans

✗ A. सोशल मीडिया पर सभी वित्तीय सामग्री पर प्रतिबंध लगाया

✗ B. खुदरा निवेशक क्षतिपूर्ति निधि बनाई

✓ C. FPI-लिंक्ड योजनाओं के खिलाफ एडवाइजरी जारी की

✗ D. वित्तीय प्रभावशाली व्यक्तियों को पंजीकरण प्रदान किया

Q.83 पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के क्षेत्रीय लीडरों को शामिल करते हुए कौन-सा शिखर सम्मेलन 26-27 मई 2025 को मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया गया था?

Ans

✗ A. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (East Asia Summit)

✗ B. इंडो-पैसिफिक रणनीतिक मंच (Indo-Pacific Strategic Forum)

✓ C. आसियान-चीन शिखर सम्मेलन (ASEAN-China Summit)

✗ D. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन (Asia-Pacific Economic Cooperation Summit)

Q.84 दिल्ली सरकार द्वारा सतत शहरी विकास के मॉडल के रूप में भारत का पहला इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-कचरा) इको-पार्क कहां स्थापित किया जाएगा?

Ans

✗ A. रोहिणी

✗ B. आनंद विहार

✗ C. द्वारका

✓ D. होलंबी कलां

Q.85 'व्हाई द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स (Why the Constitution Matters)' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

Ans

✗ A. बिबेक देबरॉय

✗ B. आरिफ खान

✗ C. नटवर सिंह

✓ D. डी.वाई. चंद्रचूड़

Q.86 अक्टूबर 2025 में, RBI मौद्रिक नीति समिति का नीतिगत रेपो दर और रुख पर क्या निर्णय था?

Ans

✗ A. ब्याज दर को घटाकर 5.25% कर दिया गया और 'समायोज्य' रुख अपनाया गया

✓ B. 5.50% पर स्थिर रखा गया और 'तटस्थ' रुख बनाए रखा गया

✗ C. 5.90% पर स्थिर रखा गया और 'समायोज्य' रुख अपनाया गया

✗ D. 5.75% तक बढ़ाया गया और 'आक्रामक' रुख अपनाया

Q.87 बेरोजगारी की चुनौतियों के बावजूद, किस संगठन ने मई 2025 में भारत के औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक विकास की पुष्टि की?

Ans

✗ A. वित्त मंत्रालय

✓ B. भारतीय रिजर्व बैंक

✗ C. विश्व बैंक

✗ D. नीति (NITI) आयोग

Q.88 सितंबर 2025 में, प्रजनन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में एक मादा चीते को छोड़ा गया था, उसका क्या नाम था?

Ans

✗ A. नामीब

✗ B. साशा

✓ C. धीरा

✗ D. आशा

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.89 स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 का आयोजन कहाँ हुआ था?

Ans

✗ A. कनाडा

✓ B. इटली

✗ C. चीन

✗ D. आइसलैंड

Q.90 DURGA-2 परियोजना के अंतर्गत DRDO किस प्रकार के हथियार का परीक्षण करने की योजना बना रहा है?

Ans

✗ A. हाइपरसोनिक मिसाइल (Hypersonic Missile)

✓ B. लेजर हथियार (Laser Weapon)

✗ C. प्लाज्मा गन (Plasma Gun)

✗ D. जैविक कर्मक (Biological Agent)

Q.91 11 मार्च 2025 को, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में 'मणिपुर विनियोग विधेयक, 2025' और 'मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान मणिपुर में आकस्मिक निधि के लिए कितने रुपये की राशि की घोषणा की?

Ans

✗ A. ₹750 करोड़

✗ B. ₹400 करोड़

✗ C. ₹ 600 करोड़

✓ D. 500 करोड़

Q.92 टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (TASL) और लॉकहीड मार्टिन के एक संयुक्त उद्यम, टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर्स (TLMAL) ने दिसंबर 2025 में भारत के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में कौन-सी उपलब्धि हासिल की?

Ans

✗ A. 200वीं C-130J टेल असेंबली की डिलीवरी

✗ B. 300वीं C-130J टेल असेंबली की डिलीवरी

✓ C. 250वीं C-130J टेल असेंबली की डिलीवरी

✗ D. 100वीं C-130J टेल असेंबली की डिलीवरी

Q.93 जुलाई 2025 तक, ऋषभ पंत सहित कितने भारतीय क्रिकेटरों को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के लिए नामांकित किया गया?

Ans

✓ A. दो

✗ B. तीन

✗ C. चार

✗ D. एक

Q.94 जून 2025 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ (GEP) रिपोर्ट प्रकाशित की, जो वैश्विक आर्थिक रुझानों, पूर्वानुमानों और जोखिमों का विश्लेषण प्रदान करने वाला एक प्रमुख प्रकाशन है?

Ans

✗ A. विश्व आर्थिक मंच

✓ B. विश्व बैंक समूह

✗ C. एशियाई विकास बैंक

✗ D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

Q.95 उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निम्नलिखित में से कौन-सा गांव, 5 अगस्त 2025 को बादल फटने से आई बाढ़ के कारण तबाह हो गया था?

Ans

✗ A. भोवली (Bhowali)

✗ B. पैंगोट (Pangot)

✓ C. धाराली (Dharali)

✗ D. कनाताल (Kanatal)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.96 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने अगस्त 2025 में एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) का उड़ान परीक्षण किया। निम्नलिखित में से किस DRDO प्रयोगशाला ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) के लिए उच्च शक्ति वाले लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (DEW) को विकसित किया?

Ans

✗ A. रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (Defence Research and Development Establishment)

✗ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (Defence Research and Development Laboratory)

✗ C. रिसर्च सेंटर इमारत (Research Centre Imarat)

✓ D. उच्च ऊर्जा प्रणाली और विज्ञान केंद्र (Centre for High Energy Systems and Sciences)

Q.97 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के 21वें स्थापना दिवस की विषयवस्तु (थीम) क्या थी, जो 26 सितंबर 2025 को मनाया गया था?

Ans

✗ A. हिमालयी क्षेत्र में आपदाओं के प्रभाव को रोकना (Stopping Impact of Disaster Incidents in the Himalayan Region)

✗ B. जागरूकता के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए समुदायों को सशक्त बनाना (Empowering Communities for Disaster Risk Reduction Through Awareness)

✓ C. जोखिम न्यूनीकरण हेतु प्रौद्योगिकी – एक सुरक्षित राष्ट्र के लिए (Technology for Risk Reduction – For a Safer Nation)

✗ D. आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवा (Volunteerism in Disaster Management)

Q.98 विश्व बैंक की गरीबी और इक्विटी संक्षिप्त रिपोर्ट 2025 (Poverty and Equity Brief Report 2025) के अनुसार, भारत की अत्यधिक गरीबी दर 16.2% (2011-12 में) से घटकर 2022-23 में कितने प्रतिशत हो गई?

Ans

✗ A. 2.8%

✗ B. 3.2%

✓ C. 2.3%

✗ D. 1.8%

Q.99 अनिमेष कुजूर ने किस ट्रैक स्पर्धा में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा?

Ans

✗ A. 800 m

✗ B. 100 m

✓ C. 200 m

✗ D. 400 m

Q.100 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए नीति (NITI) आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025 में प्रथम स्थान पर रहा?

Ans

✗ A. कर्नाटक

✗ B. महाराष्ट्र

✓ C. ओडिशा

✗ D. गुजरात

Visit Website "QuickSarkari.Com"

"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	03/02/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
	✓ D. पर्यावरणीय क्षति और वैश्विक आलोचना

Q.25	रिक्त स्थानों की पूर्ति अंगों के सही अनुक्रम से कीजिए। मूत्र का निर्माण _____ में होता है → _____ से होकर गुजरता है → _____ में संग्रहित होता है → और अंत में _____ के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है।
Ans	✗ A. मूत्रमार्ग → मूत्राशय → मूत्रवाहिनी → वृक्क
	✓ B. वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्राशय → मूत्रमार्ग
	✗ C. मूत्राशय → वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग
	✗ D. मूत्रवाहिनी → वृक्क → मूत्रमार्ग → मूत्राशय

Section : **Mathematics**

Q.26	यदि किसी गोले की त्रिज्या 3 cm है, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?
Ans	✗ A. 98 π cm2
	✓ B. 36 π cm2
	✗ C. 49 π cm2
	✗ D. 72 π cm2

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27	यदि पहली संख्या का 66%, दूसरी संख्या के $\frac{3}{5}$ के बराबर है, तो पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 10 : 11
	✘ B. 8 : 11
	✘ C. 9 : 14
	✘ D. 5 : 7

Q.28	नौ वर्ष पहले, आशा की आयु भावना की आयु की तीन गुनी थी। अब से सात वर्ष बाद, आशा की आयु भावना की आयु की दोगुनी होगी। भावना की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।
Ans	✔ A. 25 वर्ष
	✘ B. 28 वर्ष
	✘ C. 30 वर्ष
	✘ D. 26 वर्ष

Q.29	पाइप A किसी टंकी को 15 मिनट में भर सकता है और पाइप B उसे 35 मिनट में भर सकता है, जबकि पाइप C भरी हुई टंकी को 1 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी पाइप एक ही समय पर चालू कर दिए जाएं, तो टंकी कितने समय (मिनट में) में भर जाएगी?
Ans	✘ A. $10\frac{7}{11}$
	✔ B. $12\frac{8}{11}$
	✘ C. $13\frac{9}{11}$
	✘ D. $14\frac{10}{11}$

Q.30	प्रथम 16 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 15.5
	✘ B. 17
	✘ C. 16.5
	✔ D. 16

Q.31	दो व्यक्तियों की आय का अनुपात 8 : 5 है और उनके व्यय का अनुपात 2 : 1 है। यदि उनमें से प्रत्येक प्रति माह ₹160 की बचत करता है, तो उनकी मासिक आय का अंतर ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. ₹220
	✘ B. ₹200
	✔ C. ₹240
	✘ D. ₹260

Q.32	एक स्कूल में 156 छात्र और 143 छात्राएं हैं। प्रधानाचार्य उन्हें सेक्शनों में इस प्रकार विभाजित करना चाहते हैं कि एक सेक्शन में केवल छात्र या केवल छात्राएं हों। यदि सभी सेक्शनों में विद्यार्थियों की संख्या समान हो, और प्रधानाचार्य चाहते हैं कि सेक्शन कम से कम हों, तो स्कूल में कितने सेक्शन होंगे?
Ans	✔ A. 23
	✘ B. 43
	✘ C. 45
	✘ D. 25

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.33	28% और 16% की दो क्रमिक छूट के समतुल्य एकल छूट ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 39.92%
	✓ B. 39.52%
	✗ C. 43.38%
	✗ D. 43.51%

Q.34	40% और 15% की क्रमिक छूट, _____ की एकल छूट के तुल्य होगी।
Ans	✗ A. 50%
	✓ B. 49%
	✗ C. 51%
	✗ D. 52%

Q.35	उस घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 4 : 3 : 2 है तथा जिसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 832 cm^2 है।
Ans	✗ A. 1586 cm3
	✗ B. 1516 cm3
	✓ C. 1536 cm3
	✗ D. 1556 cm3

Q.36	ऋषि किसी काम को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। शान, ऋषि से 10% अधिक कुशल है। शान को उसी काम को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?
Ans	✗ A. 15
	✗ B. 20
	✓ C. 10
	✗ D. 11

Q.37	$13^3 - 8^3$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 1685
	✗ B. 1725
	✗ C. 1430
	✗ D. 1769

Q.38	किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 46% की एकल छूट तथा 30% और 20% की दो क्रमिक छूट के बीच अंतर ₹256 है। वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 12,400
	✓ B. 12,800
	✗ C. 12,600
	✗ D. 12,200

Q.39	दो प्रत्याशियों के बीच आयोजित एक चुनाव में, 75% मतदाताओं ने अपने मत डाले। उनमें से 2% मतों को अवैध घोषित कर दिया गया। एक प्रत्याशी को 9261 मत प्राप्त हुए, जो वैध मतों का 75% था। इस चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या कितनी थी?
Ans	✗ A. 17,560
	✓ B. 16,800
	✗ C. 17,800
	✗ D. 17,500

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.40	दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए। 35 - [25 - {31 - (21 - 11 + 9)}]
Ans	✔ A. 22
	✘ B. 25
	✘ C. 19
	✘ D. 21

Q.41	₹13,525 को A, B और C के बीच इस प्रकार बांटा जाता है कि यदि उनके हिस्सों में से क्रमशः ₹29, ₹70 और ₹28 की कटौती कर ली जाए, तो उनके पास 19 : 6 : 8 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल हिस्सों में अंतर ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. ₹712
	✘ B. ₹762
	✘ C. ₹662
	✔ D. ₹770

Q.42	निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। 85, 73, 89, 82, 67, 61, 78, 69, 86, 68, 64, 76, 64, 85, 68, 85, 68, 81, 68, 72, 64, 72, 76, 84, 88
Ans	✘ A. 73
	✘ B. 85
	✘ C. 89
	✔ D. 68

Q.43	एक दुकानदार ने ₹20 प्रति kg की दर से 10 kg गेहूं और ₹30 प्रति kg की दर से 15 kg गेहूं खरीदकर उन्हें मिश्रित कर दिया। उसे मिश्रित किस्म की गेहूं को प्रति kg किस मूल्य पर बेचना चाहिए ताकि उसे 10% का लाभ प्राप्त हो?
Ans	✘ A. ₹27.60
	✔ B. ₹28.60
	✘ C. ₹26.60
	✘ D. ₹29.60

Q.44	यदि तीन कारों की चाल का अनुपात 2 : 3 : 5 है, तो इन तीनों कारों द्वारा समान दूरी तय करने में लिए गए समय का अनुपात ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 10 : 6 : 15
	✔ B. 15 : 10 : 6
	✘ C. 10 : 15 : 6
	✘ D. 6 : 10 : 15

Q.45	एक लड़की 10 km/hr की चाल से स्कूल जाती है। वह 40 km/hr की चाल से वापस आती है। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 13 km/hr
	✔ B. 16 km/hr
	✘ C. 21 km/hr
	✘ D. 6 km/hr

Q.46	एक व्यक्ति अपनी धनराशि का 20% खो देता है। फिर वह शेष धनराशि का 25% व्यय करता है। यदि उसके पास ₹525 बचते हैं, तो उसकी मूल धनराशि कितनी थी?
Ans	✘ A. ₹880
	✘ B. ₹890
	✔ C. ₹875
	✘ D. ₹885

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.47	एक चतुर्भुज ABCD में, ∠A = 36° और ∠B = 93° है। ∠C और ∠D के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। ∠DOC का माप कितनी है?
Ans	✗ A. 69.5°
	✗ B. 62°
	✓ C. 64.5°
	✗ D. 68°

Q.48	₹15,000 की धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर दो वर्षों के लिए उधार दी जाती है। दो वर्षों के बाद प्राप्त ब्याज (₹ में) कितना होगा?
Ans	✗ A. 5,137.25
	✓ B. 4,837.50
	✗ C. 4,738.25
	✗ D. 4,973.75

Q.49	6 से विभाज्य दो-अंकीय संख्याओं की संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 12
	✓ B. 15
	✗ C. 18
	✗ D. 16

Q.50	$\sec^2 18° - \cot^2 72° + \sin^2 30° + \text{cosec}^2 60° - \text{cosec}^2 18° + \tan^2 72°$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. $\frac{19}{12}$
	✗ B. $\frac{19}{10}$
	✗ C. $\frac{12}{19}$
	✗ D. $\frac{10}{19}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़े हुए व्यक्तियों की एक पंक्ति में, आलोक दाएं छोर से 12वें स्थान पर है। पीयूष दाएं छोर से 18वें स्थान पर है। पीयूष, आलोक और प्रियंका के ठीक बीच में है। यदि प्रियंका पंक्ति के बाएं छोर से 5वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं?
Ans	✗ A. 26
	✓ B. 28
	✗ C. 29
	✗ D. 27

Q.52	A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, C के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B, D के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। G, A के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। F के बाएं से गिनने पर, F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. एक
	✗ B. दो
	✗ C. चार
	✓ D. तीन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.53	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, BONZ का संबंध SFEQ से है। इसी प्रकार, REDP का संबंध IVUG से है। समान तर्क के आधार पर, QDCO का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
Ans	✗ A. HTYU
	✗ B. HFTY
	✓ C. HUTF
	✗ D. HUFT

Q.54	वरुण अपनी कक्षा में ऊपर से 24वें स्थान पर और नीचे से 47वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✗ A. 71
	✗ B. 72
	✓ C. 70
	✗ D. 69

Q.55	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. DGK
	✓ B. FIN
	✗ C. JMQ
	✗ D. PSW

Q.56	राजेश बिंदु M से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर दिशा में 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, दाएँ मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह अंत में दाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है और बिंदु N पर रुकता है। बिंदु M तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)
Ans	✗ A. 2 km, दक्षिण की ओर
	✗ B. 4 km, दक्षिण की ओर
	✗ C. 4 km, उत्तर की ओर
	✓ D. 2 km, उत्तर की ओर

Q.57	उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए – 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) 15 - 3 - 45 12 - 4 - 48
Ans	✗ A. 41 - 3 - 113
	✗ B. 5 - 6 - 36
	✓ C. 31 - 2 - 62
	✗ D. 10 - 2 - 30

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.58	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 37 ÷ 5 – 91 + 16 × 4 = ?
Ans	✗ A. 268
	✓ B. 272
	✗ C. 270
	✗ D. 274

Q.59	यदि संख्या 8239847 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?
Ans	✗ A. एक
	✗ B. एक भी नहीं
	✗ C. तीन
	✓ D. दो

Q.60	दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सके? 121, 144, 169, 196, ?
Ans	✓ A. 225
	✗ B. 215
	✗ C. 115
	✗ D. 125

Q.61	एक निश्चित कूट भाषा में, 'touch snow gently' को 'lu ek ag' के रूप में और 'snow falls light' को 'ph lu yn' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'snow' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
Ans	✗ A. ek
	✓ B. lu
	✗ C. ph
	✗ D. yn

Q.62	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)। (बाएं) 5 4 3 6 7 8 2 1 9 3 3 2 4 5 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✗ A. तीन से अधिक
	✗ B. एक
	✓ C. दो
	✗ D. तीन

Q.63	A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। D और C के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। E, C के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। E और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G, F के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन B के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। A के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. 1
	✓ B. 3
	✗ C. 2
	✗ D. 4

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.64	एक निश्चित कूट भाषा में, A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' उपरोक्त के आधार पर, यदि 'L@O+V#E×R' है, तो L का R से क्या संबंध है?
Ans	✔ A. पत्नी का पिता
	✘ B. भाई
	✘ C. पिता
	✘ D. पत्नी का भाई

Q.65	अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✔ A. FS - KY
	✘ B. OY - TD
	✘ C. BK - GP
	✘ D. MP - RU

Q.66	नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 8 7 4 1 5 7 4 8 6 6 6 2 5 5 8 4 3 9 4 3 1 7 7 5 1 2 5 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✘ A. 3
	✔ B. 1
	✘ C. 2
	✘ D. 0

Q.67	नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) 3 1 2 9 8 4 1 5 4 2 1 5 8 1 3 4 7 5 3 6 5 7 6 6 1 1 2 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?
Ans	✘ A. 3
	✘ B. 0
	✔ C. 1
	✘ D. 2

Q.68	A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज़ के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, G के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, F के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B और A का निकटतम पड़ोसी C है। D, A के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E के बाएं से गिनने पर, E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✘ A. चार
	✘ B. दो
	✔ C. पांच
	✘ D. तीन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.69	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं)। (बाएँ) # 5 1 & & 5 + 8 3 & * < \ 9 $ > > * 5 / 7 (दाएँ) ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और प्रतीक है तथा ठीक बाद में एक संख्या भी है?
Ans	✔ A. तीन
	✘ B. चार
	✘ C. एक
	✘ D. दो

Q.70	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। **कथन:** सभी नोटपैड, डायरियाँ हैं। सभी डायरियाँ, आयोजक हैं। कुछ आयोजक, योजनाकार हैं। **निष्कर्ष:** (I): सभी नोटपैड, आयोजक हैं। (II): कुछ योजनाकार, नोटपैड हैं।
Ans	✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✘ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.71	एक निश्चित कूट भाषा में, 'JARS' को '6428' के रूप में और 'SIDE' को '5761' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' का कूट क्या होगा?
Ans	✘ A. 8
	✘ B. 7
	✔ C. 6
	✘ D. 5

Q.72	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा? FCF 47 HEH 58 JGJ 69 LIL 80 ?
Ans	✘ A. MLM 91
	✘ B. NKN 90
	✘ C. MJM 90
	✔ D. NKN 91

Q.73	मोहक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 11 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह फिर बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएँ मुड़ता है, 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)
Ans	✘ A. 3 km; पश्चिम की ओर
	✔ B. 3 km; पूर्व की ओर
	✘ C. 4 km; पूर्व की ओर
	✘ D. 4 km; पश्चिम की ओर

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.74	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से YOBD का संबंध IYLN से है। उसी तरीके से, MCPR का संबंध WMZB से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, QGTV का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
Ans	✗ A. ADRT
	✓ B. AQDF
	✗ C. ADER
	✗ D. AXSW

Q.75	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 61 66 72 77 83 ?
Ans	✗ A. 87
	✗ B. 89
	✓ C. 88
	✗ D. 90

Q.76	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? PDH, RFJ, THL, VJN, ?
Ans	✗ A. XMP
	✗ B. XMO
	✓ C. XLP
	✗ D. XLO

Q.77	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 76 81 91 111 151 ?
Ans	✗ A. 232
	✓ B. 231
	✗ C. 230
	✗ D. 233

Q.78	यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 66 × 6 ÷ 3 – 128 ÷ 2 + 15 × 3 – 16 ÷ 2 + 17 = ?
Ans	✗ A. 245
	✗ B. 224
	✓ C. 299
	✗ D. 239

Q.79	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JLIU का संबंध EKGV से है। इसी प्रकार, MWQE का संबंध HVOF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CBTJ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✗ A. YQRP
	✗ B. ZNOP
	✓ C. XARK
	✗ D. WOPK

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.80	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं। कथन: सभी शंख, चटाई हैं। सभी चटाई, लोशन हैं। निष्कर्ष (I): कुछ लोशन, शंख हैं। निष्कर्ष (II): कोई लोशन, शंख नहीं है।
Ans	✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	वर्ष 2025 में, किस देश ने सौर सेल और मॉड्यूल पर व्यापार उपायों के संबंध में विश्व व्यापार संगठन में भारत के साथ विचार-विमर्श का अनुरोध किया था?
Ans	✗ A. ऑस्ट्रेलिया
	✗ B. ब्राज़ील
	✗ C. दक्षिण कोरिया
	✓ D. चीन

Q.82	24 सितंबर 2025 को पूर्ण परिचालन स्थितियों के अंतर्गत रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर से DRDO द्वारा किस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया था?
Ans	✗ A. पृथ्वी-द्वितीय
	✗ B. अग्नि-प्रथम
	✗ C. ब्रह्मोस
	✓ D. अग्नि-प्राइम

Q.83	मई 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्लूस्मार्ट शटडाउन (BluSmart shutdown) के बाद निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से जुड़े डिजिटल वॉलेट की समीक्षा शुरू की?
Ans	✓ A. इलेक्ट्रिक वाहन सेवाएं
	✗ B. भोजन डिलीवरी
	✗ C. स्वास्थ्य सेवा
	✗ D. यात्रा बुकिंग

Q.84	भारत के किस राज्य ने 9–10 अगस्त तक आयोजित 2025 एशिया रग्बी अंडर-20 सेवेन्स चैंपियनशिप (2025 Asia Rugby U-20 Sevens Championship) की मेजबानी की?
Ans	✓ A. बिहार
	✗ B. पश्चिम बंगाल
	✗ C. तमिलनाडु
	✗ D. असम

Q.85	फिल्म 'आदुजीवितम: द गोट लाइफ (Aadujeevitham: The Goat Life)' के लिए हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड्स 2024 किसे प्राप्त हुआ?
Ans	✗ A. हिमेश रेशमिया (Himesh Reshammiya)
	✗ B. इलैयाराजा (Ilaiyaraaja)
	✓ C. ए. आर. रहमान (A.R. Rahman)
	✗ D. शंकर-एहसान-लॉय (Shankar-Ehsaan-Loy)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.86	अगस्त 2025 में, निम्नलिखित में से किस बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खातों को धोखाधड़ी घोषित किया, जैसा कि भारतीय स्टेट बैंक (SBI) द्वारा किया गया था?
Ans	✗ A. पंजाब नेशनल बैंक
	✓ B. बैंक ऑफ इंडिया
	✗ C. इंडियन ओवरसीज बैंक
	✗ D. ICICI बैंक

Q.87	जून 2025 में हुए उपचुनाव में पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर किस पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा?
Ans	✗ A. बीजू जनता दल
	✓ B. तृणमूल कांग्रेस
	✗ C. आम आदमी पार्टी
	✗ D. भारतीय जनता पार्टी

Q.88	किस भारतीय मंत्रालय ने अप्रैल 2025 में पहली बार मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) जारी किया?
Ans	✓ A. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
	✗ B. गृह मंत्रालय
	✗ C. वित्त मंत्रालय
	✗ D. श्रम और रोजगार मंत्रालय

Q.89	FIH 2024 के लिए प्रतिष्ठित वुमन प्लेयर ऑफ द ईयर फ़ीमेल पुरस्कार किसने जीता?
Ans	✗ A. सारा विल्सन (Sarah Wilson)
	✓ B. यिबी जानसेन (Yibbi Jansen)
	✗ C. ये जियाओ (Ye Jiao)
	✗ D. ज़ोई डियाज़ (Zoe Diaz)

Q.90	बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) द्वारा 2023 में शुरू किया गया BHARAT अध्ययन किस पर केन्द्रित है?
Ans	✗ A. बुजुर्गों की देखभाल के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य अवसंरचना का सर्वेक्षण करना
	✗ B. भारत की वृद्ध आबादी के आर्थिक पैटर्न की पहचान करना
	✗ C. वरिष्ठ नागरिकों के बीच पारंपरिक कल्याण प्रथाओं को बढ़ावा देना
	✓ D. स्वस्थ वृद्धावस्था, लचीलापन, प्रतिकूलता और संक्रमण के जैव चिह्नकों का अध्ययन करना

Q.91	जून 2025 में जारी किए गए सतत विकास रिपोर्ट (SDR) के 2025 संस्करण में भारत के निम्नलिखित में से किस पड़ोसी देश की रैंकिंग सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक में भारत से भी बदतर (खराब) थी?
Ans	✗ A. नेपाल
	✗ B. भूटान
	✗ C. श्रीलंका
	✓ D. पाकिस्तान

Q.92	निम्नलिखित में से कौन-सा मिशन सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित भारतीय मिशन है?
Ans	✗ A. चंद्रयान-1
	✗ B. मंगलयान
	✗ C. एस्ट्रोसैट (AstroSat)
	✓ D. आदित्य एल 1

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.93	उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3-11 अक्टूबर, 2025) के दौरान "मिशन शक्ति 5.0" के शुभारंभ ने निम्नलिखित में से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) की प्रगति में मुख्य रूप से योगदान दिया?
Ans	✗ A. उत्तरदायी उपभोग और उत्पादन
	✗ B. स्वच्छ ऊर्जा/सतत ऊर्जा
	✗ C. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
	✓ D. लैंगिक समानता

Q.94	पारुल चौधरी ने 2025 में किस प्रतियोगिता में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था?
Ans	✗ A. दोहा डायमंड लीग (Doha Diamond League)
	✓ B. एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप (Asian Athletics Championship)
	✗ C. कॉमनवेल्थ गेम्स (Commonwealth Games)
	✗ D. इंडियन नेशनल चैंपियनशिप (Indian National Championships)

Q.95	2025 में, भारत ने उत्तराखंड में टिहरी झील के आसपास सतत पर्यटन अवसंरचना विकसित करने के उद्देश्य से किस संस्था के साथ $126.42 मिलियन के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✗ A. विश्व बैंक
	✗ B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
	✓ C. एशियाई विकास बैंक
	✗ D. न्यू डेवलपमेंट बैंक

Q.96	वैश्विक शासन और विदेश नीति साक्षरता पर 2025 की चर्चाओं के संदर्भ में, रिचर्ड हास द्वारा लिखित निम्नलिखित में से किस पुस्तक को व्यापक रूप से एक संक्षिप्त पाठ्यपुस्तक के रूप में उद्धृत किया जाता है जो सामान्य पाठकों को विश्व राजनीति और प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को समझने में मदद करती है?
Ans	✗ A. द न्यू मैप (The New Map)
	✗ B. द फ्यूचर इज़ एशियन (The Future Is Asian)
	✗ C. द लॉन्ग गेम (The Long Game)
	✓ D. द वर्ल्ड: ए ब्रीफ इंट्रोडक्शन (The World: A Brief Introduction)

Q.97	2025 खेलो इंडिया यूथ गेम्स में, बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। राज्य द्वारा जीते गए पदकों की कुल संख्या कितनी थी?
Ans	✗ A. 25
	✗ B. 30
	✗ C. 40
	✓ D. 36

Q.98	21 नवंबर 2025 को चार श्रम संहिताओं को लागू करने का मुख्य उद्देश्य क्या था?
Ans	✗ A. श्रमिक सुरक्षा बढ़ाना
	✗ B. न्यूनतम वेतन लागू करना
	✓ C. श्रम विनियमों को सुव्यवस्थित करना
	✗ D. 11 सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना

Q.99	31 अगस्त 2025 तक, नाबार्ड (NABARD) ने 8 राज्य सरकारों के लिए मियादी ऋण के तहत कुल कितनी परियोजनाओं को मंजूरी दी है?
Ans	✗ A. 92
	✗ B. 64
	✗ C. 72
	✓ D. 86

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.100	**2025 गवर्नर्स अवार्ड्स (Governors Awards) में मनोरंजन जगत की किन चार हस्तियों को ऑस्कर से सम्मानित किया गया?**
Ans	✗ A. मेरिल स्ट्रीप, जूडी डेंच, क्लिंट ईस्टवुड, मार्टिन स्कॉर्सेसी (Meryl Streep, Judi Dench, Clint Eastwood, Martin Scorsese)
	✗ B. जॉर्ज लुकास, वियोला डेविस, माइकल मान, सोफिया कोपोला (George Lucas, Viola Davis, Michael Mann, Sofia Coppola)
	✗ C. स्टीवन स्पीलबर्ग, एंजेला बैसेट, बेनिसियो डेल टोरो, जूली टेमोर (Steven Spielberg, Angela Bassett, Benicio del Toro, Julie Taymor)
	✓ D. टॉम क्रूज़, डॉली पार्टन, डेबी एलन, विन थॉमस (Tom Cruise, Dolly Parton, Debbie Allen, Wynn Thomas)

"

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	09/02/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1	**परमाण्विक प्रतीकों के नियमों के अनुसार, निम्नलिखित में से किस प्रतीक को तत्व फॉस्फोरस के लिए प्रयुक्त किया जाता है?**
Ans	✔ A. P
	✘ B. Pr
	✘ C. Ph
	✘ D. Ps

Q.2	**पादपों में, पत्तियों में बना भोजन _____ नामक जटिल ऊतक द्वारा अन्य भागों में पहुँचाया जाता है।**
Ans	✘ A. कॉलेन्काइमा (Collenchyma)
	✔ B. फ्लोएम (Phloem)
	✘ C. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)
	✘ D. ज़ाइलम (Xylem)

Q.3	**4 kg द्रव्यमान की किसी वस्तु पर 2 s की अवधि के लिए एक नियत बल कार्य करता है, जिससे उसका वेग 2 m/s से बढ़कर 8 m/s हो जाता है। यदि यही बल 4 s की अवधि के लिए प्रयुक्त किया जाए, तो वस्तु का अंतिम वेग कितना होगा?**
Ans	✘ A. 20 m/s
	✘ B. 10 m/s
	✔ C. 14 m/s
	✘ D. 12 m/s

Q.4	**अभिक्रियता श्रेणी के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सी धातु अल्पतम अभिक्रियाशील है?**
Ans	✔ A. Au (सोना)
	✘ B. Fe (लोहा)
	✘ C. Ca (कैल्सियम)
	✘ D. K (पोटैशियम)

Q.5	**SI पद्धति में औसत चाल का सही मात्रक निम्नलिखित में से क्या है?**
Ans	✘ A. km/h²
	✔ B. m/s
	✘ C. m/s²
	✘ D. s/m²

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"
Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.6	भार और द्रव्यमान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
Ans	✗ A. चंद्रमा पर द्रव्यमान और भार दोनों में परिवर्तन होता है।
	✗ B. चंद्रमा पर केवल द्रव्यमान में परिवर्तन होता है।
	✓ C. चंद्रमा पर केवल भार में परिवर्तन होता है।
	✗ D. चंद्रमा पर न तो द्रव्यमान और न ही भार में परिवर्तन होता है।

Q.7	राइजोपस में कौन-सी संरचना, बीजाणु निर्माण के माध्यम से प्रजनन की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होती है?
Ans	✓ A. बीजाणुधानी (Sporangia)
	✗ B. हाइपी (Hyphae)
	✗ C. मूलाभास (Rhizoids)
	✗ D. कवकजाल (Mycelium)

Q.8	प्रकाश बल्ब का फिलामेंट टंगस्टन से बना होता है, क्योंकि यह _____ वाला होता है।
Ans	✓ A. उच्च प्रतिरोध और उच्च गलनांक
	✗ B. कम प्रतिरोध और उच्च गलनांक
	✗ C. उच्च प्रतिरोध और कम गलनांक
	✗ D. कम प्रतिरोध और कम गलनांक

Q.9	एक ध्वनि तरंग की चाल 320 m/s है। यदि तरंग की तरंगदैर्ध्य 0.4 m है, तो इस तरंग की आवृत्ति कितनी है?
Ans	✗ A. 1280 Hz
	✗ B. 128 Hz
	✗ C. 80 Hz
	✓ D. 800 Hz

Q.10	कौन-सा गुणधर्म कार्बन को दीर्घ श्रृंखलाएं बनाने में सक्षम बनाता है?
Ans	✗ A. बहुलकीकरण (Polymerisation)
	✓ B. श्रृंखलन (Catenation)
	✗ C. समावयवता (Isomerism)
	✗ D. चतुः संयोजकता (Tetravalency)

Q.11	तंत्रिका आवेग संचरण के दौरान, न्यूरोट्रांसमीटर एक तंत्रिकोशिका से निकलते हैं और दूसरी तंत्रिकोशिका द्वारा ग्रहण किए जाते हैं। तंत्रिकोशिका का कौन-सा भाग मुख्यतः इस रासायनिक संचार में शामिल होता है?
Ans	✗ A. कोशिका काय→ समान तंत्रिकोशिका का तंत्रिकाक्ष
	✗ B. द्रुमाकृति → समान तंत्रिकोशिका का तंत्रिकाक्ष टर्मिनल
	✗ C. तंत्रिकाक्ष → तंत्रिका की माइलिन आच्छद
	✓ D. तंत्रिकाक्ष टर्मिनल → अन्य तंत्रिकोशिका की द्रुमाकृति

Q.12	अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया का सामान्य नाम क्या है?
Ans	✓ A. उदासीनीकरण
	✗ B. ऑक्सीकरण
	✗ C. अपघटन
	✗ D. दहन

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.13	निम्नलिखित में से कौन-सा, घ्राण सूचक नहीं है?
Ans	✔ A. लिटमस (Litmus)
	✘ B. वैनिला (Vanilla)
	✘ C. प्याज (Onion)
	✘ D. लवंग तेल (Clove oil)

Q.14	एक वैज्ञानिक ने एक बहुकोशिकीय जीव में प्रजनन प्रक्रिया का अवलोकन किया। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि पौधे द्वारा उपयोग नहीं की जाएगी?
Ans	✘ A. खंडन (Fragmentation)
	✘ B. मुकुलन (Budding)
	✘ C. कायिक प्रवर्धन (Vegetative Propagation)
	✔ D. द्वि-खंडन (Binary Fission)

Q.15	एक लड़का बल लगाकर किसी वस्तु को अपने सिर के ऊपर उठाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य ऋणात्मक है?
Ans	✘ A. वस्तु द्वारा किया गया कार्य
	✘ B. लगाए गए बल द्वारा किया गया कार्य
	✔ C. गुरुत्वीय बल द्वारा किया गया कार्य
	✘ D. लड़के द्वारा किया गया कार्य

Q.16	टोस्टर में, तापन तार (heating wire) लाल दीप्त होता है क्योंकि _____।
Ans	✘ A. इसमें धारा अति उच्च होती है
	✘ B. इसका गलनांक निम्न होता है
	✘ C. इसका प्रतिरोध शून्य होता है
	✔ D. यह धारा का प्रतिरोध करता है और गर्म हो जाता है

Q.17	जब बिंब को अवतल दर्पण से 40 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो बिंब का वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब, दर्पण से 30 cm की दूरी पर बनता है। दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना होगा?
Ans	✘ A. + 3/4
	✘ B. + 4/3
	✘ C. - 4/3
	✔ D. - 3/4

Q.18	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें। अभिकथन (A): तैलीय खाद्य पदार्थों को वायुरोधी बर्तनों में रखने से उनका खराब होना रुक जाता है। कारण (R): वायुरोधी बर्तन वसा और तेलों के ऑक्सीकरण को धीमा कर देते हैं।
Ans	✘ A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
	✔ B. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
	✘ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
	✘ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

Q.19	एक विद्यार्थी, अवतल लेंस द्वारा पर्दे पर निर्मित किए गए एक छोटे वास्तविक प्रतिबिंब को दर्शाता है। इसमें क्या गलती है?
Ans	✘ A. अवतल लेंस प्रकाश को अपवर्तित नहीं करता है।
	✔ B. अवतल लेंस वास्तविक प्रतिबिंब नहीं बना सकता है।
	✘ C. अवतल लेंस सदैव प्रकाश को अभिसरित करता है।
	✘ D. अवतल लेंस आवर्धित प्रतिबिंब नहीं बना सकता है।

VisitaWebsite-"QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.20	ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन पर कणों के बीच का स्थान किस प्रकार बदलता है?
Ans	✗ A. पदार्थ की अवस्था परिवर्तन के दौरान स्थान अपरिवर्तित रहता है
	✗ B. ठोस और गैस के कणों के बीच सदैव बराबर स्थान होता है
	✓ C. ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन होने पर स्थान बढ़ता जाता है
	✗ D. ठोस से गैस अवस्था में परिवर्तन होने पर स्थान कम होता जाता है

Q.21	एक सीलबंद सिरिंज जिसमें वायु भरी हुई है, के एक सिरे पर दाब आरोपित किया जाता है जबकि दूसरे सिरे को बंद रखा जाता है। सिरिंज के अंदर वायु की स्थिति के संदर्भ में इस क्रिया का सबसे संभावित परिणाम क्या होगा?
Ans	✗ A. सिरिंज से वायु पूरी तरह से निकल जाती है।
	✗ B. वायु का आयतन बढ़ जाता है और दाब कम हो जाता है।
	✗ C. उल्लेखनीय रूप से अंदर की वायु के तापमान का पतन हो जाता है।
	✓ D. वायु का आयतन कम हो जाता है और उसका दाब बढ़ जाता है।

Q.22	पादपों में भोजन का परिवहन करने वाले जटिल ऊतक को _____ कहा जाता है, और इसमें चालनी नलिकाएँ (sieve tubes) और _____ जैसी जीवित कोशिकाएँ होती हैं।
Ans	✗ A. ज़ाइलम, वाहिनिकाएँ
	✗ B. स्थूलकोण ऊतक, दृढ़ोतक
	✗ C. ज़ाइलेम, ज़ाइलेम तंतु
	✓ D. फ्लोएम, सहचर कोशिकाएँ

Q.23	कौन-सा संयोजी ऊतक, आंतरिक अंगों को सपोर्ट प्रदान करता है?
Ans	✗ A. कंडरा
	✓ B. एरियोली ऊतक
	✗ C. शल्की उपकला
	✗ D. स्नायु

Q.24	पौधों में रोग-जनक रोगाणु _____ के माध्यम से संचारित हो सकते हैं।
Ans	✗ A. मृदा
	✓ B. मृदा और वायु दोनों
	✗ C. न तो मृदा और न ही वायु
	✗ D. वायु

Q.25	जन्म के समय, बालिका के अंडाशय में _____ होते हैं।
Ans	✗ A. परिपक्व और अपरिपक्व दोनों अंडे
	✗ B. केवल परिपक्व अंडे
	✓ C. केवल अपरिपक्व अंडे
	✗ D. कोई अंडे नहीं

Section : **Mathematics**

Q.26	वह सबसे छोटी प्राकृत संख्या कौन-सी है जिसे 9054 में जोड़ा जाए जिससे परिणामी संख्या को 28, 24, 56 और 29 में से प्रत्येक से विभाजित करने पर शेषफल 6 बचे?
Ans	✗ A. 678
	✓ B. 696
	✗ C. 710
	✗ D. 695

VisitaWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.27	2 चॉकलेट और 3 कुकीज़ की कीमत ₹36 है। 1 चॉकलेट और 2 कुकीज़ की कीमत ₹23 है। 4 चॉकलेट और 5 कुकीज़ की कीमत कितनी होगी?
Ans	✔ A. ₹62
	✘ B. ₹52
	✘ C. ₹56
	✘ D. ₹66

Q.28	मान लीजिए कि A और B क्रमशः 8 और 10 भुजाओं वाले समबहुभुजों के कोण हैं, तो $\sin^2\left(\frac{A}{3}\right) + \cos^3\left(\frac{5B}{6}\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. $\frac{1}{4}$
	✘ B. $\frac{5}{8}$
	✔ C. $\frac{3}{8}$
	✘ D. $\frac{3}{4}$

Q.29	₹9,975 को A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B के हिस्से, B और C के हिस्से, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 2 : 3, 4 : 5 और 6 : 7 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. 1,490
	✘ B. 1,560
	✘ C. 1,460
	✔ D. 1,520

Q.30	निम्नलिखित को सरलीकृत कीजिए: $(3x^2 + 4x^2) \div 7x$
Ans	✘ A. $7x^2$
	✘ B. $\frac{12x}{7}$
	✘ C. x^2
	✔ D. x

Q.31	यदि किसी डेटा का बहुलक उसके माध्य से 34.8 अधिक है, तो बहुलक, माध्यिका से _____ अधिक होगा। (उत्तर ज्ञात करने के लिए आनुभविक सूत्र का उपयोग कीजिए)
Ans	✘ A. 26.9
	✔ B. 23.2
	✘ C. 19.3
	✘ D. 21.6

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.32	पाइप A एक टंकी को 33 मिनट में भर सकता है और पाइप B उसे 22 मिनट में भर सकता है। पाइप C इसे खाली कर सकता है। यदि सभी पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी 55 मिनट में भर जाएगी। पाइप C भरी हुई टंकी को कितने मिनट में खाली कर देगी?
Ans	✗ A. $14\frac{4}{19}$
	✗ B. $16\frac{6}{19}$
	✓ C. $17\frac{7}{19}$
	✗ D. $15\frac{5}{19}$

Q.33	एक पिता की वर्तमान आयु अपनी पुत्री की आयु की 4 गुनी है। पांच वर्ष पूर्व, पिता की आयु पुत्री की आयु की 7 गुनी थी। पुत्री की वर्तमान आयु कितनी है?
Ans	✗ A. 20 वर्ष
	✗ B. 15 वर्ष
	✗ C. 18 वर्ष
	✓ D. 10 वर्ष

Q.34	200 m लंबी एक ट्रेन की चाल 50 km/hr है। 600 m लंबे एक प्लेटफार्म को पार करने में उसे कितना समय लगेगा?
Ans	✗ A. 55 sec
	✗ B. 56 sec
	✗ C. 57 sec
	✓ D. 57.6 sec

Q.35	निम्नलिखित डेटा का बहुलक कितना है? 65, 86, 86, 85, 69, 90, 71, 60, 86, 71, 86, 65, 81, 82, 67, 72, 84, 66, 75, 85, 68, 78, 61, 64, 74, 90
Ans	✓ A. 86
	✗ B. 69
	✗ C. 85
	✗ D. 65

Q.36	एक दुकानदार ने एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,40,000 निर्धारित किया। उसने एक (पहली) वस्तु पर 30% और 18% की क्रमिक छूट दी तथा समान अंकित मूल्य वाली दूसरी वस्तु पर 48% की छूट दी। दुकानदार को दोनों वस्तुओं में से किस वस्तु पर अधिक लाभ हुआ और कितना हुआ?
Ans	✗ A. पहली वस्तु; ₹11,560
	✓ B. पहली वस्तु; ₹12,960
	✗ C. दूसरी वस्तु; ₹10,960
	✗ D. दूसरी वस्तु; ₹12,800

Q.37	ऋषि किसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। शान, ऋषि से 20% अधिक कुशल है। उसी काम को पूरा करने में शान को कितने दिन लगेंगे?
Ans	✗ A. 15
	✗ B. 12
	✓ C. 10
	✗ D. 20

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.38	$\tan 10^\circ \tan 18^\circ \tan 72^\circ \tan 80^\circ$ का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. $\tan 18^\circ$
	✓ B. 1
	✗ C. $\tan 80^\circ$
	✗ D. -1

Q.39	यदि एक आयत की लंबाई 7 m कम कर दी जाए और चौड़ाई 5 m बढ़ा दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल 21 m^2 कम हो जाता है, तथा यदि उसकी लंबाई 4 m बढ़ा दी जाए और चौड़ाई 5 m बढ़ा दी जाए, तो क्षेत्रफल 67 m^2 बढ़ जाता है। आयत का मूल क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 21 m2
	✗ B. 12.8 m2
	✗ C. 15.6 m2
	✗ D. 21.8 m2

Q.40	तीन उम्मीदवारों, M, N और R, वाले एक चुनाव में, उम्मीदवार M को कुल मतों में से 42% मत प्राप्त हुए, जबकि उम्मीदवार R को 34% मत प्राप्त हुए। यदि कुल डाले गए मतों की संख्या 37,700 थी और सभी मत वैध थे, तो उम्मीदवार N को कितने मत प्राप्त हुए?
Ans	✓ A. 9048
	✗ B. 9164
	✗ C. 9000
	✗ D. 9100

Q.41	दो-अंकों वाली अभाज्य युग्म संख्याओं (twin prime number) के पहले युग्म का योगफल ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 26
	✗ B. 28
	✗ C. 22
	✓ D. 24

Q.42	यदि x और 99 का माध्यानुपाती 66 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 44
	✗ B. 42
	✗ C. 43
	✗ D. 46

Q.43	एक मेज ₹1,400 में खरीदी गई और 6% की हानि पर बेची गई। उसका विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹1,314
	✗ B. ₹1,310
	✓ C. ₹1,316
	✗ D. ₹1,312

Q.44	5 m लंबाई और 3 m चौड़ाई वाली एक आयताकार पानी की टंकी में 1.5 m की गहराई तक पानी भरा हुआ है। गीले पृष्ठ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 24 m2
	✓ B. 39 m2
	✗ C. 36 m2
	✗ D. 54 m2

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.45	₹9,400 की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹12,838
	✗ B. ₹13,189
	✗ C. ₹14,133
	✓ D. ₹13,536

Q.46	सुधा का खर्च उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसका खर्च 4% कम हो जाता है और बचत 35% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?
Ans	✗ A. 11%
	✗ B. 14%
	✗ C. 12%
	✓ D. 9%

Q.47	एक वस्तु को 20% और 11% की दो क्रमिक छूट के बाद ₹8,900 में बेचा जाता है। वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) कितना है?
Ans	✗ A. 12,670
	✓ B. 12,500
	✗ C. 12,525
	✗ D. 12,495

Q.48	$\sqrt{121 \times 49} + \sqrt{64 \times 36} - \sqrt{100 \times 16}$ को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. 51
	✗ B. 72
	✓ C. 85
	✗ D. 95

Q.49	एक व्यक्ति का मासिक वेतन ₹9475 है। वह प्रति माह अपने वेतन का 88% बचत करता है। उसका मासिक व्यय ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹1168
	✗ B. ₹1053
	✗ C. ₹1114
	✓ D. ₹1137

Q.50	A और B एक ही समय पर क्रमशः X और Y बिंदुओं से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। रास्ते में मिलने के बाद, A और B को क्रमशः Y और X तक पहुँचने में क्रमशः 95.4 घंटे और p घंटे लगते हैं। यदि B की चाल, A की चाल से 50% अधिक है, तो p का मान कितना है?
Ans	✗ A. 40.4
	✗ B. 44.5
	✗ C. 43.8
	✓ D. 42.4

Section : **General Intelligence and Reasoning**

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.51	यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकों की संख्या पर आधारित है। (बाएं) 324 286 472 539 731 (दाएं) (उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7) नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं। यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?
Ans	✗ A. एक की भी नहीं
	✗ B. दो
	✓ C. तीन
	✗ D. एक

Q.52	निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)। (बाएं) 3 1 4 1 5 9 2 6 5 3 5 5 7 6 4 3 9 2 8 4 5 5 6 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?
Ans	✗ A. तीन
	✗ B. दो
	✗ C. एक
	✓ D. एक भी नहीं

Q.53	आरव, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, वह फिर बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। इसके बाद, वह फिर बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)।
Ans	✗ A. 4 km, दक्षिण की ओर
	✗ B. 3 km, दक्षिण की ओर
	✗ C. 4 km, उत्तर की ओर
	✓ D. 3 km, उत्तर की ओर

Q.54	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 154 ÷ 2 – 49 ÷ 7 + 10 × 5 + 28 × 7 – 25 ÷ 5 = ?
Ans	✗ A. 711
	✗ B. 618
	✗ C. 662
	✓ D. 770

Q.55	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, JUNC का संबंध QBUJ से है। इसी प्रकार, LWPE का संबंध SDWL से है। समान तर्क के आधार पर, GRKZ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✓ A. NYRG
	✗ B. BNHJ
	✗ C. NGTY
	✗ D. NRTU

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.56	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। आपको यह तय करना है कि कौन-सा/से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: सभी पंखे, बल्ब हैं। कुछ बल्ब, हीटर हैं। कुछ हीटर, गीजर हैं। निष्कर्ष (I): कुछ पंखे, हीटर हैं। निष्कर्ष (II): कुछ बल्ब, गीजर हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
	✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
	✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
	✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.57	दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? ED9 HF16 LI25 QM36 ?
Ans	✗ A. WR64
	✗ B. VR49
	✓ C. WR49
	✗ D. XT49

Q.58	किसी निश्चित कूट भाषा में, 'she is lovely' को 'kl pc cp' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'lovely paint here' को 'lk cp no' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'lovely' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? (सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं)
Ans	✓ A. cp
	✗ B. no
	✗ C. kl
	✗ D. pc

Q.59	यदि संख्या 3652497 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का गुणनफल क्या होगा?
Ans	✗ A. 24
	✗ B. 14
	✓ C. 21
	✗ D. 18

Q.60	यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा? 53 ÷ 13 + 391 × 17 – 289 = ?
Ans	✗ A. 915
	✗ B. 963
	✗ C. 972
	✓ D. 955

Q.61	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा? VZY 64 XBA 58 ZDC 52 BFE 46 ?
Ans	✗ A. DHM 39
	✓ B. DHG 40
	✗ C. DGF 39
	✗ D. DIF 40

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.62	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस समूह से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. GQ - LN
	✓ B. WH - BD
	✗ C. QK - VH
	✗ D. AE - FB

Q.63	उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।) (24, 11, 105) (38, 42, 240)
Ans	✗ A. (93, 12, 318)
	✓ B. (74, 34, 324)
	✗ C. (46, 53, 287)
	✗ D. (34, 62, 286)

Q.64	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 16 31 46 61 76 ?
Ans	✗ A. 89
	✗ B. 81
	✗ C. 99
	✓ D. 91

Q.65	अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से KGLO का संबंध QMRU से है। इसी प्रकार, NJOR का संबंध TPUX से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EAFI का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✗ A. KHLP
	✗ B. KHLO
	✗ C. KGLP
	✓ D. KGLO

Q.66	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके QOHY का संबंध WJLV से है। इसी प्रकार, NRBT का संबंध TMFQ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JRUF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
Ans	✓ A. PMYC
	✗ B. QMYD
	✗ C. PNZD
	✗ D. QNZC

VisitWebsite "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.67	निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 2 9 6 2 7 9 4 5 2 6 9 3 4 4 8 9 7 3 6 1 5 6 6 3 1 6 5 (दाएं) ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?
Ans	✗ A. 3
	✗ B. 0
	✗ C. 2
	✓ D. 1

Q.68	एंडी अपनी कक्षा में ऊपर से 11वें और नीचे से 15वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✓ A. 25
	✗ B. 27
	✗ C. 24
	✗ D. 26

Q.69	A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। D, B के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G, A के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। C के बाएं से गिनने पर, G और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. एक
	✓ B. दो
	✗ C. चार
	✗ D. तीन

Q.70	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✓ A. DY - IC
	✗ B. JQ - OV
	✗ C. SK - XP
	✗ D. EZ - JE

Q.71	सभी 119 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। Lkj दाएँ छोर से 7वें स्थान पर है जबकि lhg बाएँ छोर से 29वें स्थान पर है। Lkj और lhg के बीच कितने व्यक्ति हैं?
Ans	✗ A. 81
	✗ B. 80
	✓ C. 83
	✗ D. 82

Q.72	सात व्यक्ति S, Q, U, A, R, E और D उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के बाईं ओर केवल S बैठा है। S और U के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E और R के बीच केवल A बैठा है और E, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दायें छोर पर कौन बैठा है?
Ans	✓ A. D
	✗ B. U
	✗ C. A
	✗ D. S

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.73	A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, B के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। E, B के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। D और E का निकटतम पड़ोसी C है। A, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाएं से गिनने पर, F और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✔ A. चार
	✘ B. तीन
	✘ C. दो
	✘ D. पाँच

Q.74	दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए? 119 136 155 172 191 ?
Ans	✘ A. 205
	✔ B. 208
	✘ C. 210
	✘ D. 206

Q.75	एक निश्चित कूट भाषा में, 'VOLT' को '6428' के रूप में और 'LIFE' को '5761' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' का कूट क्या होगा?
Ans	✘ A. 2
	✔ B. 6
	✘ C. 5
	✘ D. 7

Q.76	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 89 94 99 104 109 ?
Ans	✔ A. 114
	✘ B. 115
	✘ C. 113
	✘ D. 116

Q.77	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं। **कथन:** सभी छड़ें, हुक हैं। कुछ हुक, विलोभक हैं। **निष्कर्ष:** (I): सभी छड़ें, विलोभक हैं। (II): कुछ विलोभक, छड़ें हैं।
Ans	✘ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✘ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✔ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
	✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.78	एक निश्चित कूट भाषा में, A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है', A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है', A x B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है', A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'। उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M + N x O - P ÷ Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. पति का भाई
	✗ B. पिता
	✓ C. पत्नी का पिता
	✗ D. पति का पिता

Q.79	निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं)। (बाएँ) / 8 & + ^ 1 + < # @ ^ \ 2 # $ 8 9 * 7 2 $ (दाएँ) ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. दो
	✓ B. तीन
	✗ C. एक
	✗ D. चार

Q.80	शहर A, शहर B के उत्तर में स्थित है। शहर D, शहर A के पूर्व में स्थित है। शहर D, शहर E के दक्षिण में स्थित है। यदि शहर E, शहर C के पश्चिम में स्थित है, तो शहर E के सापेक्ष शहर B की दिशा क्या होगी?
Ans	✓ A. दक्षिण-पश्चिम
	✗ B. पश्चिम
	✗ C. पूर्व
	✗ D. उत्तर

Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81	निम्नलिखित में से कौन-से पूर्व AIFF अधिकारी, जिन्होंने नागालैंड में विभिन्न खेल संघों में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था, का निधन 2025 में हुआ?
Ans	✗ A. सुब्रत दत्ता (Subrata Dutta)
	✗ B. सेवियो मेडेरा (Savio Medeira)
	✓ C. अतूओ मेज़ुर (Atuo Mezhür)
	✗ D. बाईचुंग भूटिया (Bhaichung Bhutia)

Q.82	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा 2025 में लॉन्च किए गए GoIStats ऐप का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?
Ans	✗ A. ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल भुगतान सेवाओं को सुगम बनाना
	✗ B. मनोरंजन सामग्री और सांस्कृतिक विरासत संबंधी अद्यतन जानकारी प्रदान करना
	✓ C. मंत्रालय के प्रमुख सामाजिक-आर्थिक आँकड़ों का संक्षिप्त विवरण (snapshot) प्रदान करना
	✗ D. किसानों को वास्तविक समय में कृषि मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराना

Q.83	मई 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और निम्नलिखित में से किस कंपनी पर जुर्माना लगाया?
Ans	✗ A. ब्रॉडरिज फाइनेंशियल सॉल्यूशंस (Broadridge Financial Solutions)
	✗ B. पेटीएम (Paytm)
	✓ C. ट्रांसैक्ट्री टेक्नोलॉजीज (Transactree Technologies)
	✗ D. रेज़रपे (Razorpay)

Visit Website "QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.84	जून 2025 में केरल उपचुनाव में कांग्रेस ने कौन-सी सीट जीती?
Ans	✗ A. कोट्टायम
	✓ B. निलाम्बुर
	✗ C. एर्नाकुलम
	✗ D. वायनाड

Q.85	भारत की निम्नलिखित में से किस प्रशासनिक संस्था ने 2025 में 100 वर्ष की सेवा पूरी की?
Ans	✗ A. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC)
	✗ B. भारत निर्वाचन आयोग (ECI)
	✓ C. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)
	✗ D. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)

Q.86	निम्नलिखित में से किस देश ने नई 48-टीम प्रारूप के अंतर्गत 2025 फीफा U-17 वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी?
Ans	✓ A. कतर
	✗ B. भारत
	✗ C. ब्राज़ील
	✗ D. रूस

Q.87	कृषि विज्ञान में उनके योगदान के लिए डॉ. आनंदरामकृष्णन को 2024 में कौन-सा प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया?
Ans	✗ A. भारत रत्न
	✗ B. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार
	✓ C. विज्ञान श्री पुरस्कार
	✗ D. पद्म भूषण

Q.88	विकसित भारत–G RAM G अधिनियम 2025 के तहत, प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष कितने दिनों का वैधानिक मजदूरी रोजगार सुनिश्चित है?
Ans	✗ A. 150 दिन
	✗ B. 100 दिन
	✗ C. 110 दिन
	✓ D. 125 दिन

Q.89	फरवरी 2025 में, किस भारतीय एथलीट ने 5000 m रेस में 12:59.77 के समय के साथ एशियाई शॉर्ट-ट्रैक (Asian short-track) रिकॉर्ड तोड़ा?
Ans	✗ A. अविनाश साबले
	✓ B. गुलवीर सिंह
	✗ C. जैकब किप्लिमो
	✗ D. यारेड नुगुसे

Q.90	मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 के विजेता डी. गुकेश किस खेल से संबंधित हैं?
Ans	✗ A. शूटिंग
	✓ B. शतरंज
	✗ C. हॉकी
	✗ D. बैडमिंटन

VisitWebsite"QuickSarkari.Com"

Join Telegram "QuickSarkari.Com"

Q.91	जून 2025 में भारतीय संरक्षण सम्मेलन–2025 (Indian Conservation Conference–2025) का उद्घाटन पूर्ण सत्र किस संस्थान में आयोजित किया गया था?
Ans	✗ A. भारतीय वानिकी अनुसंधान परिषद, जबलपुर
	✗ B. वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून
	✗ C. भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
	✓ D. भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून

Q.92	जनवरी 2025 में जारी आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति सातवां सबसे संवेदनशील देश बताया गया है। वर्ष 2024 में कितने प्रतिशत दिनों में गर्म हवाएं, चक्रवात और बाढ़ जैसी महत्वपूर्ण जलवायु घटनाएं देखी गईं?
Ans	✗ A. 85%
	✗ B. 95%
	✓ C. 93%
	✗ D. 90%

